4 **रायपुर संभाग** स्थानीय अधिकारियों से मिलीभगत कर निजी भूमि से...

6 **अभिमत** जम्मू कश्मीर आतंकी हमला

09 **शिक्षा एवं स्वास्थ्य** पांच मिनट की मुद्रा से गुस्सा कंट्रोल होगा : मूंधड़ा

10 **संस्कारधानी** खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर चार दिवसीय...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-64 मूल्य 3.00 ₹

# विकसित भारत बनाने में किसानों का योगदान महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री साय

## उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ फसल चक्र परिवर्तन, कृषि उत्पाद की पैकेजिंग एवं मार्केटिंग के लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता : नेताम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित भारत बनाने में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। खेती-किसानी को आधुनिक बनाने के साथ ही किसानों की आमदनी बढ़ाना छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से धान की खेती के साथ-साथ आमदनी बढ़ाने के लिए मत्स्य पालन, पशुपालन एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री साय राजधानी के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेले एवं प्रदर्शनी के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनते ही पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन पर हमने 13 लाख किसानों को धान के बकाये बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए अंतरित कर दी। हमने अपने वादे के अनुरूप 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का मूल्य दिया और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की। पिछले साल 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और राज्य सरकार द्वारा घोषित उपार्जन मूल्य तथा दो



साल का बकाया बोनस के माध्यम से किसानों के खाते में लगभग 49 हजार करोड़ रुपए अंतरित किये हैं। उन्होंने कहा कि चालू खरीफ मौसम में अच्छी फसल को देखते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए राज्य में बेहतर से बेहतर व्यवस्था की जाएगी। इस वर्ष 14 नवम्बर से धान खरीदी का काम शुरू होगा। इस साल भी रिकार्ड धान खरीदी का अनुमान है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि खेती-किसानी में युवाओं को जोड़कर इसे आधुनिक खेती की ओर आगे बढ़ाने के लिए कृषि मेले एवं उन्नत कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों के विकास एवं इसे किसानों तक पहुंचाने की दिशा में भी इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान है। एग्रीकल्चर की पढ़ाई की सुविधा अधिकाधिक युवकों को मिले और प्रदेश की खेती और संवर सकें, इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम बताया कि कृषि में स्वरोजगार के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ फसल चक्र परिवर्तन, कृषि उत्पाद की पैकेजिंग एवं मार्केटिंग के लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता है। बृजमोहन अग्रवाल, सांसद रायपुर ने बताया कि हमारे मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री स्वयं कृषक हैं इसलिए छत्तीसगढ़ में कृषि के क्षेत्र में निरंतर उन्नति हो रही है। छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के कारण वर्तमान में धान की खेती फायदे का सौदा है और फसल चक्र अपनाकर उद्यानिकी फसलों को शामिल कर कृषकों को आय बढ़ाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में विधायक धरसींवा अनुज शर्मा, विधायक दुर्ग गजेन्द्र यादव सहित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, प्रबंध मण्डल के सदस्यगण, विमल चावड़ा, रामसुमन उइके एवं जानकी सत्यनारायण चन्द्रा उपस्थित थे। उद्घाटन कार्यक्रम में 6 किसानों को मसूर की नई किस्म के मिनी किट प्रदान किये गये। एग्री कार्नीवाल में जॉब फेयर से चयनित 6 कृषि स्नातक विद्यार्थियों को भी विभिन्न कम्पनियों द्वारा आफर लेटर प्रदान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कॉफी टेबलबुक ''अग्रसर'' सहित अन्य कृषक उपयोगी प्रकाशनों का अतिथियों द्वारा विमोचन भी किया गया। कृषि स्टार्टअप के युवा उद्यमियों को अनुदान राशि का चेक भी प्रदान किया गया। एग्री कार्नीवाल में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 4 हजार किसान भाई-बहनों एवं लगभग 1 हजार विद्यार्थियों ने प्रक्षेत्र भ्रमण एवं प्रदर्शनी द्वारा कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने पहले दिल्ली की हवा प्रदूषित की, अब पानी को भी जहरीला बना रही : आतिशी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि भारतीय जन पार्टी ने गंदी राजनीति करते हुए



पहले राष्ट्रीय राजधानी की हवा प्रदूषित की और अब पानी को भी जहरीला बना रही है। आतिशी ने कहा कि भाजपा शासित हरियाणा द्वारा छोड़े जा रहे उद्योगों के प्रदूषित पानी से यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ा है। उन्होंने कहा है कि कालिंदी कुंज बैराज पर भी हरियाणा-उत्तर प्रदेश के उद्योगों से आ रहा जहरीला पानी यमुना को प्रदूषित कर रहा है, इससे नदी में झाग बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शासित हरियाणा-उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ी है।

**श्री रावतपुरा सरकार**
इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी
फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ
**बी.फार्मा**
**डी.फार्मा, एम.फार्मा**
काउंसलिंग की तिथि
07-10-24 से 11-10-24 तक
**7222910430/41**

### एनआरएमयू ने आगामी चुनाव के लिए किया नामांकन

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे में इस समय यूनियनो एवं फेडरेशनो की मान्यता के लिए चुनाव का शोर है। उत्तर रेलवे में भी कई रेल कर्मचारी यूनियन आगामी चार से छह दिसम्बर को होने वाले आगामी चुनाव मे भाग लेने के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर रही है। इसी क्रम में उत्तर रेलवे की सबसे संघर्षशील एवं रेल कर्मचारियो की अपनी यूनियन नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन (एनआरएमयू) जो पिछले दो बार के चुनावों में पहले नम्बर पर रही।

### शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कैपिटल गुड्स और पावर समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 138.74 अंक टूटकर 80,081.98 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.60 अंक उतरकर 24,435.50 अंक पर आ गया।

## पटेल की 150 वीं जयंती पर दो वर्ष तक राष्ट्रव्यापी समारोह

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार सरदार पटेल के महान योगदान के सम्मान स्वरूप उनकी 150वीं जयंती को 2024 से 2026 तक दो वर्ष तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी समारोह के रूप में मनाएगी। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस फैसले की घोषणा करते हुए एक पोस्ट में कहा कि दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्रों में से एक भारत के लोकतंत्र की स्थापना के पीछे एक विज़नरी के रूप में सरदार पटेल की स्थायी विरासत और कश्मीर से लक्षद्वीप तक भारत के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका अमिट है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार सरदार पटेल के महान योगदान के सम्मान स्वरूप उनकी 150वीं जयंती को 2024 से 2026 तक दो वर्ष तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी समारोह के रूप में मनाएगी।

## मैरिटल रेप पर टली सुनवाई, नयी पीठ करेगी सुनवाई

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने पत्नी के साथ जबरन शारीरिक संबंध स्थापित करने (मैरिटल रेप) को अपराध घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई नयी पीठ के गठन तक के लिए स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सुनवाई टालते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि 10 नवंबर को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि से पहले सुनवाई पूरा करना संभव नहीं होगा। उन्होंने पीठ की ओर से कहा, निकट भविष्य में सुनवाई पूरी करना संभव नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने 17 अक्टूबर को इस मामले में सुनवाई शुरू की थी। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन और करुणा नंदी ने दलीलें दी।

## सेना का दो दिन का रक्षा संवाद 'चाणक्य' कल से, राजनाथ करेंगे उद्घाटन

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सेना से मानेकशॉ सेंटर में अपने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, चाणक्य रक्षा संवाद के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसका उद्घाटन करेंगे। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस सेमिनार की थीम राष्ट्र निर्माण में चालकः व्यापक सुरक्षा के माध्यम से विकास को बढ़ावा देना। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नीति निर्धारण के दायरे में सुरक्षा तंत्र में समन्व्य पर महत्वपूर्ण चर्चा का अवसर प्रदान करेगा, और इसका उद्देश्य टिकाऊ तथा समावेशी विकास के लिए दूरदर्शी रणनीतियां तैयार करना है। इस कार्यक्रम में अमेरिका, रूस, इज़राइल और श्रीलंका के प्रमुख वक्ताओं के साथ भारत और विदेशों से नीति निर्माताओं, रणनीतिक विचारकों, शिक्षाविदों, रक्षा कर्मियों, वैज्ञानिकों और एसएमई का एक असाधारण समूह एक मंच पर एक साथ आएगा। यह संवाद राष्ट्रीय विकास में व्यापक सुरक्षा की भूमिका पर ध्यान केंद्रित करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत की दिशा में भारत के रणनीतिक मार्गों की पहचान करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे, जहां वह भारतीय सेना की हरित पहल 1.0 और आई ए 1.0 के डिजिटलीकरण का भी शुभारंभ करेंगे।

## राज्यों को हर तरह की शराब पर कर लगाने का अधिकार : शीर्ष न्यायालय

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने राज्यों के राजस्व की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए हर प्रकार की शराब पर कर लगाने के उनके अधिकार को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने इस मामले में बुधवार को 8:1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया और सात न्यायाधीशों की पीठ के पहले के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें व्यवस्था दी गयी थी कि औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन के नियंत्रण का अधिकार केंद्र सरकार को है। इस मामले को नव न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष वर्ष 2010 में रखा गया था। राज्यों के अधिकार के पक्ष में फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि औद्योगिक कार्यों में इस्तेमाल होने वाली अल्कोहल राज्य सूची की प्रविष्टि 08 के तहत 'मादक स्प्रिट' के अर्थ में आती है, इसलिए राज्य इसे विनियमित कर सकते हैं और कर लगा सकते हैं। पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि औद्योगिक शराब और उसे तैयार करने वाले कच्चे माल सहित सभी प्रकार की शराब पर कर लगाने का अधिकार राज्यों को है। शीर्ष अदालत का यह फैसला राज्य सरकारों के राजस्व में बड़ी वृद्धि करने वाला है। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने पीठ के अन्य सदस्यों के फैसले से असहमतिपूर्ण निर्णय दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रविष्टि 08 के तहत मादक स्प्रिट (लिकर) को पीने योग्य शराब तक सीमित नहीं किया जा सकता। संविधान की सातवीं अनुसूची की 52वीं प्रविष्टि में संसद को उन उद्योगों के सम्बन्ध में कानून बनाने का अधिकार दिया गया है जो लोक हित में उचित हो। पीठ ने कहा कि दोनों प्रविष्टियों के बीच कहीं-कहीं दोहराव (ओवरलैप) हो सकता है और इस तरह के परस्पर अतिक्रमण का समाधान यह है कि दोनों प्रविष्टियों को समायोजित किया जाए ताकि दोनों अनुसूचियों की कोई भी प्रविष्टि निरर्थक न हो। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ ने 1990 के निर्णय में कहा था कि प्रविष्टि 08 के तहत मादक स्प्रिट का अर्थ केवल पीने योग्य शराब से है और राज्य सरकारें औद्योगिक एल्कोहल पर कर नहीं लगा सकती हैं। न्यायालय की नौ सदस्यीय पीठ ने उस फैसले को पलट दिया। पीठ ने कहा कि राज्य सूची की प्रविष्टि 8 में राज्य को ÷मादक लिकर के उत्पादन, निर्माण, पास में रखना, लाना-ले जाना , खरीद और बिक्री के लिए

## प्रियंका गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया

वार्ता < वायनाड
www.dailypioneer.com



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आगामी 13 नवंबर को होने वाले वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। वाड्रा ने कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर डी. आर. मेघश्री के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। वह दोपहर करीब 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचीं और नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी करने में करीब 35 मिनट का समय लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, राज्यसभा सदस्य एवं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और एआईसीसी के संगठन सचिव के सी वेणुगोपाल नामांकन दाखिल करने के दौरान उनके साथ रहे। बाद में वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के प्रदेश अध्यक्ष पनक्कड़ शिहाबली थंगल भी उनके साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। सोनिया गांधी और वाड्रा मंगलवार को वायनाड पहुंच गयी थीं, जबकि खरगे और राहुल गांधी आज सुबह यहां पहुंचे। नामांकन दाखिल करने से पहले कलपेट्टा नए बस स्टैंड से कलपेट्टा तक करीब 10.30 बजे रोड शो शुरू हुआ। कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता करीब 1.5 किलोमीटर लंबे सामूहिक रोड शो में शामिल हुए, जो करीब तीन घंटे तक चला।

## चार 'आई' भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करेंगे : सीतारमण

वार्ता < फिलाडेल्फिया
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत बहुत ही महत्वपूर्ण मोड़ पर है और 2047 में विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य तय किया गया है तथा इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, इंवेस्टमेंट, इन्नोवेशन और इंक्लुशन चार 'आई' इसको साकार करने के मदद करेंगे। सीतारमण ने यहां पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन बिजनेस स्कूल में फायरसाइड चैट के दौरान यह बातें कही है। उन्होंने कहा जब आप भारत को आगे बढ़ने के तरीकों पर नज़र डालते हैं तो भारत बहुत ही महत्वपूर्ण मोड़ पर है। हमने 2047 में विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य तय किया है। बुनियादी ढांचा, जिसमें भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचा शामिल है। निवेश, जिसमें सार्वजनिक और निजी दोनों तरह के निवेश शामिल हैं। नवाचार और समावेशिताः ये 4 'आई' उस कठिन रास्ते को संबोधित करेंगे जिसके माध्यम से हम 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 51 से अधिक मंत्रालय और विभाग प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) का संचालन करते हैं। पिछले 8 वर्षों में संचयी रूप से 450 अरब डॉलर से अधिक का हस्तांतरण किया गया है। 8 वर्षों में, लगभग चार करोड़ डॉलर की चोरी से बचाई गई है। भारत का यह डिजिटल अनुभव चोरी, धोखाधड़ी वाले लेन-देन और भूतपूर्व खाताधारकों को कम करने का एक शानदार उदाहरण है। यह करदाताओं के पैसे के बारे में ज़िम्मेदार होने में एक बड़ा लाभ दे रहा है। सीतारमण ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी के लिए विकास, गरीबी हटाने और यह सुनिश्चित करने के बड़े एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं कि दुनिया हम सभी के रहने के लिए एक बेहतर जगह हो। हमने अपने नागरिकों को जो डिजिटल पहुँच प्रदान की है, वह एक बहुत शक्तिशाली साधन है और चूँकि उन्होंने प्रौद्योगिकी को अपनाया है, इसलिए हमने इसके परिणाम देखे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था नहीं होता अगर लोगों ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल न किया होता, जो उन्हें मुफ्त में उपलब्ध था। यह लोगों तक विभिन्न अभियानों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी अपनी स्थानीय भाषाओं में भी पहुँचा। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) ने भारत के लोगों तक पहुँच के लोकतंत्रीकरण में क्रांति ला दी है।

### ब्रिक्स देशों के बीच लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखलाओं की कनेक्टिविटी बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही

## पीएम मोदी ने ब्रिक्स समूह के बीच वित्तीय एकीकरण, आपसी व्यापार में अपनी मुद्राओं के प्रयोग पर दिया बल

पायनियर संवाददाता < कज़ान (रूस)
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स समूह के विस्तार के साथ इसकी आर्थिक शक्ति को रेखांकित करते हुए सदस्यों से देशों के बीच पर्यावरण अनुकूल तकनीक को प्रोत्साहित करने में सहयोग और वित्तीय एकीकरण एवं पारस्परिक व्यापार में स्थानीय मुद्राओं के प्रयोग की व्यवस्था करके आर्थिक सहयोग को अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। मोदी रूस की अध्यक्षता में यहां आयोजित 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के खुले पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि नए विस्तारित स्वरूप में ब्रिक्स विश्व की 40 प्रतिशत मानवता और लगभग 30 प्रतिशत अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले लगभग दो दशकों में, ब्रिक्स ने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। हमारा विश्वास है कि आने वाले समय में यह संगठन वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए और अधिक प्रभावी माध्यम बन कर के उभरेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं न्यू डेवेलपमेंट बैंक (एनडीबी) की अध्यक्षा दिलमा रूसेफ़ का अभिनंदन करता हूँ। पिछले दस वर्षों में, यह बैंक ग्लोबल साउथ (दक्षिणी गोलार्ध के विकासशील देशों) के विकास के लिए महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में उभर रहा है। भारत के गिफ्ट सिटी के साथ-साथ, अफ्रीका तथा रूस में क्षेत्रीय केंद्रों के खुलने से इस बैंक की गतिविधियों को बल मिला है और लगभग 35 अरब डॉलर की विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि एनडीबी को मांग आधारित सिद्धांत पर काम करते रहना चाहिए और, बैंक का विस्तार करते हुए, दीर्घकालिक वित्तीय मजबूती, निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग व्यवस्था और निर्यात बाजार में प्रवेश की आसानी सुनिश्चित करने पर प्राथमिकता रहनी चाहिए। मोदी ने कहा, नए स्वरूप में, ब्रिक्स 30,000 अरब डॉलर से भी ज्यादा बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे आर्थिक सहयोग को बढ़ाने में ब्रिक्स बिज़नेस काउंसिल और ब्रिक्स वीमेन बिज़नेस अलायन्स की विशेष भूमिका रही है। इस वर्ष, ब्रिक्स के अंदर डब्लूटीओ सुधार, कृषि व्यापार सुविधा, टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला, ई-कॉमर्स और विशेष आर्थिक प्रक्षेत्र को लेकर जो सहमति बनी है, उससे हमारे आर्थिक सहयोग को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सब पहलों के बीच समूह को लघु और मध्यम उद्योगों के हितों पर भी फोकस करना चाहिए। उन्होंने इस वर्ष ब्रिक्स स्टार्ट अप्स फोरम इस वर्ष शुरू किए जाने का भी उल्लेख किया जिसका प्रस्ताव 2021 में भारत की अध्यक्षता में किया गया था। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा लिया गया रेलवे रिसर्च नेटवर्क की पहल भी ब्रिक्स देशों के बीच लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखलाओं की कनेक्टिविटी बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। इस साल ब्रिक्स देशों में, यूनिडो के साथ मिलकर, इंडस्ट्री 4.0 (डिजिटलीकृत विनिर्माण) के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने पर बनी सहमति बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 2022 में पेश किया गया ब्रिक्स वैक्सीन अनुसंधान एवं विकास केंद्र सभी देशों की स्वास्थ्य सुरक्षा बढ़ाने में मदद कर रहा है। हमें डिजिटल स्वास्थ्य में भारत का सफल अनुभव ब्रिक्स साझीदारों के साथ साझा करने में खुशी होगी। जलवायु परिवर्तन हमारी साझी प्राथमिकता का विषय रहा है।

## बिरला ने चेन्नम्मा की प्रतिमा पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर कित्तूर रानी चेन्नम्मा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, प्रल्हाद जोशी, जल शक्ति और रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और अन्य विशिष्टजनों ने भी इस अवसर पर रानी चेन्नम्मा को श्रद्धांजलि दी। रानी चेन्नम्मा ने 19वीं शताब्दी की शुरुआत में ब्रिटिश सेना के खिलाफ उस समय युद्ध का नेतृत्व किया, जब अधिकतर भारतीय शासक अंग्रेजों के बुरे इरादों से परिचित नहीं थे। वह ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व करने वाली पहली भारतीय महिला स्वतन्त्रता सेनानियों में शामिल थीं। ग्यारह सितंबर, 2007 को भारत की तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने संसद परिसर में रानी चेन्नम्मा की प्रतिमा का अनावरण किया था। रानी चेन्नम्मा स्मारक समिति द्वारा भेंट की गयी इस प्रतिमा के शिल्पकार विजय गौड़ हैं।


## राजस्थान में बस-ट्रौले की टक्कर में तीन लोगों की मौत, 47 घायल

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में कोटपुतली क्षेत्र में दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय मार्ग पर बुधवार को बस और ट्रौले की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी तथा 47 अन्य घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजमेर से दिल्ली जा रही स्लीपर बस सुबह करीब पांच बजे कोटपुतली में कंपरपुरा के पास ट्रौला से टकरा गयी। इससे बस में सवार करीब 50 लोग घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को नजदीक के राजकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां तीन लोगों की मौत हो गयी। गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज के लिए जयपुर भेजा गया है। घटना के बाद ट्रौला चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर और पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये। उधर हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि सड़क हादसे में कई लोगों की हुई असमय मृत्यु अत्यंत दुखद है। इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। उन्होंने कहा, ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को इस असीम पीड़ा को सहन करने की शक्ति दें। इस घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

## मुख्यमंत्री यादव ने भगवान महामृत्युंजय की पूजा-अर्चना की

**रीवा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहाँ किला परिसर में स्थित भगवान महामृत्युंजय के मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना ओर आरती की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ यादव ने यहाँ रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होने के पहले किला परिसर स्थित भगवान महामृत्युंजय के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की। उन्होंने महामृत्युंजय से प्रदेशवासियों के कल्याण और प्रदेश के विकास की मंगल कामना की है। यहाँ कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में डॉ. यादव का बघेलखण्ड के लोक कलाकारों द्वारा बघेली संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत का आकर्षण गुदुम नृत्य रहा। कार्यक्रम में प्रस्तुत लोक संगीत की गूंज से परिसर मंत्र-मुग्ध हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उद्योगपति स्व. रतन टाटा की रंगोली से बनाए गए चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने देश के विकास में स्व. टाटा द्वारा किए गए प्रयासों को याद किया तथा उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व की सराहना की।



# जल और हरियाली के बीच ही जीवन सुरक्षित : नीतीश

पायनियर संवाददाता < सुपौल
www.dailypioneer.com



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जल और हरियाली की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि जल और हरियाली के बीच ही जीवन सुरक्षित है। कुमार ने सुपौल जिले अंतर्गत 22,497.73 लाख रुपये की 99 योजनाओं का उद्घाटन तथा 26,919.17 लाख रुपये की लागत वाली 112 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सुपौल जिले के किशनपुर प्रखंड स्थित मलाढ़गांव के वार्ड नंबर-12 (महादलित टोला) का भ्रमण कर विकासात्मक योजनाओं का जायजा भी लिया। मुख्यमंत्री ने भ्रमण के क्रम में सार्वजनिक पोखर में छठ घाट निर्माण, मिट्टी सह पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य एवं मलाढ़ पंचायत के 4 वार्डों में सोलर लाइट लगाने के कार्य से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने सार्वजनिक पोखर का मुआयना किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक पोखर में मछली का जीरा (मत्स्य अंगुलिका) भी छोड़ा। उन्होंने कहा कि जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत सरकार ने सभी सार्वजनिक कुआं, तालाब, पोखर आदि का जीर्णोद्धार कराया है। जल और हरियाली के बीच ही जीवन सुरक्षित है इसलिए लोगों को जल और हरियाली की महत्ता समझनी चाहिए।

## उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने दिल्ली-एनसीआर में मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर भारत चना दाल के दूसरे चरण की खुदरा बिक्री का शुभारंभ किया

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज नई दिल्ली में एनसीसीएफ, नेफेड और केंद्रीय भंडार की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर दिल्ली-एनसीआर में भारत चना दाल चरण-II की खुदरा बिक्री का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री बीएल वर्मा और निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया भी उपस्थित रहे। भारत चना दाल के दूसरे चरण में मूल्य स्थिरीकरण बफर से 3 लाख टन चना स्टॉक को चना दाल और साबुत चना उपभोक्ताओं को क्रमशः 70 रुपये प्रति किलोग्राम और 58 रुपये प्रति किलोग्राम की खुदरा बिक्री मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। चने के अलावा, सरकार ने भारत ब्रांड में मूंग और मसूर दालों को भी शामिल किया है। भारत मूंग दाल 107 रुपये प्रति किलोग्राम, भारत मूंग साबुत 93 रुपये प्रति किलोग्राम और भारत मसूर दाल 89 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेची जाती है। भारत चना दाल की फिर से शुरुआत होने से इस त्योहारी सीजन में दिल्ली-एनसीआर के उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति बढ़ जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए जोशी ने कहा कि यह पहल उपभोक्ताओं को किफायती मूल्य पर आवश्यक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करती है। चावल, आटा, दाल और प्याज जैसी बुनियादी खाद्य पदार्थों की खुदरा बिक्री के माध्यम से सीधे सरकारी हस्तक्षेप ने भी स्थिर मूल्य व्यवस्था बनाए रखने में मदद की है। दालों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए केंद्र ने कई नीतिगत कदम उठाए हैं। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने हर साल दालों के एमएसपी में बढ़ोतरी की है और 2024-25 सीजन में तुअर, उड़द और मसूर के लिए बिना किसी तय सीमा के खरीद नीति की घोषणा भी की है। खरीफ 2024-25 बुआई सीजन के दौरान एनसीसीएफ और नैफेड ने सुनिश्चित खरीद के लिए जागरूकता अभियान, बीज वितरण और किसानों का पूर्व-पंजीकरण किया था और आगामी रबी बुआई सीजन में भी इन गतिविधियों को जारी रखा जा रहा है। घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और निर्बाध आयात को सुगम बनाने के लिए, सरकार ने 31 मार्च, 2025 तक तुअर, उड़द, मसूर और चना के शुल्क रहित आयात और 31 दिसंबर, 2024 तक पीली मटर के आयात की अनुमति दी है।

## केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह 24 अक्टूबर 2024, को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम पूर्वानुमान का शुभारंभ करेंगे

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

पंचायती राज मंत्रालय, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से, 24 अक्टूबर 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में ग्राम पंचायतों को 5 दिनों का दैनिक मौसम पूर्वानुमान और हर घंटे मौसम पूर्वानुमान की सुविधा प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत-स्तरीय मौसम पूर्वानुमान की एक ऐतिहासिक पहल शुरू करने जा रहा है। ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर आपदा से निपटने की पूर्व तैयारी के उद्देश्य से की गई इस पहल से देश भर के किसानों और ग्रामीणों को लाभ होगा। सरकार के 100 दिनों के एजेंडे के हिस्से के रूप में, यह पहल जमीनी स्तर पर शासन को मजबूत बनाने, दीर्घकालिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने, ग्रामीण आबादी को अधिक जलवायु अनुकूल बनाने और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए कारगर साबित होगी। मौसम विभाग द्वारा विस्तारित सेंसर कवरेज के साथ ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय मौसम पूर्वानुमान पहली बार उपलब्ध होंगे। मौसम संबंधी पूर्वानुमानों को मंत्रालय के डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ई-ग्राम स्वराज के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। ई-ग्राम स्वराज कुशल शासन, परियोजना ट्रैकिंग और संसाधन प्रबंधन को सक्षम बनाता है; मेरी पंचायत ऐप, नागरिकों को स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने और अपनी समस्याओं उन तक पहुंचाने की अनुमति देकर सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देता है; और ग्राम मानचित्र, एक स्थानिक नियोजन उपकरण है जो विकास परियोजनाओं के लिए भू-स्थानिक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। उद्घाटन समारोह में पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह, पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल, पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव देवेश चतुर्वेदी, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन, भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा, पंचायती राज मंत्रालय के संयुक्त

## चक्रवाती तूफान दाना के पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटों पर टकराने की आशंका के मद्देनज़र भारतीय तटरक्षक बल ने एहतियाती उपाय किए

**नई दिल्ली।** चक्रवाती तूफान दाना के 24-25 अक्टूबर, 2024 को पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटों से टकराने की आशंका है, जिसे देखते हुए इसलिए भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) क्षेत्र (उत्तर-पूर्व) ने समुद्र में जान-माल की सुरक्षा के लिए कई एहतियाती उपाय किए हैं। आईसीजी स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहा है और चक्रवात से उत्पन्न होने वाली किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। आईसीजी ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा में जहाजों, विमानों और रिमोट ऑपरेटिंग स्टेशनों को मछुआरों और नाविकों को मौसम की नियमित चेतावनी और सुरक्षा सलाह प्रसारित करने का काम सौंपा है। ये अलर्ट मछली पकड़ने वाले सभी जहाजों को लगातार भेजे जा रहे हैं और उनसे तुरंत किनारे पर लौटने तथा सुरक्षित आश्रय लेने का आग्रह किया जा रहा है। आईसीजी ने अपने जहाजों और विमानों को समुद्र में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया है। इसके अतिरिक्त, आईसीजी के कर्मचारी त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। तटीय क्षेत्र के मछुआरा समुदायों को विभिन्न चैनलों, जिसमें गांव के प्रधान भी शामिल हैं।

## बेंगलुरु में इमारत हादसा : मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हुयी

एजेंसी < बंगलुरु
www.dailypioneer.com

कर्नाटक की राजधानी बेंगलरु के बाबूसपाल्या में निर्माणाधीन सात मंजिला इमारत के ढहने से मंगलवार को मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना सोमवार देर रात हुयी। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने स्थानीय पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों के साथ मिलकर मलबे में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए छह और शव बरामद किये। उन्होंने बताया कि इस घटना में बिहार, चित्तूर (आंध्र प्रदेश) और यादगीर (कर्नाटक) के 21 मजदूर फंसे हुये थे। अधिकारियों ने मालिक के पुत्र भुवन रेड्डी और ठेकेदार मुनियप्पा को उनकी संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, इमारत को केवल चार मंजिल तक बनाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन सात मंजिल का निर्माण किया जा रहा था। अब तक 13 लोगों को बचाया जा चुका है और छह को बेंगलुरु नॉर्थ तथा होसमत अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल का दौरा करने वाले उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, ढहने की वजह घटिया सामग्री का इस्तेमाल है। भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए पूरी जांच की जाएगी।

## बस के खाई में गिरने से 25 यात्री घायल

**कडप्पा, एपी।** आंध्रप्रदेश के वाईएसआर जिले के पुलिवेंदुला में आंध्रप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) की एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 25 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बस कादिरी से पुलिवेंदुला जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। पुलिवेंदुला शहर के बाहरी इलाके में एक डंपिंग यार्ड के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन से बचने के लिए अचानक ब्रेक लगाने के बाद चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस गहरी खाई में गिर गई। इस घटना में करीब 25 बस यात्री घायल हुये। घायलों को जीजीएच में भर्ती कराया गया जहां दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। एमएलसी भूमिरेड्डी रामगोल रेड्डी और नगरपालिका अध्यक्ष वारा प्रसाद ने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

## विस्फोटक अधिनियम के प्रकरणों में पूर्व के अपराधियों पर रखी जाए कड़ी नजर : एसपी

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध पटाखों के क्रय-विक्रय, निर्माण एवं विस्फोटक अधिनियम संबंधी प्रकरणों में पूर्व के अपराधियों को चिन्हित कर उन्हें सूचीबद्ध किया जाकर ऐसे अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखें और उनके विरूद्ध आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाए। एसपी सौरभ ने निर्देशों में कहा कि संपूर्ण जिले में इसके लिए विशेष अभियान संचालित कराया जाए। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अति पुलिस अधीक्षक डॉ अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन में कल थाना कोतवाली पुलिस द्वारा इस्लामपुरा क्षेत्र में अवैध पटाखा/ विस्फोटक अधिनियम संबंधी प्रकरण के पूर्व अपराधी पप्पू निवासी टंच रोड इस्लामपुरा एवं इकबाल निवासी इस्लामपुरा के घरों पर सघन चैकिंग की गयी। इसी प्रकार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी पुलिस द्वारा विस्फोटक अधिनियम / अवैध पटाखों संबंधी प्रकरणों के पूर्व के अपराधियों के निवास स्थानों/दुकानों पर सघन चैकिंग की जाकर उनकी गतिविधियों के संबंध में जानकारी संकलित की गई एवं उनसे पूछताछ उपरांत उन्हें हिदायत दी गई कि यदि पुनः अवैध पटाखा निर्माण/क्रय-विक्रय संबंधी अपराध में संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा निरंतर विस्फोटक अधिनियम संबंधी प्रकरणों में पूर्व के अपराधियों की सतत चैकिंग संबंधी कार्यवाही जारी रहेगी। साथ ही पटाखों के गोदामों आदि पर भी चैकिंग की जाएगी।

## प्रदेश सरकार माफिया के आगे नतमस्तक : पटवारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी में मादक पदार्थ रखे जाने से जुड़ी खबरों को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार माफिया के आगे नतमस्तक है और सरकार ड्रग्स माफिया को रोकने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। पटवारी ने एक्स पोस्ट में कहा, ''दिल्ली-मुंबई में 646 किलो हेरोइन पकड़ी गई, जो मध्य प्रदेश के शिवपुरी से पूरे देश में सप्लाई हो रही थी। इस जब्ती ने फिर साबित कर दिया है कि मध्य प्रदेश में ड्रग्स माफिया का आतंक चरम पर है, और भाजपा सरकार इसे रोकने में पूरी तरह विफल रही है। आए दिन बाहरी एजेंसियाँ प्रदेश में ड्रग्स माफिया के नेटवर्क का भंडाफोड़ कर रही हैं, लेकिन प्रदेश सरकार माफिया के आगे नतमस्तक हो चुकी है। एक तरफ इनके एक मंत्री के करीबी ड्रग्स रैकेट में पकड़े जाते हैं, वहीं दूसरे मंत्री मंच से कहते हैं, मुझे अच्छी तरह पता है कि यह ड्रग्स कहाँ बनता है और कहाँ बिकता है। फिर भी मुख्यमंत्री जी ने ड्रग्स माफिया पर कोई लगाम नहीं लगाई। सरकार की इस ड्रग्स माफिया के साथ साँठगाँठ उजागर हो रही है। उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अब प्रदेश पूरे देश में नशे की सप्लाई का केंद्र बन रहा है, और सरकार आँखें मूंदकर बैठी है। राज्य सरकार ने हर घर रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन हर घर को सिर्फ नशा दे रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने इस सप्ताह नशे के एक बड़े रैकेट का खुलासा किया है, जिन्होंने कथित तौर पर अपना केंद्र मध्यप्रदेश को बना रखा था।

## पीड़ित परिवार से मुलाकात के लिए जा रहे भाजपा समर्थकों को पुलिस ने रोका

एजेंसी < जयगांव
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले के जयगांव में हुई एक दुखद घटना में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना को लेकर पीड़ित परिवार से मुलाकात करने जा रहे भारतीय जनता पार्टी समर्थकों को पुलिस ने बीच में ही रोक दिया। इस घटना ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है और विपक्षी दल भाजपा ने पश्चिम बंगाल सरकार पर इस मामले में विफलता का आरोप लगाया है। वहीं राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर इस मामले पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा सांसद राजू बिस्टा ने कहा, यह घटना पश्चिम बंगाल सरकार की विफलता का एक और उदाहरण है, जो नागरिकों की सुरक्षा में असफल रही है, खासकर बच्चों की। पुलिस ने विपक्षी दल के नेताओं को पीड़ित परिवार से मिलने से रोका, जो दर्शाता है कि पुलिस सरकार के दबाव में काम कर रही है। इस मामले में पुलिस ने अब तक एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, लेकिन दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। स्थानीय निवासी न्याय की मांग कर रहे हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार को त्वरित न्याय देने और अपराधियों को कड़ी सजा देने की भी मांग की है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है, और वे आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## आईटीयू केलिडोस्कोप 2024 के दूसरे दिन के सत्रों में सतत विकास के लिए अत्याधुनिक एआई नवाचारों का उल्लेख

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



आईटीयू केलिडोस्कोप 2024 के कल नई दिल्लीद्द में सम्पगन्नम हुए दूसरे दिन के सत्रों के दौरान एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित परिवर्तनकारी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया, जिनके माध्योम से सतत विकास को आगे बढ़ाया जा रहा हैं। मैरी कारमेन अगुआयो टोरेस की एक विशेष प्रस्तुति के साथ प्रारम्भग हुए इस दिवस के दौरान विशेष रूप से महिलाओं की तकनीकी क्षेत्रों में अधिक भागीदारी के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से समावेशी प्रौद्योगिकी समाधानों पर बल दिया गया। स्पेन के बास्क कन्ट्रील विश्वविद्यालय की ईवा इबारोला ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से लड़कियों को प्रौद्योगिकी से जुड़ने तथा सतत विकास के लिए अनुप्रयोग और सेवाओं पर प्रस्तुति सत्र की अध्यक्षता की। दूरसंचार विभाग के सदस्य (सेवाएं) रोहित शर्मा और आईईटीई के अध्यक्ष सुनील कुमार ने सतत विकास के लिए सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और नीतिगत पहलुओं पर सत्र की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सतत विकास के लिए एआई अनुप्रयोगों में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रस्तुत की गई। विषयों में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कृषि पर एआई का प्रभाव, एआई-संचालित निदान और ग्रामीण शिक्षा तक पहुंच में एआई की भूमिका पर चर्चा शामिल थी। सत्रों के दौरान चर्चा में आईओटी अनुप्रयोगों में साइबर सुरक्षा के महत्व पर भी जोर देने के साथ-साथ सामग्री निर्माण में एआई के नैतिक निहितार्थों की भी जानकारी ली गई। समग्र रूप से इस कार्यक्रम ने संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का समर्थन करने वाली प्रौद्योगिकियों के विकास में नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित किया। दोपहर के पोस्टर सत्र में जीवंत शोध सहयोग को प्रोत्साहन दिया गया, जिसमें शिक्षा में एआई की भूमिका और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए अंतरिक्ष प्रणालियों के उपयोग को शामिल किया गया। दूरसंचार विभाग के डिजिटल संचार आयोग के सदस्य (सेवाएं) रोहित शर्मा ने कहा, आईटीयू केलिडोस्कोप 2024 ने प्रौद्योगिकी और स्थिरता के परस्पयर-प्रतिच्छेदन की खोज के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है। कृषि आईओटी उपकरणों के साइबर सुरक्षा निहितार्थों से लेकर एआई-जनरेटेड कॉपीराइट की जटिलताओं और आईसीटी समाधानों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कराधान के भविष्य तक, चर्चाओं ने यह सुनिश्चित करने में वैश्विक सहयोग के महत्व का उल्लेख किया है।

## राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म शासकीय कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : नीलकंठ

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव नीलकंठ एस. अव्हाड़ ने कोलैबफाइल्स, ईटीएएल और गवर्नमेंट सिक्योर इंट्रानेट वेब पोर्टल पर एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म वास्तव में कुशल, पारदर्शी और सुरक्षित प्रणालियों को सक्षम करके शासन को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिये रीढ़ की हड्डी के रूप में काम करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि नीतियां और सेवायें अधिक उत्तरदायी हैं। यह कार्यशाला राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा पंजाब के शासन सुधार विभाग (डीजीआर) के सहयोग से एमजीएसआईपीए में आयोजित की गयी थी। कार्यशाला में पंजाब सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। नीलकंठ एस. अव्हाड़ ने इस बात पर जोर दिया कि इन प्लेटफॉर्म की पूरी क्षमता का उपयोग तभी किया जा सकता है, जब विभागों के बीच निर्बाध सहयोग हो। कई बार, विभिन्न सरकारी निकायों की अलग-अलग कार्यप्रणाली इन प्लेटफॉर्म के लाभों को सीमित कर देती है। उनकी पूरी क्षमता का दोहन करने के लिये, बेहतर डेटा एकीकरण, अंतर-विभागीय संचार और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने की आवश्यकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म और डेटा-संचालित शासन के महत्व पर अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम इस अप्रयुक्त क्षमता को उजागर करने में एक लंबा रास्ता तय करेंगे। उन्होंने कहा कि वास्तविक समय में बड़ी मात्रा में डेटा को संग्रहीत, संसाधित और विश्लेषण करने की क्षमता ऐसी अंतर्दृष्टि प्रदान करती है जो सेवा वितरण, जवाबदेही और सार्वजनिक विश्वास को बेहतर बना सकती है। अतिरिक्त सचिव स्कूल शिक्षा परमिंदर पाल सिंह संधू ने भी डिजिटल पहल की अगुवाई करने के लिए एनआईसी पंजाब की पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन में, एनआईसी पंजाब के उप महानिदेशक एवं राज्य समन्वयक श्री आईपीएस सेठी ने आईसीटी पहलों का राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत किया।

## लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान 4.0 के तहत इस्पात मंत्रालय की मध्यावधि प्रगति समीक्षा

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



इस्पात मंत्रालय ने अपने सरकारी उपक्रमों (सीपीएसई) के सहयोग से 02 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान (एससीडीपीएम) 4.0 को लागू करने के लिए प्रयास शुरू करते हुए कार्य योजनाएं तैयार की हैं। एससीडीपीएम का उद्देश्य संसद सदस्य (एमपी), प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), वीआईपी और कैबिनेट, राज्य सरकार, सीपीजीआरएएम मामले और अन्य महत्वपूर्ण मामलों सहित विभिन्न श्रेणियों में लंबित संदर्भों पर व्यवस्थित रूप से विचार करते हुए उनका निपटारा करना है। एससीडीपीएम 4.0 की मध्यावधि प्रगति महत्वपूर्ण उपलब्धियों को उजागर करती है, जिसमें संसद सदस्यों के 87 प्रतिशत संदर्भों का पहले ही जवाब दिया जा चुका है और 80 प्रतिशत जन शिकायत लक्ष्य प्राप्त हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त कचरे का निपटारा और फाइलों की छंटाई कर 9,690 फाइलों को हटाया गया, जिससे 21,379 वर्ग फीट जगह खाली हुई। 375 के लक्ष्यों में से अब तक 159 स्वच्छता अभियान चलाए जा चुके हैं। इसकी प्रगति की प्रभावी निगरानी के लिए सीपीएसई के नोडल अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। मेकॉन दिल्ली कार्यालय में जारी विशेष अभियान 4.0 के तहत वन स्टॉप सेंटर के पदाधिकारियों ने नालों की सफाई, घास काटने और स्वच्छता संबंधी अभियान चलाया। पहले बाद में भिलाई (सेल) में वन स्टॉप कार्यकर्ताओं ने डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वच्छता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सड़कों, कार्यालय और उद्यान में सफाई अभियान चलाया। एमएसटीसी ने अपने कर्मचारियों और जनता के बीच एससीडीपीएम 4.0 के महत्व के बारे में जागरूकता का प्रसार किया। इस्पात मंत्रालय ने इस विशेष अभियान 4.0 के तहत अपनी इकाइयों में स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल की हैं।

## आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में राजनीतिक दलों का सहयोग अपेक्षित : के. रवि कुमार

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल विधानसभा निर्वाचन में अपने स्टार प्रचारकों के लिए वाहनों की सूची उपलब्ध करते हुए उनके पास संग्रहित कर लें। उन्होंने कहा कि स्टार प्रचारकों द्वारा इस्तेमाल में लाए जाने वाले वाहनों की सूची भी अवश्य उपलब्ध करा दें। वह निर्वाचन सदन में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। कुमार ने कहा कि राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं तक आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देशों की वृहत जानकारी उपलब्ध कराएं । स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग अपेक्षित है।

## खान मंत्रालय ने फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (एफआईएमआई) के सहयोग से खनन में राज्य की सर्वोत्तम कार्य प्रणाली पर अध्ययन पर

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

खान मंत्रालय ने फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (एफआईएमआई) के सहयोग से आज दिल्ली में खनन में राज्य की सर्वोत्तम कार्य प्रणाली पर अध्ययन पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसमें 20 राज्यों के खनन उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस संवादात्मक कार्यशाला का उद्देश्य राज्यों द्वारा की गई विभिन्न पहलों और नीतिगत सुधारों पर समझ बनाना है। इस अध्ययन का उद्देश्य उन विभिन्न सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों का आकलन और पहचान करना है जिन्हें राज्य सरकारों ने अपने अधिकार क्षेत्र में लागू/अपनाया है और यह प्रदर्शित करना है कि खनन क्षेत्र का विकास और बेहतर बनाने के लिए अन्य राज्य इन प्रणालियों को कैसे दोहरा/अपना सकते हैं। यह अध्ययन राज्य खनन सूचकांक विकसित करने के लिए मंत्रालय के चल रहे कार्य का पूरक होगा, जिसकी रूपरेखा राज्यों को डेटा प्रस्तुत करने के लिए सितंबर में जारी की गई थी। खान मंत्रालय में सचिव वी.एल. कांथा राव कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि थे। अपने मुख्य भाषण में राव ने नवीन नीतियों, पहलों और प्रशासनिक उपायों को पेश करके एक मजबूत नियामक वातावरण को बढ़ावा देने में राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जो इस क्षेत्र की प्रभावशाली और सतत विकास को आगे बढ़ाते हैं। अध्ययनों को सफलतापूर्वक पूरा करने में राज्यों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण होने पर जोर देते हुए, उन्होंने राज्यों के प्रतिनिधियों को उनके द्वारा लागू/ अपनाई गई सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों पर जानकारी साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बैंगलोर द्वारा मेलीपॉन कल्चर पर आईटीबीपी के दूसरे बैच के लिए शुरू की ट्रेनिंग

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




आईसीएआर राष्ट्रीय कृषि कीट रिसर्च संसाधन ब्यूरो, बैंगलूरू के निदेशक डॉ. एस.एन. सुशील की अध्यक्षता में और कोर्स प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अमला उदयकुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) द्वारा बैंगलूरू में क्षेत्रीय मुख्यालय आईटीबीपी, कोंडागांव और इसके अधीन आने वाली वाहिनियों के 26 आईटीबीपी कर्मियों के लिए दूसरे 'पांच दिवसीय मेलापोनी कल्चर बी कीपिंग कोर्स' का शुभारंभ किया गया। गौरतलब है कि, डॉ. यू. अमला और उनकी टीम द्वारा इस कोर्स का पूरा संचालन किया जाएगा तथा कोर्स में स्ओींगलेस बीस (डंक रहित मधुमक्खी) पालन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी। एनबीएआईआर भारत का एक प्रमुख कृषि कीट रिसर्च संस्थान है। इस संस्थान को पहले राष्ट्रीय कृषि महत्वपूर्ण कीट ब्यूरो के नाम से जाना जाता था। बारहवीं पंचवर्षीय योजना में ब्यूरो का नाम बदल कर राष्ट्रीय कृषि कीट रिसर्च संसाधन ब्यूरो किया गया। इस उद्घाटन समारोह में डॉ. टी.एम. शिवालिंगास्वामी सेवानिवृत्त, प्रिंसिपल वैज्ञानिक ने विस्तार में इस प्रशिक्षण के बारे में बताया। इस मौके पर डॉ. के. सुबाहरन, प्रिंसिपल वैज्ञानिक व डॉ. टी. प्रभुलिंग, वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे। कृषि एंव गृह मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा मधुमक्खी पालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर हनी बी कीपिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है, ताकि आम जनता इस प्रकार के लघु उद्योग से जुड सके। इसी के मद्देनजर अशोक कुमार नेगी, आई.जी, सेंट्रल फ्रंटियर मुख्यालय, आईटीबीपी और राणा युद्धवीर सिंह, उप महानिरीक्षक की पहल पर क्षेत्रीय मुख्यालय (भुवनेश्वर) और उसकी अधीनस्थ वाहिनियों के कार्मिकों के लिए यह कोर्स चलाया जा रहा है। भविष्य में भी इस प्रकार के कोर्स का आयोजन बल कर्मियों के लिए किया जाता रहेगा।

# अन्तर्राज्यीय सीमा से आने वाले अवैध धान पर रहेगी कड़ी निगरानी

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला स्तर पर नियुक्त नामजद नोडल अधिकारियों को धान के समर्थन मूल्य धान खरीदी हेतु शासन स्तर से निर्धारित अवधि, धान खरीदी हेतु पंजीयन सहित विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए राज्य शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति का बारीकी से अध्ययन करने और शासन के गाईडलाईन के तहत समितियों में भी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर संबित मिश्रा ने दिए। बीजापुर जिला तेलंगाना और महाराष्ट्र राज्य की सीमा से लगे होने के कारण जिले में अवैध धान का आवक होने की संभावना बनी रहती है। किसी भी प्रकार के अवैध धान को जिले के सीमा के भीतर प्रवेश को रोकने अंतराज्यीय चेकपोस्ट में निगरानी बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। धान खरीदी हेतु पटवारियों द्वारा किए गए गिरदावरी का फील्ड वेरिफिकेशन ब्लॉक, जिला एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा जिसके लिए प्रशिक्षण संबंधी जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार योजना के तहत सर्वे कार्य के प्रगति की समीक्षा की गई। वहीं जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही अभिनव पहल जिसके अंर्तगत जन्म के 40 दिवस के भीतर 5 आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके तहत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड में नाम प्रविष्टि और जाति प्रमाण पत्र शामिल है। इसे अभियान के रूप में सफल बनाने सीएमएचओ एवं विडियो कांफ्रेस से जुड़े समस्त बीएमओ को जन्म प्रमाण पत्र समय-सीमा में जारी करने एवं अन्य प्रमाण पत्रों को बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेज पालकों के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, की प्रगति सहित प्रधानमंत्री आवास योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न करते हुए मुआवजा की राशि निर्धारित समयावधि में स्वीकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण, सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं ब्लाक स्तर के अधिकारीगण वर्चुअली जुड़कर समय-सीमा के बैठक में उपस्थित थे।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 02 परिवारों को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील बास्तानार ग्राम बड़ेकाकलूर निवासी हिड़मा की मृत्यु नाला के पानी में डूबने से पुत्र बामन को तथा तहसील तोकापाल ग्राम तारागांव निवासी सुकमती की मृत्यु डबरी के पानी में डूबने से पति सावन प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

## मितानिन समन्वयक और प्रशिक्षकों को बांटी गई एप्रन व साड़ियां

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन के अध्यक्षता में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके के मार्गदर्शन में कार्यालय कलेक्ट्रेट के ढ़कनी सभा कक्ष में मितानिन समन्वयक और प्रशिक्षकों का समीक्षा बैठक आयोजन किया गया,जिसमें विभाग में चल रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा किया गया,जिसमें एनसी प्रथम तिमाही में पंजीयन ,चार जांच ,संस्थागत प्रसव कराने टीकाकरण समय व शत प्रतिशत करने और तबी पोर्टल में संधारण करने,आयुष्मान कार्ड पंजीयन जल्द से जल्द पूरा करने एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों को शत प्रतिशत सैचुरेशन करने निर्देशित किया,इसके पश्चात 12 मितानिन समन्वयकों को एप्रन व 79 मितानिन प्रशिक्षकों को साड़ियां बांटकर प्रोत्साहित किया गया।

# निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 में जिला/जनपद सदस्य, सरपच एवं पंच के निर्वाचन के लिए जिला बीजापुर के समस्त ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों, मतदाता सूचियों का 24 अक्टूबर 2024 को संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत कार्यालय तथा तहसील कार्यालय में प्रारंभिक प्रकाशन किया जाकर निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। कोई भी व्यक्ति जो किसी ग्राम की मतदाता सूची में किसी नाम को सम्मिलित किए जाने या किसी प्रविष्टि को संशोधित करने के लिये दावा करना चाहे या किसी व्यक्ति का नाम सम्मिलित किये जाने के संबंध में आपत्ति करना चाहे वह इस संबंध में अपना दावा या आपत्ति निर्धारित प्रारूप में 24 अक्टूबर 2024 से 29 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय या तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1985 के नियम 11 (1) अनुसार दावे तथा आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु यह आवश्यक होगा कि आवेदक का नाम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित निर्वाचक नामावली में अवश्य दर्ज हो यदि आवेदक का नाम भारत निर्वाचन आयोग की निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है तो प्रारूप ख एवं ग में आवेदन प्रस्तुत नही कर सकेगा। यदि आवेदक का नाम विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नहीं है तो यह आवश्यक होगा कि वह अपना नाम नियत समय 08 नवम्बर 2024 तक भारत निर्वाचन आयोग की निर्वाचक नामावली में दर्ज करवा ले तथा प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा।

## जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम मर्रीगुड़ा हुआ हर-घर जल प्रमाणीकरण

**बीजापुर।** बीजापुर जिले से लगभग 60 कि.मी. दूर ग्राम पंचायत गोल्लागुडा का आश्रित ग्राम मर्रीगुडा स्थित है, विकासखण्ड भोपालपटनम से 2 कि.मी. दूरी पर मर्रीगुडा लगा हुआ है। इस ग्राम में 1 पारा स्थित है, जहॉ 12 परिवार निवासरत है। मर्रीगुडा में अधिकतम मुरिया जनजाति के लोग बसे हुए है और ज्यादातर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड भोपालपटनम के कर्मचारी इसी ग्राम के निवासी है। विकासखण्ड भोपालपटन के समीप ग्राम मर्रीगुडा में समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम में बसे 12 परिवारों के 47 लोगों को जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से हर-घर शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। इस ग्राम में 12 नल कनेक्शन प्रदान किये गये है। 18 अक्टूबर 2024 को ग्रामसभा का आयोजन कर हर-घर जल प्रमाणीकरण कार्य किया गया, सचिव लक्ष्मैय्या गड्डेम एवं ग्रामवारियों की उपस्थिति में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड के उपअभियंता डी.आर.बंजारे एवं कर्मचारी उपस्थित रहें, इसी दौरान सचिव लक्ष्मैय्या गड्डेम द्वारा हर-घर जल ग्राम की घोषणा किया गया।

# सिकल सेल एनीमिया के संबंध में किरंदुल में की गई जन जागरूकता कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजय रामटेके के मार्गदर्शन में किरंदुल मुख्य बाज़ार में बुधवार सुबह 11 बजे लोक कला मंच चिरईया वेलफेयर सोसायटी जगदलपुर के द्वारा सिकल सेल एनीमिया के संबंध में कला जत्था नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया।जिसमें सिकल सेल एनीमिया के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार पूर्वक आम नागरिकों को बताया गया। मौके पर लालजी कोर्राम, सविता मरकाम, तिजु कोर्राम, सुष्मिता कोर्राम, सनत कोर्राम, श्यामबती कोर्राम उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत 39 मनरेगा मजदूर का सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com

प्रोजेक्ट उन्नति के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत विगत वित्तीय वर्ष में 100 दिन पूर्ण किए 18 से 35 वर्षीय श्रमिको को सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं उत्पादन विषय पर 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आर सेटी बीजापुर में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में 14 अक्टुबर से आयोजित इस 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में प्रतिभागी कृषि की नई तकनीक से वाकिफ हुए। इस प्रशिक्षण में जनपद पंचायत भैरमगढ़ से 23 एवं जनपद बीजापुर की ग्राम पंचायतों के 16 जाबकार्डधारी परिवार के श्रमिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण में हितग्राहियों को फसल लगाने की तकनीकी पहलुओं के साथ मौसम आधारित साग-सब्जियों की बुआई के अलावा बीमारी लगने पर कीटनाशक एवं दवाईयों का उपयोग, मात्रा एवं विधि की विस्तृत जानकारी दी गई।

सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण से श्रमिकों को आर्थिक फायदे जैसे आय में वृद्धि, रोजगार के अवसर पैदा होंगे, चुंकि सब्जियों की मांग हमेशा बनी रहती है। वहीं सामाजिक फायदे जैसे स्वास्थ्यवर्धक सब्जियों की उपलब्धता, पोषण स्तर में सुधार, ग्रामीण विकास में योगदान, महिलाओं को रोजगार के अवसर मुहैया होने के साथ समाज में जागरूकता भी बढ़ती है।

# महतारी वंदन योजना से संजना हो रही आर्थिक रूप से सशक्त

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा योगदान

महतारी वंदन योजना के तहत् प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रहीं हैं और वहीं जिले में हर महीने 27 हजार से अधिक महिलाओं के खातों में 2 करोड़ 78 लाख रुपये से अधिक की राशि स्थानांतरित की जा रही है। इसमें विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग की 3,687 महिलाएं भी शामिल हैं। इस योजना ने पूरे छत्तीसगढ़ में उन महिलाओं के जीवन में सुधार किया है, जो पहले सामाजिक और आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रही थीं।

महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उनके स्वास्थ्य सुधार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के प्रति समाज में फै ली असमानता और भेदभाव को कम करना, साथ ही उनके स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। इसके तहत् पात्र विवाहित, विधवा और परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जा रही है। नारायणपुर जिले के कुम्हारपारा की रहने वाली संजना पांडे, जो एक गृहणी हैं और घर से फैंसी सामान की दुकान चलाती हैं, इस योजना की लाभार्थी हैं। उन्होंने बताया कि पहले बच्चों की शिक्षा और घर का खर्च चलाना उनके लिए कठिन था, लेकिन महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। संजना कहती हैं, हर महीने 1 तारीख को मेरे खाते में 1,000 रुपये जमा होते हैं, जिसका उपयोग मैं बच्चों की शिक्षा, कॉपी-किताबें और स्कूल की ड्रेस के साथ-साथ घर के आवश्यक सामानों और दुकान के लिए सामग्री खरीदने में करती हूँ। इस योजना ने मेरे आर्थिक संघर्षों को कम किया और मेरे बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

# सुकन्या समृद्धि योजना अन्तर्गत जिले में बालिकाओं का खोला जा रहा है खाता

पायनियर संवाददाता ∢ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार व जयंत नाहटा अनुविभागीय अधिकारी दंतेवाड़ा , नोडल अधिकारी महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में सुकन्या समृद्धि योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2015 से लागू किया गया है इस योजना में 10 वर्ष कम आयु वर्ग के बालिकाओं का बचत खाता खोला जाता है 14 वर्ष तक प्रीमियम राशि जमा होगा । 5 वर्ष मैच्योरिटी समय होगा 18 वर्ष बाद जमा राशि का 8.5 ब्याज के साथ राशि वापस हितग्राही को दिया जाएगा। यह खाता पोस्ट आफिस व राष्ट्रीयकृत बैंक में आसानी से खोला जा सकता है जिसमें आधार कार्ड, पेन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। आज 23 अक्टूबर 2024 को विकास खण्ड दंतेवाड़ा में 1500, कुआकोंडा में 1200 , कटे कल्याण में 1000 बालिकाओं का खाता खोला जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से खोले जा रहे खाते में प्रथम किस्त के रूप में 500 रुपये जमा किया जाएगा। इस शिविर में महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी मौजूद थे।


## बिजली बंद की सूचना

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
### छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बलौदा बाजार

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु नीचे लिखे विवरणानुसार सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

| क्र. | दिनांक | 33 एवं 11 के.व्ही. फीडर का नाम | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 24.10.2024 (गुरुवार) | 11 के.व्ही. अटल ज्योति फीडर | 33/11 के.व्ही. अर्जुनी | संबंधित 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता/ग्राम। |
| | | 11 के.व्ही. करहीबाजार फीडर | 33/11 के.व्ही. बिटकुली | |
| | | 33 के.व्ही. पलारी फीडर (वटगन सेक्शन) | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र वटगन, रोहांसी एवं गिधपुरी | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र वटगन, रोहांसी एवं गिधपुरी से निकलने वाले सभी 11 के.व्ही. फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता एवं उच्चदाब उपभोक्ता में सिंघानिया केसर। |
| | | 11 के.व्ही. गातापार फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र दतान | 11 के.व्ही. गातापार फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता |
| | | 11 के.व्ही. भरूवाडीह फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गिधपुरी | 11 के.व्ही. भरूवाडीहफीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता |
| 2 | 25.10.2024 (शुक्रवार) | 11 के.व्ही. मल्दी फीडर (पम्प) | 33/11 के.व्ही.अर्जुनी | संभावित 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता/ग्राम। |
| | | 11 के.व्ही. फीडर नं. 3 | 33/11 के.व्ही. अम्बेडकर चौक | |
| | | 11 के.व्ही. सोनाडीह फीडर | 33/11 के.व्ही. सोनाडीह | |
| | | 33/11 के.व्ही. सण्डी फीडर (गाडाभाठा सेक्शन) | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गाडाभाठा | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गाडाभाठा से निकलने वाली सभी 11 केव्ही फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता एवं उच्चदाब उपभोक्ता में, जगदम्बा एग्रो इंडस्ट्रीज। |
| 3 | 26.10.2024 (शनिवार) | 11 के.व्ही. अटल ज्योति फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अर्जुनी | संभावित 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता/ग्राम। |
| | | 11 के.व्ही. टाउन 1 फीडर | 33/11 के.व्ही. बलौदाबाजार | |
| | | 11 के.व्ही. जी.ए.डी. फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मगरचबा | |
| | | 33 के.व्ही. पलारी फीडर (वटगन से गिधपुरी सेक्शन) | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गिधपुरी | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गिधपुरी से निकलने वाली सभी 11 के.व्ही. फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. अटल ज्योति मिक्स फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गिधपुरी | 11 के.व्ही. अटल ज्योति मिक्स फीडर से प्रभावित समस्त उपभोक्ता। |
| 4 | 26.10.2024 (रविवार) | 11 के.व्ही. अटल ज्योति फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मगरचबा | संबंधित 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ता/ग्राम। |

टीपः- 1. आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।
2. स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत करें।
3. विद्युत बिल का भुगतान समय पर करें।

// दीपावली की शुभकामनाएँ //

(रोशन लाल देवांगन)
कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग
छ.स्टटे.पॉ.डि.कं.लि. बलौदा बाजार


## किरंदुल के शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

**दंतेवाड़ा।** शासकीय अरविंद महाविद्यालय किरंदुल, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित हुआ 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संगोष्ठी आयोजित किया गया जिसमें डॉ देश दीपक(नोडल ऑफिसर, बीएमओ कुआकोंडा (एड्स, टीबी), डॉ मनीष कुमार (सहायक प्राध्यापक, मैथेमेटिक्स), डॉ शबीना खान (सहायक प्राध्यापक (गेस्ट) हिंदी,डॉ खोमेश मौर्य (आई सी टी सी काउंसलर, बचेली), ममता सिंह( प्रोजेक्ट मैनेजर , एन जी ओ), प्रदीप भट्ट (आहना प्रोजेक्ट), जुगबती त्रिपाठी ( आउट रीच वर्कर) और कॉलेज छात्र मौजूद रहे। दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुवात की गई,उसके बाद नोडल ऑफिसर के द्वारा सभी को संबोधित किया गया, डॉ खोमेश मौर्य के द्वारा एचआईवी और एड्स, टीबी, स्किलिंग, डेंगू, कैंसर की जानकारी दिया गया, प्रोजेक्ट मैनेजर ममता के द्वारा प्रजनन मार्ग संक्रमण और सेक्सुअली ट्रांसमिटेड इन्फे क्शन की जानकारी दी गई।

# जल जीवन मिशन की शुद्ध धारा पहुंच गई अंदरूनी ग्रामों तक

पायनियर संवाददाता ∢ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

ग्राम बड़ेहड़मामुंड़ा जिला मुख्यालय से लगभग 35 किमी दूर बसा गांव है। यह विकासखंड कुआकोंडा का ग्रामपंचायत गोंगपाल का आश्रित ग्राम है। यहां की कुल घरों की संख्या 105 और जनसंख्या है। ग्राम में मुख्यतः आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं जिनका दैनिक जीवन खेती और मजदूरी आजीविका पर निर्भर है। इस क्रम में ग्राम बड़ेहड़मामुंड़ा में कुल 4000 मीटर पाइप लाइन बिछाकर 4 सोलर पंप के माध्यम से सभी 137 घरों और स्कूल, आश्रम और आंगनबाड़ियों में पेयजल की सुविधा पहुंचाई गई है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल एवम स्वच्छता मिशन मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में एवं कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, निखिल कंवर के मार्गदर्शन में ग्राम बड़ेहड़मामुंडा में जल उत्सव का आयोजन कर ग्राम पंचायत सरपंच जोली राम ओयामी, सचिव लक्ष्मी मुड़ामी द्वारा रोजगार सहायक मुकेश कुमार ओयामी के संवादन से ग्राम बड़ेहड़मामुंडा को हर घर जल ग्राम घोषित किया गया। जल उत्सव में उपस्थित ग्रामीण जनों द्वारा प्रमाणीकरण के प्रस्तावों को हाथ उठाकर एक स्वर में सहमति दिया गया। ग्राम बड़ेहड़मामुंडा के प्रत्येक ग्रामीणों के अंतर्मन तक जल उत्सव का उल्लास भरा रहा। वहीं कुछ सियान और ग्रामीण इतनी बड़ी योजना का ग्राम तक आने और ग्रामीणों को योजना के संचालन की जिम्मेदारी से आश्चर्य और खुशी दोनों ही प्रकट कर रहे थे। हर्षित महिला ग्रामीण सुनीता नाग ने कहा कि हमने कभी सोचा ही नहीं था कि कभी हमारे गांव के घर आंगन में नल लगेगा और पीने का साफ पानी मिलेगा। पहले हम लोग हैंडपंप में दूर दूर तक पीने का पानी लाने जाते थे। हैंडपंप भी खराब हो जाने से पानी लेने दूसरे पारा जाना पड़ता था। मेरे घर सदस्य ज्यादा है इसलिए पानी भी ज्यादा भरना पड़ता था। अब जल जीवन मिशन के आने से घर में ही साफ पानी मिल जाता है और हम गांव की महिलाएं बच्चों को स्कूल, आंगनवाड़ी भेज कर स्व सहायता समूह में ज्यादा समय काम करके आर्थिक आमदनी से स्वावलंबी हो रही हैं। पानी की घर बैठे मिल रही सुविधा से गांव की सब महिला बहुत खुश हैं। जल उत्सव कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आई एस ए जिला परियोजना समन्वयक शिल्पी शुक्ला ने जल जीवन मिशन के शुभारंभ हेतु सभी ग्रामीणों को बधाई देते हुए योजना के संचालन और निरंतरता हेतु जानकारी दिया। इसी क्रम में आईएसए जिला परियोजना समन्वयक शिल्पी शुक्ला ने जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए जल जीवन मिशन योजना संचालन एवं प्रबंधन हेतु ग्राम जल स्वच्छता समिति, पानी व निगरानी समिति और प्लंबर के जिम्मेदारियों को बताया। इसी क्रम में जल गुणवत्ता जिला परियोजना समन्वयक अंकिता सिंह द्वारा जल गुणवत्ता जांच (एफटीके) के द्वारा पेयजल के जांच की विधियों की जानकारी देकर ऑनलाइन एंट्री करना सिखाया गया। कार्यक्रम के अंत में उप अभियंता प्रकाश कुमार मरकाम ने विभाग द्वारा समापन रिपोर्ट करते हुए योजना प्रबंधन हेतु मुख्य बिंदुओं की जानकारी दिया गया।

# स्थानीय अधिकारियों से मिलीभगत कर निजी भूमि से अवैध मुर्मी खनन

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



विष्णुदेव साय सरकार द्वारा लगातार मुर्मी सहित अन्य खनिज संपदा की अवैध उत्खनन रोकने के लिए तत्पर दिखाई पड़ती है तो दूसरी खनिज विभाग अधिकारियों के संरक्षण से जिले के कोने कोने में अवैध तरीके से मुर्मि का धड़ल्ले से खनन किया जा रहा है सबसे अधिक देवभोग ब्लॉक में अवैध मुर्मी खनन देखने को मिल रहा है मुख्यालय से 4 किलोमीटर मौखागुड़ा मार्ग के समीप निजी भूमि पर जमकर अवैध तरीके से मुर्मी का दोहन किया जा रहा है जिससे स्थानीय प्रशासन के साथ साथ खनिज अधिकारी भी भली भांति अवगत हैं मगर कार्यवाही करने की जगह तरह तरह का बहानेबाजी कर कार्यवाही से दूर रखा गया है जिसके चलते राज्य सरकार को लाखों की राजस्व चपत लग रही है मतलब विभागीय अधिकारी अपनी जेब भरकर शासन को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं शायद यही वजह है कि गरियाबंद जिले से राजस्व में कोई ज्यादा इजाफा नहीं हो पा रहा है क्योंकि जिला के अंतिम छोर देवभोग इलाकों में मुरूमि की अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है बावजूद इसके देवभोग सरदारपुर से बड़े पैमाने में मुरूम की अवैध खनन करने वाले के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो पाया हालांकि विभागीय मंत्री और जिला प्रशासन के समक्ष अपनी पीठ थपथपाने के लिए छूट मूठ ट्रैक्टर मे लदी मुरूम गांव गांव से ईट और छोटे-छोटे बोल्डर लाने वाले वाहनों पर भी ताबड़तोड़ कानूनी कार्यवाही करते देखने को मिलता है लेकिन यह कार्रवाई उस वक्त बंद हो जाती है जब जेसीबी और हाईवा से सैकड़ों बार मुरूमी निकाला जाता है तभी विभाग के प्रमुख पर पक्षपात कार्यवाही करने के साथ बड़े-बड़े मुरूमी खनन माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया जाता है।

### चढ़ावा चढ़ाने वाले माफिया कार्यवाही से दूर

बताया जाता है कि जिला के हर कौने में एक टैक्टर मुरूम खनन होता है तो खनिज अधिकारी तक खबर पहूंच जाती हैं लेकिन अगर वह किसी बड़े मुरूमी खनन माफिया का है तो जिम्मेदार अधिकारी अपने कार्यालय से बाहर नही निकलते मतलब जिन माफियाओं का खनिज कार्यालय आना जाना कर चढ़ावा चढ़ाते है तो ऐसे खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही तो दूर उनकी गाडी को तक नही रोका जाता तभी ऐसे मुरमी खनन माफ्यिा खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते मुर्म निकालने से पीछे नहीं हैं जबकि अधिकतर दिन अवैध मुरूम खनन की शिकायत दर्ज होती है दुर्भाग्य की बात तो यह है कि माफ्यिाओं के समक्ष खनिज अधिकारी नतमस्तक नज़र आते हैं जिसका लाभ उठाते माफिया काफी ऊंचे दाम पर मुरूम को बेच लेते है।

### युवा मोर्चा अध्यक्ष ने सख्त लहजे में कराया अवगत

अपनी आंख से अवैध मुर्मी खनन खनन देख भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगीराज माखन आग बबूला होते मौके पर जिला खनिज अधिकारी को सख्त लहजे मे अवगत कराते कार्यवाही की मांग किया और कार्यवाही नहीं करने की स्तिथि विभागीय मंत्री से शिकायत कर उचित कार्यवाही की मांग करने की बात कही क्योंकि जिस तरह से मुरुमी की अवैध उत्खनन दिन ब दिन बढ़ती जा रही है उससे सरकार राजस्व का काफी ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि यह अवैध मुर्मी खनन सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि मुख्यमार्ग के कई जगह मुर्मी की अवैध निकासी देखा जा सकता है जिससे विभागीय अफसर भी अच्छी तरह वाकिफ है।

# अवैध रेत परिवहन एवं उत्खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, अवैध रेत सहित 9 वाहन जब्त

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत खनन और भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई जिसमें विगत दो दिनों में हाइवा एवं ट्रैक्टर सहित 9 रेत से भरे वाहन ज़ब्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी के. के. बंजारे ने बताया कि देर रात एवं सुबह खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के संबध में जांच की गई।जांच के दौरान पलारी तहसील तहसील अंतर्गत ग्राम गिधपुरी एवं तहसील लवन में महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन संलिप्त 9 वाहन जब्त किया गया है।सभी जब्त कर वाहन नजदीकी थाना के सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है की कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में रेत के अवैध कारोबार के मामले में अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। अवैध रेत के भंडारण,अनुमति और उत्खनन, परिवहन के साथ-साथ रॉयल्टी पर्ची आदि सभी दस्तावेजों के परीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। श्री सोनी ने कहा है कि ऐसी कार्रवाईयां आगे भी जारी रहेंगी। अवैध रेत खनन व धंधा करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है और ऐसे अवैध धंधे एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कविता जीवन के सत्यम शिवम और सुन्दरम की अभिव्यक्ति : डॉ.अनुसुइया



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी सप्ताह के अंतर्गत 'हिंदी की गद्य विधाएँ' विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन, प्राचार्य पी.के. भोई के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है । कार्यक्रम के तृतीय दिवस सर्व प्रथम माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं राज्य गीत गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। दीपक भोई ने सरस्वती वंदना का गायन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.)अनुसुइया अग्रवाल- प्राचार्य, शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रीता पाण्डे, सहायक प्राध्यापक इतिहास- शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय उपस्थित रहे। स्वागत संभाषण विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई , अध्यक्षीय उद्बोधन, महाविद्यालय के प्राचार्य पी. के. भोई का रहा। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.)अनुसुइया अग्रवाल ने कवि एवं काव्य के सृजन प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷कविता जीवन के सत्यम् , शिवं और सुन्दरम की अभिव्यक्ति है। केवल सुख के क्षण ही नहीं बल्कि दुःख की गहन अनुभूति से भी कविता जन्म लेती है। ऋषि वाल्मीकि के लिए क्रौंच वध से उत्पन्न पीड़ा की अनुभूति प्रथम काव्य की पंक्तियां बनकर मुखरित हो गई। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अंग्रेजी एवं भारतीय नाट्य साहित्य पर तुलनात्मक रूप से विचार करते हुए प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल तांडी ने किया एवं आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष डॉ संध्या भोई ने किया। इस अवसर पर आरती साहू, पीतांबर बाघ एवं महाविद्यालय के स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राएँ बहु संख्या में उपस्थित रहे।

# पीजी कॉलेज में प्रवेश उत्सव एवं बिदाई समारोह संपन्न



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय के नवीन भवन सेमीनार हॉल में प्रवेश उत्सव एवं बिदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे, अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ मनदीप खालसा, प्राध्यापक डॉ वेदवती देवांगन, डॉ तामेश्वरी साहू, अतिथि प्राध्यापक डॉ डेकेश्वरी मण्डावी एवं अर्थशास्त्र परिषद् के समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। डॉ मनदीप खालसा ने नवगठित अर्थशास्त्र परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। एमए प्रथम सेमेस्टर एवं एमए तृतीय सेमेस्टर एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने सभी प्राध्यापकों का स्वागत किया तथा एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र.छात्राओं द्वारा नवप्रवेशित व भूतपूर्व छात्र.छात्राओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रही मीना ने सभी प्राध्यापकों को मार्गदर्शन देने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मनदीप खालसा ने कहा कि वर्षभर के विभागीय कार्यक्रमों की रूपरेखा सत्र के प्रारंभ में तैयार कर समय पर संपादन किया जाना चाहिए इसके लिए उन्होंने मार्गदर्शन दिया। डॉ वेदवती देवांगन ने विषय ज्ञान के साथ.साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय सहभागी रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ तामेश्वरी साहू ने नव.प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत् करते हुए बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए के लिए पढ़ाई के साथ.साथ शैक्षणेत्तर गतिविधियों में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गहन तार्किक अध्ययन पर बल देते हुए छात्र-छात्राओं को भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ डेकेश्वरी मण्डावी अतिथि सहायक प्राध्यापक ने अर्थशास्त्र विषय के महत्व को बताते हुए सब उज्जवल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विविध रोचक खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार एवं अनुभव साझा किये और उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल भानू देवांगन को चुना गया। मिस फ्रेशर सीमा साहू एवं मिस्टर फ्रेशर नूरमणि साहू को बनाया गया।

# आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही, 33 हजार रुपये से अधिक मूल्य का महुआ शराब व लाहन जब्त



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले की सयुंक्त टीम के द्वारा वृत्त बलौदाबाजार के ग्राम सुढहेली में दबिश दी। मौके पर बाजार मूल्य 33900 रुपये का महुआ शराब व महुआ लहान मिला जिसे जब्त की गई। अज्ञात आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम कर पतासाजी किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा ग्राम सुढहेली में दबिश के दौरान 1 चढ़ी हुई भटटी मिला तथा 03 जरीकेन में 20-20 लीटर का 60 लीटर तथा 60 नग पाउच में 15 लीटर कुल 75 लीटर महुआ मदिरा जब्त किया गया एवं महुआ शराब निर्माण के लिए तैयार 22 बोरियों में भरी 20-20 किलोग्राम कुल 440 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया तथा सैंपल लेकर गवाहों के समक्ष महुआ लाहन नष्टीकरण किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक मदनलाल ध्रुव, नगर सैनिक दुर्गेश्वरी, राजकुमारी पैकरा का योगदान रहा।

# सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**धमतरी ।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण मद से 25.25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इनमें भखारा तहसील के ग्राम कचना निवासी प्रेम कुमार यादव की मृत्यु होने पर उनके पिता भारत यादव को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण मद से 25 हजार रूपये आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। इसी तरह ग्राम कचना के विजय यादव की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी थामेश यादव, ग्राम फगुनदाह के पीयूश साहू की मृत्यु होने पर उनके पिता चन्द्रशेखर साहू को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण मद से 25.25 हजार रूपये आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। ग्राम अमलीडीह के हरखराम की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी प्रेमिन बाई और ग्राम देवपुर के टकेश्वर साहू की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी अनुराधा को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण के तहत 25.25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है।

# सेंट जेवियर्स के काव्य, समृद्धि राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने कोरबा रवाना



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन डॉ एफ पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ ग्रेस पिंटो के निर्देशन में बालक एवं बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कोरबा के लिए रवाना हुए। ज्ञातव्य है कि 24 वें राज्य स्तरीय सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट कोरबा में आयोजित हो रहा है। यह टूर्नामेंट 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। काव्य चंद्राकर और समृद्धि मूलवानी रायपुर संभाग की टीम की ओर से अपने हुनर का प्रदर्शन इस टूर्नामेंट में करेंगे। स्कूल के दोनों खिलाड़ी स्कूल की पीटीआई टिकेश्वरी चंद्राकर के संरक्षण मे गए हैं। संस्था की प्राचार्या मृणालिनी सिंह एवं समस्त स्टाफने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दिया है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर कार्यशाला की गई आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर नगरपालिक निगम धमतरी के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर विजय देवांगन, नरेंद्र रोहरा पूर्व सभापति एवं पार्षद राजेंद्र शर्मा, राजेश ठाकुर, अवैश हाशमी, विजय मोटवानी, राजेश पांडे, दीपक सोनकर अन्य पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, राईस मिल एसोसिएशन, चैंबर ऑफ कॉमर्स, विभिन्न संस्था, शहर के गणमान्य नागरिकए कलेक्टर नम्रता गांधी, प्रभारी आयुक्त नगरनिगम धमतरी पी सी सार्वा, क्रेडा एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित हुये। कार्यशाला में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के नागरिकों को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मुहैय्या कराना है। कार्यशाला में योजना के फायदे और कार्यान्वयन के तरीकों, आवेदन प्रक्रिया के बारे में बारिकी से जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सौर पैनलों के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है। इससे न केवल बिजली की कमी को दूर किया जा सकेगा, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सस्ती बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस योजना के तहत सौर पैनल इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। योजना का एक अन्य लाभ है कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगी जिससे वहां की जीवनशैली में सुधार होगा। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने सौर ऊर्जा के महत्व और उसके प्रभावों पर प्रस्तुतियाँ दीं। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है। कार्यशाला में एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया जहां स्थानीय नागरिकों ने अपनी जिज्ञासाओं को साझा किया।

# नूतन स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी महोत्सव पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आदर्श शिक्षण समिति द्वारा संचालित नूतन हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घमतरी में 22 अक्टूबर को देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष निर्मल बरडिया, प्रतापराव कृदत्त, शाला के प्राचार्य एस. सी ख्रिष्टी, मुख्य अतिथि महिला समन्वय समिति की अध्यक्षा सरोज देवांगन, जिला संयोजिका सुनिता पंजवानी उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। लगभग 21 ग्रुप द्वारा बहुत ही सुन्दर रंगोली बनाई गई। सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई एवं प्रथम पुरस्कार कु. देवयानी सोम, द्वितीय पुरस्कार कु. वंदिता गोस्वामी एवं तृतीय पुरस्कार कु. इषिका सोनकर ने प्राप्त किया। महिला समन्यवय समिति द्वारा देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन की घटनाओं पर आधारित प्रेरणास्पद जानकारी दी गई एवं शाला की विजेताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## तिल्दा-नेवरा को स्मार्ट सिटी के रूप में देखना ही सपना

# 35 वर्षों के कांग्रेस पार्षद का कार्यकाल संतोषजनक होता तो परिवर्तन ही क्यों होता : विकास सुखवानी

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



नगरपालिका क्षेत्र मे स्वच्छता को लेकर जहां जनप्रतिनिधियों पर उंगलियां उठ रही है, वहीं जनप्रतिनिधि भी इसका जवाब देने के लिए तत्पर नजर आ रहे हैं। रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा नगर के वार्ड क्रमांक 13 में कचड़ा डंप को लेकर अखबार में समाचार प्रकाशित हुआ, इस मामले पर वार्ड पार्षद व नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने कहा कि इस खबर के माध्यम से एक जनप्रतिनिधि की छबि धुमिल करने की कुत्सित प्रयास किया जा रहा है । उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि वार्ड क्रमांक 13 में स्वच्छता को लेकर अव्यवस्था पर सवाल उठ रहा है, वह कहीं कहीं राजनीतिक दुर्भावना का पराकाष्ठा है। उन्होंने सवालिया निशाना लगाते हुए कहा कि तिल्दा-नेवरा के वार्ड क्रमांक 13 में 35 वर्षों से कांग्रेस का पार्षद प्रतिनिधित्व किया ,उस समय कथित वार्ड विकास को लेकर मूलभुत सुविधा से वंचित रहा, जिससे वार्डवासी भली-भांति वाकिफ हैं। उन्होंने सवालिया निशाना दागते हुए कहा कि पिछले तात्कालिक कांग्रेस पार्षद जो सिंधी बाहूल क्षेत्र के प्रतिनिधित्व कर रहे थे उसके बावजूद कांग्रेस को संबंधित वार्ड क्रमांक 13 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, कि जब संबंधित वार्ड, कांग्रेस पार्षद के कार्यकाल के 35 वर्षों से बुनियादी सुविधाएं के नाम पर बुलंदियां छु रही थी तो फिर कांग्रेस पार्षद को हार का मुंह क्यों देखना पड़ा? नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि समय समय पर नगरपालिका द्वारा वार्डों से कचड़ा साफ किया जाता रहा है, उन्होंने कहा कि जब पूर्ववर्ती कांग्रेस पार्षद के कार्यकाल संतुष्टि प्रद होता तो वार्डवासी पार्षद का परिवर्तन ही क्यों करता? उन्होंने कहा कि वार्ड पार्षद होने के नाते वार्ड क्रमांक 13 के विकास कार्यों को लेकर कटिबद्ध तो हूं ही साथ ही नगरपालिका उपाध्यक्ष होने के नाते नगर के जनता के साथ हमेशा से खड़ा हुआ हूं, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने आगे कहा कि तिल्दा-नेवरा नगर को स्मार्ट सिटी के रूप में देखना चाहता हूं, यह मेरा एक सपना है और मौका मिला तो इस सपना को साकार करने मे पुरा एंडी चोटी एक कर दूंगा। नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने पत्रकारों के सवालो? का जवाब देते हुए कहा कि तिल्दा-नेवरा नगर की जनसंख्या के दृष्टि से काफी विस्तार हुआ है, सीमाक्षेत्र बढ़ी हुए हैं वहीं नगरपालिका में इसके अनुरूप सफाई कर्मियों की कमी है। जिसको लेकर विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

# मिशन अव्वल के तहत नगरी में आयोजित की गई बैठक



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी ने नगरी स्थित साहू सदन सभाकक्ष में मिशन अव्वल के तहत आयोजित बैठक में शामिल हुई। इस अवसर पर मिशन अव्वल के तहत प्रति माह होने वाली मासिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा की गयी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए समुदाय के साथ.साथ पालक एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतः समुदाय के साथ मिलकर मिशन अव्वल के तहत् जिले के परीक्षा परिणाम को बेहतर किया जा सकता हैए जिसके लिए आप सब की भागीदारी आवश्यक है। साथ ही शैक्षिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी टी आर जगदल्ले, सूर्यवंशी, संबंधित प्राचार्य, लेक्चरर सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहीद स्मारक ग्राउण्ड में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

विगत 21 अक्टूबर को प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई प्रांगण में स्थापित शहीद स्मारक ग्राउण्ड में पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज दुर्ग ने बताया कि आज से 65 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर, 1959 को भारत और तिब्बत के बीच 2,600 मील की सीमा की सुरक्षा के लिए तैनात सीआरपीएफ के 10 जवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन वीर पुलिस जवानों की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है और तब से लेकर आज पर्यन्त हम सभी एकत्रित होकर उन वीर पुलिस जवानों का स्मरण करते हैं और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने देश की एकता व अखण्डता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी तथा देशप्रेम और बलिदान की सर्वोच्च परम्परा स्थापित की है। 21 अक्टूबर का यह दिन, उन सभी पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि देना है जिन्होंने कर्तव्य परायणता में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए तत्पश्चात् उन्होंने 01 सितम्बर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक कर्तव्य की वेदी पर शहीद हुए पुलिस जवानों के नामों का वाचन किया गया। इस अवधि में 216 पुलिस जवान जिसमें आंध्र प्रदेश-02, अरूणाचल प्रदेश-02, असम-06, बिहार-15, छत्तीसगढ़-11, झारखण्ड-04, कर्नाटक-05, केरल-01, मध्यप्रदेश-23, महाराष्ट्र-03, णिपुर-06, मेघालय-01, नागालैण्ड-04, उड़ीसा-02, पंजाब-02, राजस्थान-20, तमिलनाडू-05, तेलंगाना-01, पुरा-03, उत्तर प्रदेश-02, उत्तराखण्ड-04, पश्चिम बंगाल-09, अण्डमान एण्ड निकोबार द्वीप-01, दिल्ली-05, जम्मू एण्ड कश्मीर-07, बीएसएफ 19, सीआईएसएफ-06, सीआरपीएफ 23, आईटीबीपी-06, एसएसबी-02, एफएस, सीडी एण्ड एचजी 02, आरपीएफ-14 के वीर पुलिस कर्मियों ने कर्तव्य परायणता के दौरान अपने प्राणों की आहूति दी है। कार्यक्रम में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, राजेश कुकरेजा. सेनानी, प्रथम वाहिनी छ.स.बल भिलाई, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला भापुसे जिला दुर्ग, एम. भार्गव परिवीक्षाधीन एडिशनल कलेक्टर, रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक, जिला बेमेतरा, एस.आर. भगत, पुलिस अधीक्षक जिला बालोद, चिराग जैन, परिवीक्षीधीन वेदव्रत सिरमौर, अति. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, सत्यनारायण राठौर, अति. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, अरूण गजपाल, पुलिस अधीक्षक, दूरसंचार, सबा अंजुम, उप सेनानी, प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई, मीता पवार, उप सेनानी, 7वीं वाहिनी छसबल भिलाई, जयलाल मरकाम, सहायक सेनानी, प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई, संदीप मोरे, सहायक सेनानी, शिवकुमार निषाद, सहायक सेनानी, श्री गोरखनाथ प्रसाद, सहायक सेनानी, सातवीं वाहिनी उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त दुर्ग संभाग के अंतर्गत पुलिस इकाइयों के अधिकारीगण, अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं शहीदों के परिवारजन उपस्थिति रहे। कार्यक्रम परेड में प्रथम वाहिनी, सातवीं वाहिनी भिलाई, 14वी वाहिनी धनोरा, 21वीं वाहिनी करकाभाट, जिला बालोद, जिला बेमेतरा का बल सम्मिलित था। परेड द्वारा शहीदों को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज दुर्ग, राजेश कुकेरजा, सेनानी, प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई, ऋचा प्रकाश चौधरी, कलेक्टर, जिला दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग एवं कार्यक्रम में उपस्थित बालोद, बेमेतरा, एसटीएफ, दूरसंचार, सेनानी प्रथम, सातवी वाहिनी, 14 वी वाहिनी, 21वीं वाहिनी एवं अन्य पुलिस राजपत्रित अधिकारी, कर्मचारी व शहीद के परिवारजनों के द्वारा शहीद स्मारक को श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस दौरान शहीद परिवारजनों के भावुकता भरे पलों से सभी की आंखें नम हो गई। कार्यक्रम के अन्तिम दौर में मुख्य अतिथि रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज के द्वारा शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को शाल, श्रीफल भेंट कर उनकी समस्या सुनी और उनके तत्काल निराकरण के आदेश दिये। शहीद परिवारजनों के साथ उन्होंने सामूहिक फोटोग्राफी भी कराई।

## महिलाओं ने मोमबत्ती बेचकर कमाये 20 हजार रूपए, मोमबत्ती व दीयों से होगा शहर जगमग



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

बच्चों का पालन पोषण और घर के कार्य में अपना समय व्यतीत करने वाली महिलाएं आत्मनिर्भर नारी के रूप में ग्राम पंचायत में उभर कर अपनी एक अनोखी छाप छोड़ रही है। बस्तर सरस मेला में महिलाओं द्वारा 20 हजार रूपए की मोमबत्ती विक्रय की गई। दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत बोरीगारका की पुष्पा साहू ने सिद्धी स्व सहायता समूह से जुड़ कर गांव की अन्य महिलाओं के साथ बिहान योजना में कार्य करना शुरू किया। कार्य करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना के तहत बैंक से ऋण लेकर अचार, पापड़, मोमबत्ती, दीया एवं केक का प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्य महिलाओं के साथ व्यवसाय प्रारंभ किया। महिलाओं को घरेलू व्यवसाय से साल भर में एक से 2 लाख रूपए तक की आमदनी प्राप्त हो रही है, जिससे वह अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में खर्च कर रही है। पुष्पा व्यवसाय ने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए एक स्कूटी खरीदी, जिसके माध्यम से वह अपने उत्पादों को गांव-गांव में पहुंचा रही है। साहू ने अपने बच्चे की उच्च शिक्षा के लिए बिलासपुर पीएससी कोचिंग में दाखिला कराया है। पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली महिलाएं दीवाली के लिए विशेष रूप से मोमबत्ती, दीये व सजावटी समान बनाकर गांव से शहर तक पहुंचा रही है। पुष्पा साहू स्वयं प्रशिक्षित होकर राजनांदगांव, रायपुर, बेमेतरा जिले के गांवों की महिलाओं को भी प्रशिक्षण दे रही है और उनकों प्रेरित कर आत्मनिर्भर बना रही है। उन्होंने बताया कि समूह का गठन 22 मई 2015 में किया गया, जिसमें कुल 11 सदस्य है। समूह गठन होने के बाद बैंक से लोन लेकर आचार बनाने का कार्य शुरू किया।

## सहसपुर लोहारा के गांगीबहरा में नियमो की उड़ा रहे हैं धज्जियां, नियम विरुद्ध सोसायटी संचालन



पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम पंचायत गांगी बहरा में संचालित उचित मूल्य की दुकान का संचालन नियमो को ताक में रखकर किया जा रहा है। हितग्राहियों को समय पर सामग्री नहीं मिलता साथ ही संचालन कर्ता को ही गलत तरीके से संचालन की जिम्मेदारी दी गई है।

### नियमो की उड़ा रहे धज्जियां

ग्राम पंचायत गांगी बहरा में उचित मूल्य की दुकान संचालित है जिसका संचालन एजेंसी ग्राम पंचायत है। नियमानुसार ग्राम पंचायत स्वयं संचालन करते हुए राशि पंचायत खाते में जमा होना चाहिए और उससे होने वाले लाभ ग्राम विकास के कार्य में आता लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। पंचायती राज अधिनियम के तहत कोई भी पंचायत पदाधिकारियों या उसके नाते रिश्तेदारों को लाभ नहीं नहीं दिए जाने का स्पष्ट उल्लेख है लेकिन उक्त ग्राम पंचायत में मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत में पंचायत प्रस्ताव कर पंच पति को दुकान की संचालन का जिम्मेदारी दिया है। जो अनुचित है।

### निरीक्षण का आभाव

ग्राम पंचायत गांगी बहरा में संचालित उचित मूल्य की दुकान का नियमित निरीक्षण नही होता। जिसके चलते विक्रेता मनमानी तरीके से संचालन करते है। यदि जिम्मेदार अधिकारियो कर्मचारियों के द्वारा नियमित निरीक्षण करते तो आज ऐसा स्थिति निर्मित नहीं होता।

### जांच की आवश्यकता

ग्राम पंचायत गांगी बहरा में संचालित उचित मूल्य की दुकान का यदि सूक्ष्मता से वहां संधारित की जाने वाले पंजी की जांच की जाए तो तरह तरह की गड़बड़ियां उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

### समय पर नहीं खुलता दुकान

ग्राम पंचायत गांगी बहरा के उचित मूल्य की दुकान शासन द्वारा निर्धारित समय पर नहीं खुलता जिससे हितग्राहियों को समान लेने में परेशानी होता है साथ ही संचालन कर्ता पंचायत पदाधिकारी का रिश्तेदार होने के कारण ग्राम वासी उसका विरोध भी नहीं कर पाते। मिली जानकारी अनुसार शक्क र को 20 रुपए किलो की दर से भी बेचने की सूचना मिली है।

## अतिक्रमण शिकायत पर निगम ने कार्रवाही कर हटाया सड़क क्षेत्र में बने रेम्प



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक वार्ड 21के मोहल्लेवासी के शिकायत पर तत्काल कार्यवाही कर जेसीबी की मदद से सड़क क्षेत्र से रेम्प् को हटाया गया। बता दे कि वार्ड क्रमांक 21 अमृतपाल सिंह द्वारा सड़क क्षेत्र में अतिक्रमण कर रेम्प बनाकर रखा था। वार्ड नागरिको द्वारा जिसकी को लेकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नगर निगम भवन अधिकारी गिरीश दीवान के मार्गदर्शन पर भवन निरीक्षक विनोद मांझी, प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी योगेश सूरे ने अमला के साथ अतिक्रमण स्थल पर पहुँचकर अतिक्रमण स्थल का निरीक्षण किया, अवैध रूप से अतिक्रमण कर सड़क पर पक्की सिमेंटी से रेम्प बनाकर सड़क जिससे आवाजाही बाधित हो रही है। जिसके कारण मार्ग अवरोध एवं जाम लगने की संभावना है साथ ही दुर्घटनाओं का भी कारण बन सकता। कार्रवाही के दौरान अधिकारी द्वारा अतिक्रमण कर्ता को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाही की जाएगी। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश के बाद कार्रवाही की गई।कार्रवाही के मौके अतिक्रमण कर्ता द्वारा विरोध का प्रयास किया गया, लेकिन निगम की सख्ती एवं पुलिस बल के सामने उनकी एक नही चली। कार्रवाही के मौके तोड़ू दस्ता आला मौजूद रहे।अतिक्रमण शिकायत पर तत्काल एक्शन मोहल्लेवासियों द्वारा शिकायत पर निगम ने तुरंत कार्रवाही कर हटाया सड़क क्षेत्र में बने रेम्प।

## दीनी-दुनियावी तालीम की कसौटी पर परखे गए समूचे छत्तीसगढ़ के मदरसों के छात्र



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

मदरसा जामिया अरबिया पावर हाउस कैम्प-2 में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में दीनी तालीम हासिल कर रहे तलबा (छात्रों) के लिए शैक्षणिक स्तर की प्रतियोगिता 'मुसाबक तालीमी मयार' का दो दिवसीय आयोजन मंगलवार से शुरू हुआ। जिसमें अंबिकापुर,बिलासपुर, कटघोरा, रांका और भिलाई,दुर्ग सहित समूचे छत्तीसगढ़ से भागीदारी रही। प्रतियोगिता पवित्र कुरआन को सही उच्चारण के साथ पढ़ने और इससे मिलने वाली तालीम और दुनियावी जिंदगी से जुड़े सवालों पर थी। आयोजन के बारे में मदरसे के मोहतमिम हाफिज कासिम बस्तवी ने बताया कि बच्चों में दीनी ओर दुनियावी तालीम बहुत ज़रूरी है, जिससे वे इंसानियत के पैगाम को आम करें ओर अपने अंदर भी इंसानियत पैदा करें। आयोजन में मुफ्ती दानिश अमरावती ओर इस्लामिक स्कॉलर हज़रत इफ्तिखार ने संबोधित करते हुए आवाम ओर तालीम हासिल कर रहे छात्रों को हज़रत मोहम्मद सल्लाहु अलैहिसल्लम वाली पाकीजा जिंदगी अपनाने के साथ अल्लाह के अहकाम पर चलते हुए मां बाप की इज्जत, पड़ोसियों का हक और रिश्तेदारो के हक को पहचान कर उसको पूरा करने की बात कही। मुफ्ती मोहम्मद सालिम ने बताया कि मुसाबक का असल मकसद तालीमी बेदारी (शिक्षा के प्रति जागरूकता) लाना है। समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं होते रहनी चाहिए। मौलाना इनामुल हसन ने कहा कि तालीम, शिक्षा के जरिए बच्चों में अदब,समझ बूझ पैदा होती है जिससे वो अपने अच्छे-बुरे की पहचान रख पाता है। पहले दिन की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्तर पर मोहम्मद अबु जैद मदरसा जामिया अरबिया पावर हाउस कैंप 2 अव्वल, शम्स अतहर मदरसा तालीमुल कुरान रांका दूसरे और मोहम्मद सोहेल मदरसा उरूज उल इस्लाम कटघोरा तीसरे रहे। इसके अलावा भाग लेने वाले तमाम तालिबे इल्म को इनाम दिए गए।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पदेन उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला दुर्ग डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा माह अक्टूबर 2024 में मेसर्स शुभम के मार्ट उतई से बाम्बे हलवा व रसगुल्ला, कपूर बेकरी पोलसायपारा से पाव ब्रेड, ब्लू बेवरेजेस अम्लेश्वर, अमर बेवरेजेस भिलाई व शिव भक्ति बेवरेजेस कैलाश नगर से पनी पाउच, शंकर डेयरी से खोवा एवं पनीर, समीर डेयरी से घी, सखी आनंदम महका से गेड नूडल्स, श्रीराज स्वीट्स दुर्ग से मिनी पेड़ा व बेसन लड्डू का नमूना संकलन कर (कुल 14 नमूना) आज 22 अक्टूबर को जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दुर्ग से मिली

## विभिन्न मांगों को लेकर महापौर ने कलेक्टर से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

महापौर धीरज बाकलीवाल ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा।उन्होंने बताया कि नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर मे विभिन्न स्थानों पर बीएसएनएल एवं शहर के सड़क किनारे व वार्डो के भीतर सीएसपीडीसीएल विद्युत विभाग के बहुत पुराने एवं अनुपयोगी पोल जहां-तहां लगे हुए है, जिसके कारण दुर्घटना हो रही है, व्यर्थ ही आवागमन मे अवरोध तथा अतिक्रमण मे सहायक, पार्किंग एवं सौंदर्याकरण हेतु बाधा बने हुए है। ऐसे खम्भों को हटाया जाना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा सभी अनुपयोगी खम्भों को जांचकर शीघ्र हटाये जाने संबंधित विभाग को निर्धारित समयावधि देकर हटाये जाने निर्देशित करने की चर्चा की।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से नगरीय निकाय निर्वाचन 2024 हेतु दुर्ग शहर के सभी मतदान केन्द्रों मे 16.10.24 से 23.10.24 तक नाम जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें 01 जनवरी 2024 तक जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, केवल उन्हीं युवाओं का नाम जोड़ा जा रहा है। जबकि उसके पश्चात् दस माह और बीत चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान आवेदन जमा करने के अंतिम दिनांक तक जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष हो चुकी है उन सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट मे जोड़ा जाना आवश्यक है।जिससे कि वे अपने मताधिकार का सही समय पर उपयोग कर सके।

## अवैध रेत परिवहन एवं उत्खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, अवैध रेत सहित 9 वाहन जब्त



पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत खनन और भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई जिसमें विगत दो दिनों में हाइवा एवं ट्रैक्टर सहित 9 रेत से भरे वाहन ज़ब्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी के. के. बंजारे ने बताया कि देर रात एवं सुबह खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के संबध में जांच की गई।जांच के दौरान पलारी तहसील तहसील अंतर्गत ग्राम गिधपुरी एवं तहसील लवन में महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन संलिप्त 9 वाहन जब्त किया गया है।सभी जब्त कर वाहन नजदीकी थाना के सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है की कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में रेत के अवैध कारोबार के मामले में अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। अवैध रेत के भंडारण,अनुमति और उत्खनन, परिवहन के साथ-साथ रॉयल्टी पर्ची आदि सभी दस्तावेजों के परीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। सोनी ने कहा है कि ऐसी कार्रवाईयां आगे भी जारी रहेंगी।

## सराहा गया सेवानिवृत्त शिक्षकों का समाज के प्रति योगदान



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड भिलाई में सुदीर्घ सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी गई। प्राचार्य दीप्ति तिवारी, शिक्षकगणों और शाला परिवार के समस्त सदस्यों ने इन सेवानिवृत शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया तथा सेवानिवृत्ति के उपरांत जीवन के नए पड़ाव की शुभकामनाएं दी। इन सेवानिवृत्त शिक्षकों में कंचन लता घई, मिनाली देशपांडे, अंगेश्वर देशकर, और एयू खान को भावभीनी विदाई दी गई। प्राचार्य तिवारी के साथ शिक्षकगणों रूबी जॉनसन, हरेंद्र तोमर, ए दिल्लीवार और निधि पटेल ने सभी सेवानिवृत शिक्षकों की कर्तव्य निष्ठा और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान कुछ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सुमधुर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सेवानिवृत हुए शिक्षकगणों ने अपना सेवाकाल याद किया तथा सम्मान के लिए आभार जताया। इस दौरान बीके दास, जेके शुक्ला, डीडी वर्मा, विनय चंद्राकर, आडिल, रिंकू चक्रवर्ती, ललिता सिंह, माया वाहने, ऋतु वर्मा, प्रीत कौर, प्रेम लता बघेल, लीना देवांगन, पी देशमुख, यशोदा साहू, उषा रानी वर्मा और रेखा जनबंधु के साथ छात्र-छात्राओं ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

## महापौर परषिद के नए सद्स्यों ने सम्हाला कार्यभार, महापौर व सभापति ने दी बधाई



पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com

रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद में शामिल 4 नए पार्षद ने बुधवार को कार्य सम्हाला। एम.डी. जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, संजू नेताम और ममता यादव ने पूजा अर्चना कर अपने चेम्बर में बैठे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एमआईसी कार्यो की समीक्षा करने विभागवार बैठक बुलाने निर्देश भी दिए। चारों एमआईसी महापौर कार्यालय पहुंचे। थोड़ी देर बाद महापौर शशि सिन्हा और सभापति केशव बंछोर के मार्गदर्शन में सबसे पहले आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग प्रभारी एम.डी. जहीर अब्बास ने कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद स्वास्थ्य तथा स्वच्छता विभाग प्रभारी संजू नेताम, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं विद्युत विभाग प्रभारी ममता यादव और अंत में जल कार्य विधि सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी अनिल देशमुख ने अपने कक्ष में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सनीर साहू, परमेश्वर कुमार, पार्षद ईश्वरी साहू, सरिता देवांगन आदि उपस्थित थे। एमआईसी कार्यभार ग्रहण करने के बाद महापौर शशि सिन्हा ने गुरूवार को अपने परिषद की बैठक आयोजित की है। बैठक महापौर कक्ष में दोपहर 1 बजे होगा। इस बैठक में परिषद के नए सदस्य भी शामिल होंगे।

# जर्ज़र सड़कों का बी.टी. पैच रिपेयर हुआ शुरू, आमजनो में खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के सार्थक व निर्देश पर जिले के जर्ज़र सड़कों का बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य शुरू हो गया है।जिससे आमजनों में खुशी की लहर है। अब तक 3 सड़कों की कुल लम्बाई 63.7 किलोमीटर में से करीब 32.30 किलोमीटर का पैच रिपेयर पूरा हो गया है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता टी. सी. वर्मा ने बताया कि बलौदाबाजार रिसदा हथबंद मार्ग लम्बाई 47 किलोमीटर में से 23 किलोमीटर का पैच रिपेयर पूर्ण हो गया है। इसी तरह भाटापारा-जरौद-सुहेला-हिरमी-मोहरा मार्ग लम्बाई 14.40 किलोमीटर में से 7 किलोमीटर एवं कसडोल शहर मार्ग कुल लम्बाई 2.30 किलोमीटर का पैच रिपेयर पूर्ण हो गया है। शेष लम्बाई की पैच रिपेयर अगले माह तक पूर्ण हो जायेगा। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों में बलौदाबाजार बायपास मार्ग, नादघाट-भाटापारा-बलौदाबाजार मार्ग, कसडोल पिथौरा मार्ग, कसडोल-बल्दाकच्छार मार्ग का भी बी.टी. रिपेयर शुरू हो जाएगा।

## पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस विभाग के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर किये नमन

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

पीएमश्री गुरु घासीदास शास उच्च माध्य अंग्रेजी माध्यम के बच्चों ने पुलिस स्मृति दिवस में शहीद संतराम साहू की शहादत को याद किए। विद्यालय से रैली निकालकर बाजार चौक होते हुए जनपद पंचायत में शहीद संतराम साहू के स्मारक तक शहीद संतराम साहू अमर रहे का नारा लगाते हुए गए। जहां प्राचार्य ने सब इंस्पेक्टर नायक के साथ संतराम साहू के स्मारक में माला पहनाकर, नारियल, अगरबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद संतराम साहू हमारे विद्यालय के गौरव थे जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति राजनादगांव के मदनवाडा में नक्सली मुड़भेड में देकर नगर को गौरवान्वित किया है, हमें उनके जज्बे को सैल्यूट करना चाहिए तथा बच्चों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करते हुए सभी 1 मिनिट का मौन धारण कर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित किए । इस रैली में प्राचार्य के साथ एस आई नायक, मुंशी कुर्रे व समस्त स्टाफ उपस्थित थे।




## सरदार हरमीत सिंह चावला का निधन



रायपुर। शंकर नगर निवासी सरदार हरमीत सिंह चावला सुपुत्र स्व. मनोहर सिंह चावला होटल सुदेश वाले का आकस्मिक निधन 23 अक्टूबर को हो गया है। उनकी शवयात्रा गुरूवार को उनके निवास स्थान सुदेश श्रीराम नगर फेस 2 शंकर नगर से सुबह 10 बजे आरम्भ हो के देवेन्द्र नगर मोक्ष धाम के लिए जावेगी।

## निगम भिलाई के अधिकारी/कर्मचारियो को मिलेगा 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का लाभ

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग ने राज्य के सभी शासकीय कर्मचारियो के वेतन में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते में वृद्धि की है। 15 मार्च 2024 के द्वारा सातंवा वेतनमान में 1 मार्च 2024 से देय 46 प्रतिशत महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि कर 50 प्रतिशत किया गया है। आदेश के परिपालन में आयुक्त बजरंग दुबे ने नगर निगम भिलाई में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियो के वेतन में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते के आदेश जारी किये है। नियमित कर्मचारियो को महंगाई भत्ता दिनांक 1 अक्टूबर 2024 से स्वीकृत किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई में सभी नियमित अधिकारी/ कर्मचारियो को अब 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते लाभ शीघ्र ही दिया जायेगा। जो उनके वेतन में सीधे जुड़कर उनके खाते में भेजा जाएगा। आदेश जारी होने से निगम के सभी अधिकारी/कर्मचारी हर्षोल्लास के साथ आयुक्त को धन्यवाद दिये।



## संपादकीय

# जम्मू कश्मीर आतंकी हमला

**जम्मू कश्मीर** में आतंकवादियों ने सात लोगों की नृशंस हत्या कर दी है। सात लोगों की कायरतापूर्ण नृशंस हत्या से जम्मू कश्मीर में लक्षित हत्याओं का परेशान करने वाला 'पैटर्न' फिर उभरता लग रहा है। मारे गए लोग एक निर्माण टीम का हिस्सा थे जो मध्य कश्मीर के गगनगिर से सोनामर्ग को जोड़ने वाली 'जेड मोर्ह सुरंग' पर काम कर रहे थे। इसके साथ ही राजधानी में एक और बम धमाका हुआ जिसमें कोई घायल नहीं हुआ। इससे विभिन्न आतंकी समूहों के बीच संभावित समन्वय तथा घाटी और उसके बाहर हिंसा फैलाने की चिंताजनक रणनीति का संदेह होता है। हालांकि, इन घटनाओं के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है, पर व्यापक सुरक्षा खतरे की आशंका को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। यह नवीनतम हमला क्षेत्र में प्रवासी कामगारों के खिलाफ बढ़ती हिंसा की परेशान करने वाली प्रवृत्ति प्रदर्शित करता है क्योंकि यह ऐसी पांचवीं घटना है। हालिया हत्याओं से कश्मीर में लगातार जीवन पर खतरा रेखांकित होता है। आतंकी हमलों की हालिया लहर सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण कमी का भी संकेत करती है। हालांकि, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला तथा उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इन आतंकी हमलों की निन्दा की है तथा दोषियों को सजा दिलाने का वादा किया है, लेकिन बार-बार होने वाले इन हमलों



की प्रकृति से आतंकवाद-विरोधी उपायों तथा सुरक्षा प्रोटोकालों में गंभीर चुनौतियों का पता चलता है। इन हत्याओं की लक्षित प्रकृति एक जानी समझी रणनीति का हिस्सा है जिसका उद्देश्य प्रवासी कामगारों में भय पैदा कर वर्तमान समय में जारी विकास परियोजनाओं में बाधा डालना है।

ढांचागत निर्माण में लगे प्रवासी कामगारों पर निशाना लगा कर आतंकी वे आर्थिक गतिविधियां रोकना चाहते हैं जिनसे इस क्षेत्र में स्थिरता आ सकती है। ऐसी घटनाओं से न केवल विकास बाधित होता है, बल्कि कामगारों का विश्वास भी डगमगाता है जो प्रमुख ढांचागत परियोजनाओं में अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है। इसके साथ ही हमले व्यापक रूप से उस तुलनात्मक शांति को नष्ट करना चाहते हैं जो हालिया वर्षों में बनी हुई है। सुरक्षा उपायों में वृद्धि तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सेना की उपस्थिति के बावजूद आतंकी सिविलियनों पर हमले करने में सफल हो रहे हैं। इससे खुफिया सूचनायें प्राप्त करने में भारी कमी तथा आतंकियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में कमियों का लाभ उठाने की क्षमता प्रकट होती है जिससे वे आसान शिकार समझे जाने वाले समूहों पर निशाना लगाते हैं। इसे देखते हुए जम्मू कश्मीर में सुरक्षा उपायों की समग्र समीक्षा तत्काल जरूरी हो गई है। हालांकि सैनिक कार्रवाई जरूरी बनी हुई है, पर खुफिया सूचनायें एकत्र करने की प्रभावी व्यवस्था भी होनी चाहिए। इसके लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय तथा अतिवादी तत्वों का मुकाबला करने के लिए 'समुदाय-आधारित दृष्टिकोण' अपनाना भी जरूरी हो गया है। वर्तमान स्थिति उन शिविरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के उच्चीकरण की जरूरत बताती है जहां प्रवासी श्रमिक रहते हैं। अधिक संख्या में प्रवासी श्रमिकों को काम देने वाली परियोजनाओं को उपयुक्त सुरक्षा दी जानी चाहिए। ऐसी आतंकी घटनायें बढ़ने से सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का मुद्दा भी सामने आता है। ऐसे में एक एकीकृत राजनीतिक रणनीति की जरूरत है जो न केवल तात्कालिक सुरक्षा चुनौतियों, बल्कि अशांति का कारण बनने वाली सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों को भी संबोधित करे। स्थानीय स्तर पर आर्थिक अवसर प्रदान करने, शैक्षणिक पहलों तथा खुफिया नेटवर्क मजबूत करने से सुरक्षा स्थितियों में सुधार होगा।

# पीएम-गतिशक्ति : महत्वपूर्ण पहल

'पीएम-गतिशक्ति' पहल भारत की ढांचागत संरचना में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। डिजिटल नियोजन उपकरणों के प्रयोग से परियोजनायें जल्दी पूरी होती हैं तथा बहुआयामी कनेक्टिविटी में सुधार होता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



उद्योग एवं आंतरिक व्यापार प्रोत्साहन विभाग-डीपीआईआईटी विभाग के सचिव अमरदीप सिंह ने अब तक 'पीएम गतिशक्ति' पहल में 208 बड़ी परियोजनाओं की संस्तुति की है जिनमें सड़क, रेलवे, शहरी विकास तथा तेल व गैस क्षेत्र की 1539,000 करोड़ की परियोजनायें शामिल हैं। इन परियोजनाओं की संस्तुति अंतर-मंत्रालयी समूह द्वारा की गई है जिसे नेटवर्क प्लानिंग समूह-एनपीजी कहा गया है। इसका गठन पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान-एनएमपी के अंतर्गत हुआ है। अक्टूबर, 2021 में शुरू पीएम गतिशक्ति एनएमपी 100 लाख करोड़ की परियोजनाओं का संचालन करता है जिसका उद्देश्य अगले पांच साल में भारत की ढांचागत संरचना में क्रांतिकारी परिवर्तन करना है। इसका उद्देश्य एक विश्वस्तरीय समन्वित ढांचा तैयार करना है जो जीवन स्थितियों में सुधार करे, आर्थिक वृद्धि को गति दे तथा भारतीय बिजनेसों को ज्यादा प्रतियोगी बनाए। इसके लिए परियोजनायें पूरी करने में तेजी लाना, समय सीमा घटाना, बहुआयामी कनेक्टिविटी में सुधार करना, विभिन्न क्षेत्रों में क्षमता बढ़ाना, लाजिस्टिक्स में सुधार करना, रोजगार सृजन करना तथा खोजों को बढ़ावा देना प्रमुख कार्य हैं। पीएम गतिशक्ति एनएमपी का विकास एक डिजिटल मास्टर प्लानिंग टूल के रूप में किया गया है।

यह गतिशील भौगोलिक सूचना व्यवस्था-जीआईएस प्लेटफार्म पर काम करती है। यहां ढांचागत संरचनाओं से संबंधित सभी 16 मंत्रालयों व विभागों की विशिष्ट कार्ययोजनाओं तथा राज्यों का डेटा एक समग्र डेटाबेस में समाहित होता है। एनएमपी पोर्टल में जियोस्पेटियल डेटा के 1,600 से अधिक स्तर हैं जिनमें किसी क्षेत्र के सभी भौतिक व सामाजिक ढांचागत डेटा प्रदर्शित होते हैं। इनमें भूमि, बंदरगाह, जंगल व राजमार्ग आदि शामिल हैं। एनएमपी लगभग सात प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करता है जो आर्थिक वृद्धि तथा सहज कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हैं। इन क्षेत्रों में सड़कें, रेलवे, बंदरगाह, हवाईअड्डे, व्यापक परिवहन, जलमार्ग तथा लाजिस्टिक ढांचा शामिल है। इनको विभिन्न क्षेत्रों से समर्थन और सहयोग मिलता है जिनमें ऊर्जा, संचार, आईटी संचार, पानी व सीवेज की उपलब्धता तथा सामाजिक ढांचा शामिल हैं। ऊर्जा के अंतर्गत सभी ईंधन, जैसे पेट्रोल, डीजल, एटीएफ, प्राकृतिक गैस व बिजली आदि आते हैं। अंतर-मंत्रालयी एनपीजी में कनेक्टिविटी, ढांचागत मंत्रालय व विभागों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं जो नेटवर्क नियोजन विभाग के साथ विचार-विमर्श कर एकीकृत नियोजन व प्रस्तावों का समेकन सुनिश्चित करते हैं।

एनपीजी हर पखवाड़े मिलती है तथा ढांचागत परियोजनाओं पर विचार कर इनकी मल्टी-मोडेलिटी सुनिश्चित करती है। इसका अर्थ है कि फैक्ट्री, बंदरगाह व गोदाम से उपयोगकर्ता के स्थान तक अनेक परिवहन माध्यमों में समन्वय बनाया जाता है। इसके साथ ही परियोजना स्थल और उसके आसपास समग्र विकास के लिए प्रयासों में समन्वय होता है। 500 करोड़ रुपये से अधिक की सभी ढांचागत परियोजनायें एनपीजी के माध्यम से लागू होती हैं। नियोजन स्तर पर डीपीआर बनाने के पहले ही एनपीजी की संस्तुति जरूरी होती है। इसके बाद परियोजना को सार्वजनिक निवेश बोर्ड-पीआईबी या सार्वजनिक निवेश बोर्ड-पीआईबी या वित्त मंत्रालय के अंतर्गत खर्च विभाग और कैबिनेट की संस्तुति की सामान्य प्रक्रिया की जरूरत होती है। सरल भाषा में कहें तो एनएमपी एक केन्द्रीकृत पोर्टल प्रदान करती है जिसमें सभी वर्तमान परियोजनाओं या पहलों, क्रियान्वित हो रही परियोजनाओं तथा नियोजन के स्तर पर परियोजनाओं की पूरी तस्वीर सामने आती है। इससे सभी मंत्रालयों व विभागों संबंधी सभी महत्वपूर्ण डेटा सामने आते हैं जिनकी आवश्यकता नियोजन या क्रियान्वयन को सक्षम बनाने के लिए होती है। इससे ढांचागत संरचना में महत्वपूर्ण कमियों का पता चलता है तथा परिवहन के सर्वाधिक सक्षम तरीके तलाशने में सहायता मिलती है। इससे खर्च कम होता है तथा विलंब न्यूनतम हो जाता है। पीएम गतिशक्ति पहल के अंतर्गत बंदरगाहों की ढांचागत संरचना में 156 कमियों की पहचान की गई है जो कोयला, सीमेंट, उर्वरक तथा अनाज जैसी बड़ी मात्रा में चीजों के परिवहन में सामने आती थीं।

इस योजना से परियोजनाओं को प्राथमिकता देने में भी सहायता मिलती है। इसमें सभी क्षेत्रों से समुचित संवाद शामिल है। इससे सुनिश्चित होता है कि मंत्रालय परियोजनाओं को एकसाथ रखने तथा संसाधनों का उपयुक्त आबंटन करने में सामंजस्य से काम करते हैं। इससे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को महत्व मिलता है तथा चीजों का दुहराव नहीं होता है और कमियां दूर की जाती हैं। मंत्रालय द्वारा डीपीआर बनने से पहले ही एनपीजी की स्वीकृति से सही पसंद करने में आसानी होती है, विलंब से बचा जा सकता है तथा संसाधनों की भारी बरबादी थमती है। यह पहले की व्यवस्थाओं में आम बात थी जब मंत्रालय और विभाग अलग-अलग काम करते थे, उनके बीच समन्वय का अभाव था तथा वे दूसरे विभागों में कार्य की प्रगति से अनजान रहते थे।

इसके साथ ही उनको प्रमुख पैरामीटरों पर उपलब्ध डेटा का लाभ नहीं मिलता था। पीएम गतिशक्ति एक जीवन्त व्यवस्था है जो परियोजनाओं के नियोजन व क्रियान्वयन के निर्देशन में उपयोगी गतिशील ढांचा पेश करती है। इसमें निगरानी के लिए उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों का प्रयोग होता है जिससे मंत्रालय कार्य की प्रगति पर नजर रख सकते हैं तथा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए उपयुक्त आवश्यक संशोधन कर सकते हैं। पीएम गतिशक्ति के अंतर्गत सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों की क्षमता में असाधारण सुधार हुआ है। इनमें बंदरगाह, हवाईअड्डे, रेलवे, राजमार्ग, सड़कें, आदि शामिल हैं। यह पीएम गतिशक्ति के अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। लेकिन अभी हमें लंबा रास्ता तय करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2019-20 के अपने पहले बजट में अगले पांच साल में ढांचागत संरचना में 100 लाख करोड़ रुपये निवेश की बात कही थी। इसमें से 39 प्रतिशत या 3900,000 करोड़ केन्द्र तथा समान राशि राज्यों की ओर से आनी थी, जबकि बाकी 2200,000 करोड़ निजी क्षेत्र से आना था। इसके विपरीत पीएम गतिशक्ति के अंतर्गत निवेश केवल 1539,000 करोड़ आया है जो केवल 15 प्रतिशत है। यदि हम इसे केन्द्र द्वारा निवेश प्रतिबद्धता का केवल एक हिस्सा मान लें तो भी यह लगभग 40 प्रतिशत होता है।

जहां तक राज्यों का सवाल है, वे 3900,000 करोड़ निवेश के अपने लक्ष्य से बहुत पीछे हैं। उत्तर प्रदेश और गुजरात को छोड़ कर अनेक अन्य राज्यों ने अभी पीएम गतिशक्ति प्लेटफार्म पर स्वयं को जोड़ा भी नहीं है। यह प्लेटफार्म पारदर्शिता सुनिश्चित कर कमियों की पहचान करता है तथा संस्तुतियों की तेजी से सहमति में बेहतर समन्वय का काम कर सकता है, लेकिन यह विकल्प नहीं बन सकता है। केन्द्र तथा राज्यों के स्तर पर संस्तुतियां संबंधित अधिकारियों से ही मिलनी होती हैं। इसलिए परियोजनाओं में खासकर उन स्थितियों में काफी विलंब होता है, जब उनको पर्यावरण अनुमतियों की आवश्यकता हो या भूमि अधिग्रहण की अनुमति लेनी हो।

स्थानीय स्तर पर परियोजनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन परियोजनाओं में और ज्यादा विलंब का कारण बनते हैं। अपने पुराने दृष्टिकोण पर कायम रहने के कारण अक्सर संसाधनों पर दावों के मामले में विवाद होता है। सड़कों और रेलवे के मामले में ऐसे टकराव परियोजना में विलंब का कारण बनते हैं। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों के बीच भी समन्वय का अभाव हो सकता है, जैसा कि 'सागरमाला' व 'भारतमाला' परियोजनाओं में हो रहा है। इसे परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित होती है। पुराना या अधूरा डेटा भी बड़ी समस्या का कारण बनता है। उदाहरण के लिए केवल 13 राज्यों में भूमि रिकार्डों का डिजिटलीकरण हुआ है। इससे राज्यों में परियोजनाओं में विलंब होता है। अनेक जिलों में ग्रामीण सड़क परियोजनाओं की नियमित निगरानी के अभाव में इनको पूरा होने में विलंब होता है।

ये बाधायें भारतीय बिजनेसों को ज्यादा प्रतियोगी बनाने तथा आम आदमी की जीवन सुगमता के रास्ते में आड़े आती हैं। ऐसे में पीएम गतिशक्ति की पूर्ण क्षमता प्राप्त करने के लिए सभी पक्षों, खासकर राज्यों को एकसाथ आकर बाधायें दूर करनी होंगी।

# बढ़ती वैश्विक मांग और भारत का कार्यबल

“ इस अवसर का लाभ उठाने के लिए भारतीय प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय नियोक्ताओं से जोड़ने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण की आवश्यकता है। ”

**अदिति बनर्जी**
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)



भारत की श्रम शक्ति इसकी सबसे बड़ी संपत्तियों में से एक है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग सहित विभिन्न उद्योगों में लाखों कुशल श्रमिक फैले हुए हैं। हालांकि, प्रतिभा की इस प्रचुरता के बावजूद, इनमें से कई श्रमिक देश के भीतर उपयुक्त रोजगार पाने के लिए संघर्ष करते हैं।

दूसरी ओर, वैश्विक श्रम बाजार में इन क्षेत्रों में लगातार कमी आ रही है। इस अंतर को पाटना एक महत्वपूर्ण चुनौती रही है। पिछले एक दशक में, यूरोप, मध्य पूर्व और एशिया के कुछ हिस्सों में कुशल श्रमिकों की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती आबादी, बदलती कार्य प्राथमिकताएँ और विकसित होती तकनीकी ज़रूरतों जैसे कारकों ने इन क्षेत्रों को भारत जैसे देशों से प्रतिभाओं की तलाश करने के लिए प्रेरित किया है। स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, आईटी और लॉजिस्टिक्स कुछ ऐसे उद्योग हैं जो सबसे ज़्यादा कमी का सामना कर रहे हैं। हमें इस मांग को जल्दी पहचानने और कुशल भारतीय पेशेवरों को वैश्विक नियोक्ताओं से जोड़कर जवाब देने की ज़रूरत है। इससे भारतीय श्रमिकों के कौशल सेट को अंतरराष्ट्रीय मानकों और नौकरी की आवश्यकताओं के साथ संरेखित करने में मदद मिलेगी, जिससे हजारों लोगों को विदेशों में सुरक्षित रोज़गार मिलेगा। वैश्विक लामबंदी के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण। कार्यबल लामबंदी मॉडल को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रक्रिया श्रमिकों और नियोक्ताओं दोनों के लिए सुचारू और पारदर्शी हो।

संगठन कई प्रमुख चरणों पर ध्यान केंद्रित करता है: प्रतिभा और कौशल अंतराल। हमें उम्मीदवारों का गहन मूल्यांकन करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे अंतर्राष्ट्रीय नौकरी की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। शीर्ष प्रशिक्षण संस्थानों के साथ सहयोग करके, वे उन उम्मीदवारों को कौशल विकास के अवसर भी प्रदान करते हैं जिन्हें इसकी आवश्यकता है। जर्मनी, कनाडा और यूएई जैसे देशों में नियोक्ताओं के साथ स्थापित संबंधों के साथ, संगठन यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उम्मीदवारों को उनकी योग्यता और आकांक्षाओं से मेल खाने वाली भूमिकाएं दी जाएं। विदेश में नौकरी मिलना विनियामक बाधाओं से भरा होता है, लेकिन वीज़ा, दस्तावेज़ीकरण और कानूनी अनुपालन के साथ पूर्ण सहायता प्रदान करने से यह सुनिश्चित होता है कि उम्मीदवार प्रशासनिक देरी के बिना अपने करियर के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

संगठन नियुक्ति के बाद सहायता प्रदान करता है, स्थानांतरण के साथ सहायता प्रदान करता है और उम्मीदवारों को नए सांस्कृतिक वातावरण में समायोजित करने में मदद करता है। यह विदेश में काम करने वाले श्रमिकों के लिए दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करता है। उद्योग के भविष्य को आकार देना व्यक्तिगत नियुक्तियों से परे, संगठन का काम अंतरराष्ट्रीय श्रम प्रवास के व्यापक परिदृश्य को आकार देना है। निष्पक्ष भर्ती प्रथाओं और श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक प्रणाली होनी चाहिए। यह एक ऐसे उद्योग में महत्वपूर्ण है जो अक्सर श्रमिक शोषण और अनैतिक भर्ती एजेंसियों की कहानियों से ग्रस्त रहता है।

एक पारदर्शी प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि श्रमिकों को विदेश यात्रा करने से पहले उनके अनुबंध की शर्तों के बारे में पूरी जानकारी हो। यह दृष्टिकोण न केवल भारतीय श्रमिकों के हितों की रक्षा करता है, बल्कि वैश्विक नियोक्ताओं के साथ विश्वास भी बनाता है।

कुशल श्रम की वैश्विक मांग अब तक के उच्चतम स्तर पर है, और भारत में इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रतिभा है। इस कमी को पूरा करने के लिए कई संगठनों ने हाथ बढ़ाया है। 'मैजिक बिलियन' विदेशों में भारतीय श्रमिकों के लिए सम्मानजनक, अच्छे वेतन वाले रोजगार के अवसर पैदा करता है। 2018 में शुरू होने के बाद से, इसने 4,000 से अधिक भारतीय श्रमिकों को वैश्विक भूमिकाओं में नियुक्त करने में मदद की है।

यह केवल व्यक्तियों को नौकरी खोजने में मदद नहीं कर रहा है; हम ऐसे स्थायी करियर का निर्माण कर रहे हैं जो श्रमिक और उनके परिवारों दोनों को ऊपर उठाएं।इस तरह के संगठन के काम का एक विशेष रूप से उल्लेखनीय पहलू महिलाओं और युवा पेशेवरों पर इसका ध्यान केंद्रित करना है। वैश्विक नौकरी बाजार इन समूहों के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करता है, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा और आतिथ्य जैसे उद्योगों में। लक्षित कार्यक्रमों को इन क्षेत्रों में प्रवेश करने और विदेशों में उच्च वेतन वाली नौकरियों को सुरक्षित करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए।

यह भारत जैसे देश में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहाँ कई क्षेत्रों में महिलाओं के रोजगार में बाधाएँ अभी भी व्याप्त हैं। उदाहरण के लिए, नर्सिंग पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करने के संगठन के प्रयासों ने सैकड़ों महिलाओं के लिए उन देशों में काम करने के अवसर खोले हैं जहां स्वास्थ्य सेवा कर्मियों की मांग बढ़ रही है। इससे न केवल व्यक्ति को लाभ होता है, बल्कि उनके परिवारों और समुदायों पर भी इसका खासा प्रभाव पड़ता है।

भारत का कुशल श्रम बल न केवल उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में योगदान दे रहा है जहाँ वे काम करते हैं, बल्कि भारत को भी महत्वपूर्ण लाभ पहुँचा रहा है। विदेशी श्रमिकों द्वारा घर भेजे जाने वाले धन विदेशी मुद्रा का एक प्रमुख स्रोत हैं और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्रमिकों को वैश्विक नौकरियों में रखकर, हम घरेलू बेरोजगारी के कुछ दबावों को कम करने में मदद कर सकते हैं। यह विशेष रूप से निर्माण जैसे क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है जहां भारत में कुशल श्रमिकों की अधिकता है।

## आप की बात

### आतंकी हमला

**जम्मू कश्मीर** के गांदरबल में रविवार रात को हुए आतंकी हमले ने इस संघशासित क्षेत्र में शांति की नाजुक स्थिति एक बार फिर उजागर कर दी है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नेशनल कान्फ्रेंस की सरकार बनने के बाद आतंकवादियों ने फिर से अपनी नापाक हरकतें शुरू कर दी है। जबकि जम्मू कश्मीर में पहले लोकसभा और फिर विधानसभा के चुनाव शांतिपूर्वक हो गए। विधानसभा चुनाव में तो हिंसा की एक भी घटना नहीं हुई और दशकों बाद मतदाताओं ने बड़ी संख्या में रिकार्डतोड़ मतदान किया। यह आतंकवादियों के लिए बड़ी विफलता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाहिर हो गया कि कश्मीर से आतंकवाद समाप्ति की ओर है। जैसे बुझने के पहले दिया फड़फड़ाता है, वैसे ही जम्मू कश्मीर में आतंकी अपने खात्मे के ताबूत में अंतिम कील ठोक रहे हैं। अब्दुल्ला सरकार को सुरक्षा बलों को पूरा सहयोग देकर तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन को अधिक सजग करके स्थिति को काबू में रखना होगा । खासतौर से आतंकियों को सहयोग देने वाले स्थानीय नागरिकों को चिन्हित करना जरूरी है क्योंकि उनके सहयोग के बिना आतंकवादी कुछ भी नहीं कर सकते हैं। कश्मीर की सभी लोकतांत्रिक शक्तियों को इस मामले में राज्य व केन्द्र सरकार से एकजुटता दिखानी चाहिए।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### नेतनयाहू पर निशाना

**हिजबुल्ला** आतंकियों ने इस्राइली प्रधानमंत्री नेतनयाहू के घर पर ड्रोन से निशाना लगाकर अपनी मौत को आमंत्रित किया है। नेतनयाहू ने स्वयं कहा है कि उनको व उनकी पत्नी को मारने की कोशिश कर हिज्बुल्ला ने बड़ी गलती कर दी है। हिजबुल्ला के इस हमले ने नेतनयाहू को अपने देश और दुनिया में ज्यादा मजबूत कर दिया है। इससे नेतनयाहू की नीतियों का समर्थन न करने वाले लोग भी उनके साथ एकजुट हो गए हैं। इस्राइल की जनता का एक हिस्सा भले ही अनेक नीतियों के मामले में नेतनयाहू का समर्थक न हो, पर राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में वह पूरी तरह एकजुट है। हिजबुल्ला के इस हमले से नेतनयाहू के प्रति उसकी एकजुटता और मजबूत हुई है। इससे नेतनयाहू के नेतृत्व में इस्राइली सेना हिजबुल्ला के उसी तरह पूर्ण सफाए के लिए संकल्पबद्ध हो गई है जिस तरह उसने गाजा में हमास का सफाया कर दिया है। अमेरिका ने भी हूती विद्रोहियों पर इसलिए हमले किए हैं क्योंकि वे समुद्री परिवहन को खतरे में डाल रहे थे। निश्चित रूप से पश्चिम एशिया में शांति जरूरी है, पर यह आतंकियों के सफाए की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। इन आतंकियों में हमास, हिजबुल्ला व हूती के साथ उनका समर्थक ईरान भी शामिल है।

**- एम.एम. राजावत,** शाजापुर

### महाराष्ट्र की राजनीति

**चुनाव** की घोषणा के बाद यह तय था कि महाराष्ट्र में मुकाबला इंडिया बनाम एनडीए होगा। लेकिन महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की लड़ाई लड़ने वाले मनोज जरांगे पाटिल ने चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा से दोनों पक्षों की नींद उड़ा दी है। जरांगे ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं कि वे दलित, मुस्लिम, मराठा एवं किसान की जुगलबंदी से महाराष्ट्र में नई राजनीतिक ताकत खड़ी करेंगे। महाराष्ट्र की राजनीति में इस प्रयोग से किसे नुकसान होगा, अभी इसका आकलन करना मुश्किल है। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण का विरोध करने का साहस किसी भी राजनीतिक दल को नहीं है, लेकिन इस मुद्दे पर लीपापोती के प्रयास भी लंबे समय से जारी हैं। ऐसे में मनोज जरांगे की चुनावी सफलता संदेह के घेरे में है। वैसे भी महाराष्ट्र में बहुकोणीय मुकाबले लगभग तय हैं क्योंकि वंचित बहुजन अघाड़ी तथा असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम किसी गठबंधन में शामिल नहीं हैं। ये दोनों पार्टियां दलित-मुस्लिम गठजोड़ बनाने का प्रयास कर रही हैं। कांग्रेस-रांकापा व उद्धव ठाकरे की चिन्ता मुस्लिम वोटों के संभावित विभाजन से और गहरा गई है। ऐसे में देखना होगा कि महाराष्ट्र की प्रबुद्ध तथा तुलनात्मक रूप से समृद्ध जनता राज्य में किसे सत्ता सौंपेगी।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### भारत-विरोधी रिपोर्ट

**ग्लोबल हंगर इंडेक्स** की रिपोर्ट में हमेशा दुनिया के देशों के मुकाबले भारत की स्थिति की तुलना बहस का विषय बनती है। 2024 में भी यही स्थिति है। भूख के मामले में 127 देशों की सूची में भारत 105 वें नंबर पर है और इसे बहुत ही चिंताजनक माना गया है। भले ही पिछले साल की तुलना में भारत की स्थिति सुधार पर है पर पड़ोसी और आर्थिक रूप से खस्ताहाल देश हमसे कहीं आगे दिखाए गए हैं। पश्चिमी दुनिया के कुछ संगठन तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर हमेशा भारत-विरोधी रिपोर्टें जारी करते रहते हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स इसका नमूना है। भारत सरकार देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को कोरोना काल से मुफ्त राशन दे रही है। यह दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सहायता योजना है। भारत की प्रगति के साथ ही ऐसी भारत-विरोधी रिपोर्टें उसके प्रति ईर्ष्या प्रकट करती हैं। नाबार्ड ने माना है कि पिछले दस साल में औसत भारतीय ग्रामीण परिवार की आमदनी में लगभग 40 प्रतिशत वृद्धि हुई है। ऐसे में भारत की अधिकांश जनता ऐसी रिपोर्टों पर हंसती है।

**-अमृतलाल मारू,** इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बॉयोमेट्रिक डिवाइस से और 17 प्रतिशत नमी तक ही की जाएगी किसानों से धान की खरीदी

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने राज्य में आगामी 14 नवंबर से प्रारंभ हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत जिले में धान खरीदी कार्य को सूचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु संबंधित विभागों के द्वारा की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### 17 प्रतिशत नमी तक ही धान की खरीदी की जाएगी

कलेक्टर ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले योजनाओं में से एक है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को इस दौरान केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, छांव, बैठक व्यवस्था, शौचालय एवं बिजली तथा इंटरनेट आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार धान की बिक्री हेतु सीमांत एवं लघु कृषकों को 2 टोकन एवं दीर्घ कृषकों को 3 टोकन प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा बॉयोमेट्रिक डिवाइस से सभी किसानों की धान की खरीदी की जाएगी। किसानों को साफसूथरा धान को ही धान खरीदी केन्द्रों में लाना आवश्यक है। इसके अलावा केवल 17 प्रतिशत नमी तक ही धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश

बैठक में उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी से जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम उपाय सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी ली। दुर्घटनाजन्य स्थानों को चिन्हित कर सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिला रेड  ास सोसायटी कार्यकारिणी के गठन हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने जिला रेडक्रास सोसायटी के साधारण सभा की बैठक भी निर्धारित तिथि को आयोजित कराने के निर्देश दिए।

# सभी बैंकर्स शासन के मंशानुरूप विशेष प्राथमिकता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण प्रदान करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी बैंकर्स को शासन के मंशानुरूप विशेष प्राथमिकता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि विद्यार्थियों के अध्ययन-अध्यापन हेतु समय पर मदद उपलब्ध हो सके। कलेक्टर चन्द्रवाल 22 अक्टूबर को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिलास्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक में उपस्थित बैंकर्स को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय पर आर्थिक मदद उपलब्ध कराकर उनके भविष्य के निर्माण में सहयोग प्रदान करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। जिसे ध्यान में रखते हुए शिक्षा लोन से प्राप्त प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, भारतीय रिजर्व बैंक के लाईनिंग आफिसर ई. गोपीनाथ, जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक सौरव जैन सहित बैंकर्स एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने बैंकवार अब तक शिक्षा लोन से संबंधित कुल एवं स्वीकृत प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी बैंकर्स को यह सुनिश्चित कराने को कहा कि कोई भी जरूरतमंद विद्यार्थी शिक्षा लोन प्राप्त करने से वंचित न रहे। बैठक में चन्द्रवाल ने आम जनता को बैंकिंग क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु आयोजित की जा रही वित्तीय साक्षरता शिविर के आयोजन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने बैंक अधिकारियों को अधिक से अधिक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन कर आम जनता को बैंकिंग क्रियाकलापों की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति योजना के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने बैंकवार प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति योजना के क्लेम से संबंधित लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने साख योजना 2024-25 की चर्चा के अलावा डिजिटल जिला बालोद में डिजिटल लेनदेन एवं बैंकिंग क्रियाकलापों के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने जिलास्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक में बैंकों के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

# नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने पाईपलाईन विस्तार के लिए किया गया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर बालोद के आदेशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर, व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी एवं व्यापारी संघ के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से मेन रोड के पुष्पा हॉस्पिटल से पुराना बाजार वीर नारायण सिंह चौक तक वार्ड क्रमांक 27, 24, 26, 25, 21, 20, 4, 3, 18, 19 ,10 एवं न्यू मार्केट गुप्ता चौक से जैन भवन चौक तक वार्ड क्रमांक 4 ,25 ,22 के वार्ड वासियों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु बीएसपी के पाइप लाइन से पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य हेतु निरीक्षण किया गया ताकि जल्द से जल्द समस्या का निदान कर वार्ड वासियों को शुद्ध पेयजल प्रदान किया जा सके।

# राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में कस्तूरबा विद्यालय का बेहतरीन प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



गुरुकुल खेल मैदान गौरेला पेंड्रा में 24वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पांच संभाग के 505 बच्चों ने भाग लिया। दुर्ग संभाग से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा से दो बच्चियों समीक्षा एवं सोनिया मांडवी ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए समीक्षा ने ताइकांडो में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। साथ ही सोनिया मंडावी ने ताइकांडो में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्राउन्स मेडल हासिल कर कस्तूरबा गांधी विद्यालय बेमेतरा को गौरवान्वित किया है। खेल प्रभारी राजकिरण मिश्रा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं इससे हमारे शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है खेल से बच्चों में स्पर्धा, समर्पण, मेहनत तथा टीम भावना का विकास होता है। विद्यालय की अधीक्षिका भारती धृतलहरे, ममता गुरुपंच, ज्योति चंद्राकार, शिखा चौबे, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिया, सावित्री, दीप्ति सभी ने दोनों बच्चियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

# हीमोग्लोबिन की जांच के साथ स्वच्छता ही सुरक्षा की शुरुआत हुई

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी पूर्व माध्यमिक शाला बेमेतरा में चिरायु योजना के तहत चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के द्वारा बच्चो की हीमोग्लोबिन की जाँच की गई।साथ ही हमारे संस्था की शिक्षिका रेणुका अग्रवाल के द्वारा स्वच्छता भी-सुरक्षा भी मुहीम की शुरुवात की गई। शिक्षिका रेणुका अग्रवाल मटका स्कूल की शिक्षिका ज्योति बनाफर से प्रेरित होकर अपनी शाला की बालिकाओं के लिए निःशुल्क सिनेटरी नैपकिन बैंक खोला। उन्होंने शाला को 100 पैड नैपकिन के दान देकर इसकी सुरुवात की। साथ ही संस्था के प्रमुख रामेश्वर बंजारे, रोहिणी साहू एवं देवकी साहू मैडम ने इस मुहीम मे सेनेटरी नैपकिन का दान देखकर अग्रवाल मैडम के सैनिटरी नैपकिन बैंक में अपना योगदान दिया।






# कन्या प्राथमिक शाला देवकर में परख सर्वे के लिए बच्चों को किया जा रहा तैयार

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले सहित पूरे राज्य में और समुचे देश भर में आगामी 4 दिसंबर को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी द्वारा आयोजित परख सर्वे 2024 की तैयारियां जोर शोर से कराई जा रही है। इस सर्वे के तहत कक्षा तीसरी, कक्षा छठवीं, और कक्षा नवमी के विद्यार्थियों का उनके अध्यापन कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा।



यह पहल नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शुरू की गई है। जिसका उद्देश्य देश की मूल्यांकन प्रणाली को मानकीकृत करना और शैक्षणिक स्तर में सुधार लाते हुए बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा हेतु भविष्य के लिए तैयार करना है। इसी के तहत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर विकासखण्ड साजा के कक्षा तीसरी के बच्चों को प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल द्वारा सतत रूप से ओएमआर शीट के माध्यम से तैयारी कराई जा रही है। गिरिजा पटेल कहती है कि ओएमआर सीट के माध्यम से अभ्यास बच्चों के लिए एक नया अनुभव रहा जिससे शाला के बच्चे रुचि पूर्ण तरीके से अभ्यास कर रहे है और उक्त शीट को हल करने के तरीके को समझ पा रहे है।

# अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा पटाखों को लेकर जारी किया गया एडवाइजरी

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिले में इस दीपावली पर्व के दौरान अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानी हेतु अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा एडवाइजरी जारी किया गया है। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने बताया कि इस दौरान लायसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें। यह सुनिश्चित करें कि गुणवत्ता वाले पटाखे खरीदें जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए अनुमोदित हो। इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क, बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए पानी की बाल्टी निकट रखें। आग से संबंधित चोट के जोखिम को कम करने के लिए सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें क्योंकि सिथेंटिक कपडे आसानी से आग पकड़ सकते हैं। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिए हमेशा एक व्यस्क को साथ रखें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा उपायों का पालन कर रहे हैं। पटाखे फोड़ने के बाद इस्तेमाल किए गए पटाखों का पानी की बाल्टी में सुरक्षित तरीके से निपटान करें ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना न हो। एक बार में एक ही पटाखे जलाएं एवं आग लगने की आशंका को देखते हुए एक साथ कई पटाखे जलाने से बचे। पटाखे में आग लगाने के बाद उससे सुरक्षित दूरी रखें। पटाखे जलाते समय हमेशा हवा की दिशा को ध्यान में रखें जिससे उसकी चिंगारी घरों या व्यक्तियों की ओर न उड़े। उन्होंने बताया कि इस दौरान घर के अंदर खिड़कियों के पास या अन्य बंद स्थानों पर कभी पटाखे न जलाए। पटाखे जलाते समय ढीले या लटकने वाले वस्त्र पहनने से बचें क्योंकि वे आसानी से आग पकड़ सकते है। ज्वलनशील पदार्थों के पास पटाखों का उपयोग न करें, पटाखों को सुखी पत्तियों, गैस सिलेण्डर या वाहनों जैसी वस्तुओं से दूर रखें। यदि कोई पटाखा जलने में विफल रहता है तो उसे पुनः जलाने का प्रयास न करें, अपितु कुछ देर प्रतीक्षा करने के उपरांत उसका सुरक्षित रूप से निपटान करें। यह सुनिश्चित करें कि पटाखे ऐसे स्थानों में न जलाए जाएं जो आग लगने की स्थिति में आपातकालीन निकास मार्ग को अवरूद्ध कर सकते है। तेल के दियों या मोमबत्तियों को जलते हुए उपेक्षित न छोड़े, विशेष रूप से पर्दा या ज्वलनशील पदार्थों के पास। किसी भी तरह की चोट लगने या जलने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें तथा उचित मार्ग दर्शन के बिना घरेलू उपचार न करें।

# लालपुर में संवैधानिक मूल्यों को लेकर हुई कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सद्भावना स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर विकासखंड नवागढ़ में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संवैधानिक मूल्यों पर आधारित शिक्षाप्रद नाटक की प्रस्तुति की गई। शाला के प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे ने इस कार्यशाला के माध्यम से बताया की सद्भावना के उद्देश्यों को प्राप्ति के लिए हमें समाज में शांति, सद्भाव, और एकता व अखंडता बनायें रखना है। इसके लिए इंसानों में लोगों के प्रति सम्मान, उदारता और सहयोग की भावना होना नितांत जरूरी हो जाता है, समानता में विश्वास, विविधताओं को सराहना आदि महत्वपूर्ण संवैधानिक मूल्यों की प्राप्ति होती है। नवाचारी शिक्षक शांत कुमार पटेल ने बताया कि सद्भावना स्कूल लालपुर में संवैधानिक मूल्यों को लेकर पिछले वर्षों से कार्य चल रहा है जिससे नए-नए परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सद्भावना स्कूल के कारण शाला प्रारम्भ एवं छुट्टी के समय प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राएं बिना लिंग भेद के लड़की और लड़का आगे पीछे ऊँचाई के हिसाब से कतारबद्ध होकर प्रार्थना करते है। सभी बच्चे मध्यान्ह भोजन में बिना लिंग भेद के कतारबद्ध रूप से बैठकर मध्यान भोजन करते हैं। और अन्य कार्य सभी छात्र-छात्राएं मिलकर एक साथ करते हैं। महात्मा गांधी के जीवनी को लेकर आयोजित कार्यशाला में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से अंकिता मैम, प्रधान पाठक रामायण मनहरे, बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक मोतीराम पात्रे, घनश्याम प्रसाद साहू, शांत कुमार पटेल उपस्थित रहे।

# आज छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ का प्रदेश स्तरीय बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल साहु ने बताया कि छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ द्वारा बस व्यवसाय की समस्याओं को परिवहन विभाग के समक्ष कई बार रखा किन्तु विभाग द्वारा उन सभी समस्याओं को अनदेखा करते हुए अपने ही तुगलकी फरमानों को लागू किया जिससे सब को समाधान कम परेशानियां अधिक हुई। अब हम सब को एकजुट हो कर धरना प्रदर्शन कर सड़क की लड़ाई लड़नी होगी और इसकी घोषणा उक्त बैठक में विचार विमर्श करने के बाद तय होगा कि आंदोलन की रूपरेखा क्या होगी। अतः सभी से आग्रह है कि 24 अक्टूबर को रायपुर बैठक में उपस्थित हो कर अपने व्यवसाय को सुरक्षित रखने का प्रयास करें। जहां पर विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा विषय में प्रमुख रूप से सेम समय, क्रॉसिंग समय, पर परमिट जारी करना, Vltd 3500 का 13500 लेना, आरटीओ कार्यालय, टीसी ऑफिस में साथ क्या-क्या हो रहा है, 88(8) all India permit क्या-क्या कर रहे हैं और कहां से चल रहे हैं और कहां चलना चाहिए कहां नहीं चलना चाहिए ,सिटी बस आने वाला बड़ा मुद्दा कहां चलना चाहिए कहां नहीं चलना चाहिये और भी मुद्दे बहुत है।

# समाधान महाविद्यालय में मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय एवं आईटीआई में मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बेमेतरा जिले के शासकीय पं.जवाहरलाल नेहरू कॉलेज कला एवं विज्ञान विभाग की प्रभारी प्राचार्या डॉ. वीणा त्रिपाठी व वाणिज्य संकाय सहायक प्राध्यापिका श्वेता साहू, लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनीता गौतम व अंग्रेजी विभाग की सहा. प्राध्यापिका डॉ. मेघा तिवारी, जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के व्याख्याता थलज कुमार साहू एवं राजकुमार वर्मा निर्णायक के रूप में रहें। इन सभी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता, टीमवर्क की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए मिलेट्स के व्यंजन पौष्टिकता से परिपूर्ण है। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह स्थायी और स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने में भी मदद करता हैं। इससे वे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर एक स्वस्थ भविष्य की



दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। निर्णायको ने स्वाद, सजावट एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया। फूड फेस्टिवल में स्टालों का नाम भारत की वीरांगनाओं जैसे-रानी लक्ष्मीबाई, अवन्ती बाई, सरोजनी नायडू, विजयलक्ष्मी पंडित, प्रतिभा पाटिल, सावित्रीबाई फुले, लक्ष्मी सहगल, कमला देवी चट्टोपाध्याय, दुर्गा भाभी, कस्तूरबा गांधी, अहिल्याबाई होलकर, रानीवेलू नचियार पर रखा गया। विद्यार्थियों द्वारा अपने स्टॉल की व्यंजनों की विशेषता, बनाने की विधि एवं पौष्टिकता के बारे में विस्तार से बताया। इन व्यंजनों में प्रमुख व्यंजन में प्रमुख व्यंजन अनाजों से खिचड़ी, खीर, अप्पे, चैसेला, पुलाव, इडली व फरा बनाए गए थे। इसके अलावा अंकुरित चना व मूंगफली, गुपचुप, भेल, चाइनीस पकोड़ा, अमृततुल्य चाय, सलाद व शरबत भी बनाया गया। अतिथियों द्वारा सभी स्टालों के व्यंजनों का सजावट का अवलोकन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान की घोषणा की गई। अवंती बाई ग्रुप में आईटीआई कोपा से ज्ञानदास चतुर्वेदी, महेश्वर साहू, लोकेश साहू व ढारेंद्र वर्मा प्रथम, सावित्रीबाई फुले ग्रुप से बीएड तृतीय सेमेस्टर से गौरी वर्मा, रोहिणी नेताम, पूजा साहू, प्रांजल पांडेय, टिकेंद्र देवांगन व वेदप्रकाश राजपूत द्वितीय तथा अहिल्याबाई होल्कर ग्रुप में बीएड प्रथम सेमेस्टर से रानू कुंजाम, लक्ष्मीजय साहू, नवराज ध्रुवे, पार्वती ग्रुप व मानसी नेम तृतीय स्थान पर रहें। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को ई- सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य में दीपावली पर्व एवं सस्टेनेबल डेवलपमेंट को ध्यान में रखते हुए, महाविद्यालय में ज्वाय ऑफ गिविंग के रूप में नई शुरुआत की गई,जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों के द्वारा कपड़े, कंबल, स्टेशनरी एवं अन्य घरेलू सामग्री को लेकर आए। इन सामानों को जरूरतमंदों के बीच वितरित किया जाएगा। मंच का संचालन शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापिका स्वीटी मालिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू , आईटीआई की प्राचार्या आशा झा , आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी तथा महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ.जी.डी. मानिकपुरी, निधि तिवारी, संगीता अग्रवाल,विनीता अग्रवाल, नंदनी वर्मा, प्रीति शर्मा,राजेंद्र वर्मा, अंशु दत्ता, शुभम गजभिये, स्वाति पटेल, गायत्री राजपूत, राजेश गजपाल,रूपेंद्र डहरिया, योगेश्वर सिन्हा, राजेश यादव, तुकाराम जोशी,पूजा सिन्हा, रानी साहू,प्रणय सिंह राजपूत ,पूर्ति अग्रवाल, पूजा वर्मा, श्रद्धा राजपूत, योगिता सोनी एवं हुतेन्द्र कुमार सिन्हा, होरीलाल देवांगन, कमलेश साहू, धर्मपाल नोन्हारे, जोगेंद्र साहू, रितेश साहू सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# राजनांदगांव से अयोध्या के लिए साइकिल मे निकले वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर साईकिलिस्ट यश सोनी

## बेमेतरा में विधायक दीपेश साहू ने अपने निज निवास में किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ की माटी को पुत्र प्रभु श्री राम के दरबार अयोध्या तक पहुंचाने का एक अनोखा संकल्प लेकर राजनांदगांव की यश सोनी एक नई साइकिल पर यात्रा पर निकल रहे हैं। इस दौरान यश सोनी साजा देवकर होते हुए बेमेतरा पहुंचे जहा विधायक दीपेश साहू अपने निवास कार्यलय मे स्वागत अभिनन्दन कर अपने घर की मिट्टी अयोध्या ले जाने के लिए उनको भेंट की और उनकी कुशल मंगलमय यात्रा के लिए प्रभु श्री राम से प्रार्थना किया। इस दौरान यश सोनी ने बताया की यात्रा सिर्फ मेरा नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ की गौरव और संस्कृति का प्रतीक है उत्तर भारत की कई प्रमुख राज्यों से होते हिमालय की ऊंचाइयों पर तिरंगा फहराने का मेरा सपना है यात्रा का उद्देश्य ने केवल भारत की संस्कृति और नीतियों को समझना बल्कि देशवासियों को जागरुक भी करना है आपके समर्थन और आशीर्वाद मुझे इस पद पर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में 11000 वृक्ष लगाने से लेकर अब तक अब तक 2 लाख किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा के बाद यह यात्रा मेरे दिल के बेहद करीब है छत्तीसगढ़ के सभी जिलों की माटी को अयोध्या में पहुंचने के बाद में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की कोशिश करूंगा द्य आइये इस सफर के साथ चले और छत्तीसगढ़ की गौरव को एक नई ऊंचाइयों तक ले जाए। इस अवसर पर रेवा राम निषाद, लक्ष्मीनारायण यादव, ईश्वर साहू, लक्की साहू, गितेन्द्र नेताम, राहुल साहू, बिमलेश निषाद, बीरेंद्र साहू, परमेश्वर साहू, उपस्थित रहे।

# मौत के डगर में एक बार फिर हुआ हादसा

**ट्रेलर के केबिन में सो रहे खलासी की कोयले में दबकर हुई मौत, लाखा मेन रोड में रात 11 बजे हुआ सड़क हादसा**






पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में बीती रात सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में सो रहे खलासी की उस वक्त मौत हो गई जब एक अन्य कोयला लोड़ ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उस ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात जिंदल कंपनी से फ्लाईएश लेकर तमनार के डोंगामहुआ जाने निकले ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एवी 8706 के खलासी दीपक पासवान की बीती रात तकरीबन साढ़े 11 बजे उस वक्त मौत हो गई जब उसका चालक अनितेश पासवान लाखा के पास स्थित डनसेना ढाबा के पास गाड़ी को खड़ी कर शौच करने गया था और इस दौरान खलासी गाड़ी में ही सो रहा था। बताया जा रहा है कि इस दौरान तमनार की तरफ से कोयला लेकर रायगढ़ की तरफ आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 22 एक्स 7176 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर को ठोकर मारते हुए उसके ही उपर पलट गई। जिससे कोयला के नीचे दबकर खलासी की मौत हो गई।

### 6 महीने बाद होनी थी शादी

बताया जा रहा है कि ट्रेलर चालक अनितेश पासवान और दीपक पासवान दोनों सगे भाई है, 6 महीने बाद दीपक की शादी होनें वाली थी। दोनों भाई झारखण्ड जिले के नवाडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले थे जो कि बीते तीन सालों से किरोड़ीमल नगर क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर किसी ट्रांसपोर्ट में काम करते आ रहे थे।

### केबिन काटकर निकाला गया शव

अचानक घटना इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना की जानकारी तत्काल सिटी कोतवाली थाने में दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के मौजूद लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद खलासी को केबिन को काटकर बाहर निकाला गया।

### आरोपी ट्रेलर चालक हुआ फरार

बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद से आरोपी ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया है। खलासी की मौत हो जाने के बाद पुलिस आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

# रायगढ़ के जंगलों में विचरण कर रहे 149 हाथी

- बस्ती के करीब पहुंचा हाथियों का बड़ा दल, ग्रामीणों में दहशत, हो हल्ला कर भगाया

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के जंगलों में इन दिनों सैकड़ो की संख्या में जंगली हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह झगरपुर जंगल से लारीपानी जंगल की तरफ हाथियों का एक बडा दल जाने का वीडियो सामने आया है। हाथियों के दल को देखते हुए अपनी फसल को बचाने गांव के ग्रामीण एकजुट होकर हो हल्ला करते हुए उन्हें भगाने के प्रयास में जुटे रहे। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले में इन दिनों फिर से जंगली हाथियों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। आये दिन हाथियों के वीडियो भी सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आ रहे हैं। हाथियों का दल गांव के करीब पहुंचते ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो जाता है तो वहीं कुछ ग्रामीण अपनी बेशकीमती फसलों को हाथियों से बचाने एकजुट होकर उन्हें भगाने अलग-अलग के उपाये भी करते आ रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है जिसमें हाथियों के एक बड़े दल को गांव के ग्रामीण हो हल्ला करते हुए भगाते नजर आ रहे हैं। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि सुबह तकरीबन साढ़े 7 बजे के आसपास झगरपुर जंगल से निकलकर बस्ती के करीब हाथियों का यह बडा दल पहुंच गया था जिसमें तकरीबन नर, मादा और शाव को मिलाकर कुल 29 हाथी थे। गांव के ग्रामीण एकजुट होकर सभी हाथियों को काफी मशक्कत के बाद लारीपानी जंगल की तरफ भगाये हैं। क्षेत्र में हाथियों का बड़ा दल विचरण करने से आसपास के आधे दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल भी निर्मित हो चुका है।

### जिले में कुल 149 हाथी

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों जहां 100 हाथी अलग-अलग बीट में विचरण कर रहे हैं वहीं रायगढ़ वन मंडल में भी 49 हाथी विचरण कर रहे हैं। जिले के जंगलों विचरण कर रहे हाथियों में 40 नर हाथी, 74 मादा हाथी के अलावा 35 बच्चे शामिल हैं।

### 69 किसानों की फसलों को नुकसान

बीती रायगढ़ जंगली हाथियों ने एक बार फिर से 60 से अधिक किसानों के धान की फसलों को नुकसान पहुंचाया है जिसमें रूंवाफुल में 07, रामकुरिया, कमोसिनडांड, चाल्हा में 14, धौराभांठा, काजूबाडी में 04, सोहनपुर में 02, तेजपुर में 03, पौड़ी में 03 के अलावा लैलूंगा रेंज में 27 किसानों के साथ-साथ रायगढ़ वन मंडल के अमलीडीह में 06 एवं पाकादरहा में 03 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

# समाज कमजोर व्यक्ति का सहयोग करे ताकि उसका जीवन स्तर ऊपर उठ सके : विधायक इंद्र साव

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने मे अक्षम है इसलिए समाज युवाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करे ताकि समाज के कमजोर वर्ग को सहयोग करके उनका जीवन स्तर उठाने मदद हो सके,उक्त बाते क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने ग्राम बड़े पासीद में आयोजित कन्नौजिया जायसवाल समाज के एक दिवसीय अर्धवार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। विधायक इंद्र साव ने सहस्त्रबाहू भगवान और बहादुर कलारीन दाई की छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पित करने के पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि जायसवाल समाज शुरू से मेहनत कश समाज है। किसी भी समाज के विकास उत्थान के लिए समाज में शिक्षा का स्तर भी ऊंचा होना चाहिए ताकि समाज के युवा रोजगार के लिए ना भटके बल्कि अपना स्वयं का रोजगार पैदा कर दूसरों को रोजगार दे सके। विधायक साव ने समाज की मांग पर एक सामाजिक भवन निर्माण की घोषणा की जिसका उपस्थित लोगो ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। विधायक ने उन्हें आमंत्रित करने के लिए समाज का धन्यवाद दिया और विश्वास दिलाया कि समाज को जब भी उनकी जरूरत होगी वे समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।इसके पूर्व विधायक इंद्र साव का कार्यक्तम स्थल ग्राम बड़े पासीद पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद जायसवाल,उपसरपंच योगेश्वरी जायसवाल सहित सामाजिक जनों ने स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद जायसवाल के नेतृत्व में हुए कन्नौजिया जायसवाल समाज की एक दिवसीय, अर्धवार्षिक अधिवेशन की शुरुआत सहस्त्रबाहु भगवान और बहादुर कलारीन दाई की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर, पुष्पमाला अर्पित करने के तत्पश्चात महामाया मंदिर से मांदर-झांझ-मंजीरा के साथ कलश यात्रा के साथ हुई। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता रामाधार जायसवाल, उपाध्यक्ष मनसाराम, कोषाध्यक्ष सुखदेव जायसवाल, अंकेक्षण त्रिजूगी नारायण, सचिव शिव कुमार जायसवाल, सह सचिव दशरथ जायसवाल, जिलाध्यक्ष (बिलासपुर) मालिक राम जायसवाल, जिलाध्यक्ष (जांजगीर-चांपा) देव कुमार जायसवाल, जिलाध्यक्ष (बलौदा बाजार) टीकाराम जायसवाल, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ-रामगोपाल जायसवाल, कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष धीरेंद्र जायसवाल, मीडिया प्रभारी-राकेश जायसवाल, मनीराम, धनीराम सहित काफी बड़ी संख्या में स्वजातीय गण उपस्थित थे।

# दीपावली और छठ के दौरान भी रेल यात्रियों को स्पेशल ट्रेनों में मिलेगी अधिकाधिक कन्फर्म सीट की सुविधा

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 7350 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ये स्पेशल ट्रेनें 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक 2 महीनों के लिए चलाई जा रही है। हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ के अवसर पर पर कुल 06 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिनमें दुर्गा पूजा के अवसर 02 स्पेशल ट्रेन का परिचालन गोंदिया-सांतरागाछी, सांतरागाछी-गोंदिया के मध्य कुल 04 फेरों के लिए किया गया था। दीपावली एवं छठ के अवसर पर भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से 04 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा, जिनमें 08895 गोंदिया-छपरा छठ पूजा स्पेशल, फेरे के लिए गोंदिया से 03 एवं 04 नवंबर, 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए छपरा से 04 एवं 5 नवंबर, 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल, 02 फेरे के लिए गोंदिया से 03 एवं 04 नवंबर, 08898 पटना-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 02 फेरे के लिए पटना से 04 एवं 05 नवंबर शामिल है। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष दो महीने की अवधि के दौरान लगभग 7350 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जो कि प्रतिदिन लगभग 120 ट्रेनें परिचालित की जा रही है। पिछले वर्ष भारतीय रेल द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया था और इन ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे, इस वर्ष पिछले वर्ष से 64% अधिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिनके माध्यम से लाखों की संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी। जाहिर है कि हर साल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं। हर साल त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनों में दो-तीन महीने पहले से ही टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी त्योहारों के अवसर पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

# सिक्सलेन लेन हाईवे सड़क मार्ग के अधिसूचना जारी होने बाद भी बटांकन का खेल

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



रायपुर बिलासपुर सिक्सलेन मार्ग के लिये हुये भू अधिग्रहण को लेकर लगातार सवाल उठ रहे है भू अर्जन मे गडबडी कि शिकायत दबे जबान से शुरुआती प्रक्रिया से ही चल रही थी जिसमे अगर निष्पक्षता के साथ जाँच किया जाये तो काफी बड़ा खुलासा निकलकर आ सकता है।

**छोटे-छोटे टुकड़ों मे बटांकन कर 4 गुणा मुवावजा** - सरकारी व निजी जमीनों का डायवर्सन और छोटे छोटे टुकडो मे बटांकन करके चार गुणा मुवायजा ले लिया गया। इतना ही नही यह पूरा खेल भू- अधिग्रहण की अधिसूचना जारी होने के बाद खेला गया उक्त भर्राशाही मे राजस्व विभाग कि संलिप्तता से इंकार नही किया जा सकता।

**अधिसूचना के बाद बटांकन :** रायपुर बिलासपुर सिक्सलेन हाईवे मार्ग सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली अधिसूचना के जारी होने के बाद कलेक्टर ने उक्त क्षेत्र की सभी भूमि का बटांकन और राजिस्ट्री पर रोक लगा दी थी इसके बाद भी एक एकड मे दर्ज भूमि का 500 से 10,000 वर्गफुट तक बटांकन करके चार गुणा मुआवजा बांटा गया।

**अधिसूचना के बाद सफेद पोश लोगों ने लिया सबसे ज्यादा लाभ :** गौरतलब है कि रायपुर बिलासपुर सिक्सलेन हाईवे मार्ग के अधिसूचना जारी होने के बाद बटांकन प्रक्रिया का सबसे ज्यादा लाभ सफेद पोश लोग व राजस्व विभाग से जुडे लोगों ने अधिक लाभ उठाया साथ ही उक्त प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाने हेतु सिमगा, बिल्हा व नांदघाट मे वर्गफुट के हिसाब से मुवायजा लिया गया जिसका मुवायजा कई हजार करोड़ रुपये मे है।

**मुवायजा कि राशि का गडबडझोला असर जनता के जेब पर :** गौरतलब है कि हाईवे रोड मार्ग आम जनता व देश हित व विकास के लिये होता है व उक्त कार्यों को प्रगति के सौपान पर पहुचाने हेतु शासन राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कृत बैंक से लोन लेकर वृहद स्तर पर जारी कि गई परियोजना को आगे बढाता है कार्यो के संपदित हो जाने पर उक्त मार्ग से आवागमन करने वाले जनता से ही एक निश्चित दायरे के अंतर्गत टोल टेक्स नाका लगाकर वसूला जाता है यह तब तक वसूला जाता है जब तक परियोजना से सम्बंधित लोन का रिकवरी परिपूर्ण ना हो जाये।

# शराब बिक्री व परिवहन पर तत्काल अंकुश लगाने अभियान चलाकर अवैध रूप से बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com






पुलिस अधीक्षक मुंगेली के निर्देश पर शराब बिक्री व परिवहन पर तत्काल अंकुश लगाने हेतु जिला के समस्त थाना प्रभारियों व साइबर सेल टीम मुंगेली द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिस तारतम्य में 01 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक विशेष अभियान चलाकर अवैध रूप से बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। जिनमे थाना सिटी कोतवाली मुंगेली द्वारा 08 प्रकरण में 08 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर 53.28 बल्क लीटर देशी शराब किमती 26640 रू एवं 03 नग मो.सा. को जप्त कर राजसात हेतु प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी मुंगेली को भेजा गया है, थाना जरहागांव द्वारा 03 प्रकरण में 02 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर 96 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 6600 रू जप्त किया गया है। थाना लोरमी द्वारा 09 प्रकरण में 09 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर 09 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 1350 रू एवं 11.76 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब किमती 5860 रू जप्ती किया गया है। थाना पथरिया द्वारा 04 प्रकरण में 04 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर 13.680 बल्क लीटर देशी शराब किमती 7080 रू एवं 01 नग मो.सा. को जप्त कर राजसात हेतु प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी मुंगेली को भेजा गया है। थाना सरगांव द्वारा 03 प्रकरण में 03 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करें 3.040 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब जप्ती किया गया है। थाना चिल्फी द्वारा 02 प्रकरण में 02 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर 2.125 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 465 रू जप्त किया गया है। थाना लालपुर द्वारा 02 प्रकरण में 03 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करें 51.120 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब किमती 25.500 एवं 16 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 1600 रू जप्ती किया गया है। एवं 02 नग मो.सा. को जप्त कर राजसात हेतु प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी मुंगेली को भेजा गया है। जिले के समस्त थाना में उक्त अवधि में कुल 30 प्रकरण में 32 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही किया गया है तथा कुल लगभग 125 बल्क लीटर देशी प्लेन एवं 100 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल लगभग 225.2 बल्क लीटर शराब जप्ती कार्यवाही की गई। मुंगेली पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# बोनस दिलाने की मांग लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे ठेका श्रमिक



पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में एनटीपीसी तिलाई कोल माइंस के अंतर्गत कार्यरत केसीसीएल, बीपीआर एवं पीसी पटेल के द्वारा ठेका श्रमिकों को दीपावली पर्व में दिये जाने वाला बोनस नही दिये पर आज दो दर्जन से भी अधिक युवा एसपी कार्यालय पहुंचकर बोनस दिलाने की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक एनटीपीसी कोल माइंस के अंतर्गत कार्यरत केसीसीएल, भीपीआर एवं पीसी पटेल में कर्मचारियों को बोनस दिया जा रहा है। जबकि पूर्व में उक्त स्थान पर छतवाल एण्ड कंपनी के द्वारा कोयला निकालने का कार्य किया जाता था। उक्त कंपनी के चले जाने के पश्चात वर्तमान में केसीसीएल, भीपीआर एवं पीसी पटेल के द्वारा कोयला निकालने का कार्य किया जा रहा है। जबकि छतवाल एण्ड कंपनी के द्वारा अपने कर्मचारियों को दीपावली बोनस राशि दिया जाता था। वर्तमान कंपनी केसीसीएल, भीपीआर एवं पीसी पटेल के द्वारा कहा जा रहा है कि किसी भी कर्मचारियों को कोई बोनस राशि प्राप्त नही होगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 971/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 22/10/2024

आवेदक टंकधर पिता गजेन्द्र निवासी ग्राम केना तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम केना में स्थित भूमि खसरा नंबर 738 रकबा 1.63 हे. में से 0.20 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 11/11/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 981/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 22/10/2024

आवेदिका राजेन्द्र कुमार पिता पिताम्बर निवासी ग्राम हर्राटार तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम हर्राटार में स्थित भूमि खसरा नंबर 382/2 रकबा 0.15 हे. में से 0.04 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 11/11/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 976/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 22/10/2024

आवेदिका संनकुंवर पिता बंशीधर निवासी ग्राम गिरसा तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम झिलमिला में स्थित भूमि खसरा नंबर 157/17 रकबा 0.01 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 11/11/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल पिता डमरू निवासी ग्राम आवलाचक्का तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के पोता निर्मल पटेल का जन्म/मृत्यु दिनांक 22/09/2024 को ग्राम आवलाचक्का में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 04/11/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**सरायपाली**

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 12-जुलाई-24 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **चावला टेलर मेटेरियल (ऋणी), श्रीमती लक्ष्मी चावला (सहऋणी), गोपाल चावला (सहऋणी), गणेश चावला (सहऋणी), ऋण खाता संख्या L9001060126112307** से नोटिस में वर्णित राशि **12,96,865/- (बारह लाख छियानवे हजार आठ सौ पैंसठ रुपये मात्र)** कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 19 माह अक्टूबर वर्ष 2024** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये **12,96,865/- (बारह लाख छियानवे हजार आठ सौ पैंसठ रुपये मात्र)** 11-जुलाई-24 तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**


रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित संपत्ति स्थित खसरा नं. 2707 13 पीएच नं. 10, जांजगीर लिमिट, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1722.22 वर्ग फीट जो कि गणेश एवं गोपाल के स्वामित्व में है।

दिनांक : 19 अक्टूबर 2024
स्थान : जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# चैट जीपीटी उन्नत भाषा मॉडल के माध्यम से शिक्षा को बनाया जा रहा है सशक्त

पायनियर संवाददाता ◀ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्ग दर्शन में चैट जीपीटी उन्नत भाषा मॉडल के माध्यम से शिक्षा को सशक्त बनाया जा रहा है। जिसके लिए जयंत नाहटा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के द्वारा जनवरी 2024 में दंतेवाड़ा ब्लाक के सभी शिक्षकों के लिए चैटजीपीटी मॉडल की मूलभूत जानकारी प्रदाय करने के उद्देश्य से 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी शिक्षकों को एआई तकनीक से परिचित कराते हुए उनकी शैक्षणिक दक्षताओं में वृद्धि करते हुए शैक्षणिक कार्यों में चैटजीपीटी का उपयोग को बढ़ावा देना। माह जनवरी में प्रारंभिक सफलता के बाद माह अक्टूबर 2024 में इस पहल को दंतेवाड़ा जिले के समस्त विकासखण्ड दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा और कटेकल्याण में भी लागू किया गया। इस दौरान उन्नत जीपीटी 4.0 वॉयस माडल का उपयोग किया गया। इस मॉडल के उपयोग से शिक्षकों और छात्रों के बीच व्यापक समन्वय स्थापित करने में सफ्लता प्राप्त हुई। इस प्रशिक्षण से शिक्षकों को चैटजीपीटी मॉडल से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। जिसमें जिले के प्रत्येक स्कूल से शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया एवं उसे प्रशिक्षित के द्वारा स्कूल के अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य दिया गया। वर्तमान में जिले जिले के सभी षिक्षकों को चैट जीपीटी माडल से प्रशिक्षित करा दिया गया है। इस मॉडल का उपयोग शिक्षक एवं छात्रों के द्वारा अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए किया जा रहा है। उसी प्रशिक्षित के द्वारा स्कूल के अन्य शिक डो भी प्रशिक्षित करने का लक्ष्य दिया गया। वर्तमान में जिले सभी विधान डो बींज माइल से प्रशिक्षित करा दिया गया है। इस मॉडल उपयोग शिक्षक एवं बालों के कारा अपनी जिज्ञासा को गोरा करते के लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से कक्षाओं में एआई तकनीकि को पहुंच बनाना, शिक्षकों को छात्रों के साथ अधिक प्रभावी ढंग से जुड़ने और बहुभाषी वातावरण में बेहतर संचार की सुविधा प्रदान करना। इस प्रशिक्षण से छात्रों की झिझक दूर हुई अब बिना किसी षिक्षक के छात्र चैटजीपीटी से सवाल पूछकर अपनी शैक्षणिक समस्या को दूर कर रहे है, विज्ञान परियोजनाओं में चैटजीपीटी का उपयोग कर नव पहल करते हुए एल्कोहल डिटेक्शन सिस्टम मॉडल को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता पाई। भाषा में बाधाएं चैटजीपीटी से भाषा के अवरोधों को दूर करने में सहायता मिली है, जो दंतेवाड़ा जिले के लिए विशेष उपलब्धि है। इस प्रशिक्षण को आयोजित करने में नेटवर्क कनेक्टिविटी कुछ क्षेत्रों में सीमित इंटरनेट एक्सेस के कारण कुछ स्कूलों में इसके उपयोग में बाधा आई। शिक्षकों को चैटजीपीटी से वीडियो आधारित शैक्षणिक सामग्री की मांग की। चैटजीपीटी की पहल ने क्षेत्र में प्रमुख शैक्षिक चुनैतियों का समाधान किया है। इस कार्यक्रम का मुख्य रूप से नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के साथ-साथ डीएमसी हरीष गौतम एवं आषीष मांझी जीपीटी ट्रेनर का बहुमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ।

# पांच मिनट की मुद्रा से गुस्सा कंट्रोल होगा : मूंधड़ा

## एक्सपर्ट ने प्रैक्टिकल करके बच्चों को बताया मुद्रा करने का तरीका



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

हम रूटीन लाइफ में रोजाना पांच से छह मुद्राएं एक से पांच मिनट तक करें तो लाइफ में काफी चेंजेस आ सकता है। इन मुद्राओं से गुस्से पर नियंत्रण तो पाया ही जा सकता है, नींद भी अच्छी आएगी। साथ ही ज्यादा खाने की आदत से छुटकारा मिलेगा। ये मुद्राएं हार्ट अटैक और शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द से राहत दिलाती हैं। छात्रों में एकाग्रता बढ़ती है और बुद्धि का समुचित विकास होता है। शरीर में प्रतिरोधक क्षमता और ऑक्सीजन लेवल बढ़ाने में भी ये मुद्राएं कारगर हैं। शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग में हस्तमुद्रा पर आयोजित सेमीनार में स्टूडेंट्स को इसकी जानकारी वास्तु मित्र व हस्तमुद्रा विशेषज्ञ शिवनारायण मूंधड़ा ने दी। उन्होंने बताया कि मुद्राओं में बहुत शक्ति है। इन्हें आप अपने समय के अनुसार कर सकते हैं। कुछ मुद्राएं सुबह तो कुछ शाम को की जा सकती हैं। एक्सपर्ट ने ज्ञान मुद्रा, आकाश मुद्रा, शून्य मुद्रा, पृथ्वी मुद्रा, प्राण मुद्रा, सुरभि मुद्रा सहित 21 मुद्राओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ज्ञान मुद्रा में अंगूठा और इंडेक्स फिंगर को आपस में मिलाकर गोल आकृति देते है और मिडिल, रिंग फिंगर और छोटी उंगली सीधी रखा जाता है। इसे करने पर गुस्सा कंट्रोल होता है। स्टूडेंट्स करें तो एकाग्रता बढ़ती ही है और बुद्धि का विकास होता है। अधिक सोने वाले को लिमिट में नींद आती है। मृत संजीवनी मुद्रा में अंगूठा, इंडेक्स फिंगर और मिडिल फिंगर का इस्तेमाल होता है। इंडेक्स फिंगर को मोड़कर अंगूठे के नीचे जिसे गद्दी कहते हैं, वहां लगाते हैं। फिर मिडिल फिंगर और रिंग फिंगर को मोड़कर अंगूठा को अग्र भाग से मिलाकर सबसे छोटी अंगुली को सीधी रखते हैं। किसी को हार्ट अटैक का खतरा बना रहता है तो उसे यह मुद्रा रोजाना 5 मिनट करना चाहिए। किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आने पर यह मुद्रा कराई जाए तो लाभ मिलेगा। इसे करने से घबराहट, बेचैनी दूर होती है। खाना या पानी फंसे और खांसी तो ये मुद्रा राहत देती है। शक्ति मुद्रा में अपने दोनों हाथ की उंगलियों को आपस में फंसाकर बाएं हाथ के अंगूठे को सीधा रखें यानी वर्टिकल मुद्रा में और दाएं हाथ के अंगूठे से उसको ब्लॉक कर दें। इससे ऑक्सीजन लेवल बढ़ जाता है,पाचन शक्ति भी बढ़ती है। इस मुद्रा को अधिक से अधिक 5 मिनट तक ही करना चाहिए। प्राण मुद्रा के लिए अंगूठा, रिंग फिगर और छोटी अंगुली को आपस में मिलाकर मिडिल व इंडेक्स फिंगर को सीधे रखा जाता है। इसे करने से इम्युनिटी पावर बढ़ती इसलिए इसे इम्युनिटी बूस्टर भी कह सकते हैं। किसी को भूख पर कंट्रोल न हो और औसत से ज्यादा खाता हो तो इसे अवश्य करें। अनिद्रा या बॉडी में कहीं भी दर्द हो तो इसे करने से फायदा होता है। सेमीनार के शुरुआत में संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह, शिवाजी स्कूल की प्राचार्या नफीसा रंगवाला, कोचिंग की टीचर्स शचि मिश्रा, माधवी कमलवंशी, साक्षी जैन ने वक्ता का सम्मान किया।

# शिक्षक व थैरेपिस्ट के पदों पर भर्ती, 23 तक दावा आपत्ति

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले में दिव्यांग बच्चों हेतु 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास में विशेष शिक्षक/थैरेपिस्ट पदों के लिए दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार पश्चात् पद हेतु प्राप्त अंकों के आधार पर उपस्थित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची वेबसाइट www. korba . gov. in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर जारी की गई है। इस संबंध में किसी अभ्यर्थी को आपत्ति होने पर साक्ष्य के साथ 23 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में दी गई विधिक जानकारी



पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद द्वारा ग्राम मुनगाडिही में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजित किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भास्कर मिश्र ने शिविर में उपस्थित बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दी जाने वाली सलाह एवं सहायता तथा बच्चों को सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों के प्रति सचेत किया गया। साइबर अपराधों से बचाव एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही बाल विवाह के नुकसान और कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। जिन बच्चों ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

# कलेक्टर ने जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना, सिकल सेल अभियान, चिरायु कार्यक्रम, एनआरसी, एन.क्यु.ए.एस सर्टिफिकेशन सहित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में आमजनो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश सभी चिकित्सा अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिले के परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने स्वास्थ्य अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं फील्ड विजिट करने निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव के लिए लोगों को प्रेरित करने, गर्भवती महिलाओं की जानकारी एकत्र कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान कर जागरूक करने, हाई रिस्क गर्भवर्ती माताओं का विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अस्पतालों में उपलब्ध संसाधन, दवाओं की आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने अस्पतालों में मरीजों को मिल रही सुविधाओं जानकारी ली एवं अस्पतालों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और डॉक्टरों व कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# छात्र-छात्राओं को बाल अपराधों के संबंध में दी गई जानकारी

## बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ व बाल हितैषी राज्य बनाने हेतु महिला बाल विकास विभाग की टीम कर रही बच्चों को जागरूक

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com



बाल विवाह मुक्त छतीसगढ व बाल हितैशी राज्य बनाने हेतु राज्य से प्राप्त निर्देशों के पालन में कलेक्टर सह अध्यक्ष बालक कल्याण एवं संरक्षण समिति कोरबा के निर्देशानुसार रेणु प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा के मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंचाई कॉलोनी दर्री के छात्र छात्राओं को एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान तथा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 में बच्चो के शोषण, अधिकारों के हनन के संबंध किशोर न्याय अधिनियम, पाक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल अपराधों की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा के साथ ही साथ कानूनन अपराध है। 18 वर्ष के पूर्व लड़की तथा 21 वर्ष के पूर्व लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बडे पैमाने पर कतिपय क्षेत्रों में बाल विवाह की घटनाएं देखने में आती है। बाल विवाह जैसी घटनाओं की समय पर रोकथाम हेतु शासन द्वारा समय समय पर निर्देश जारी किए गए हैं। उपरोक्त निर्देशों के पालन में कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों, समाज प्रमुखों, धार्मिक व वैवाहिक अनुष्ठान को संपन्न कराने वाले धार्मिक सेवा प्रदाता, टेंट हाउस, डीजे बैंड बाजा, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों तथा आमजनों से बिना आयु प्रमाण पत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में सेवाएं प्रदान नहीं करने की अपील की गई है। बाल विवाह पर प्रभावी रोकथाम के लिए सभी अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जा सके और जिले में बच्चां के देखरख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके। उपरोक्त अपील साथ ही जिले में बाल विवाह जैसी घटनाएं घटित न हो इस हेतु जिला स्तर तथा विकासखण्ड व परियोजना स्तर पर टीम निरंतर सतर्क रहती है। जिले में बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राज्य को बाल विवाह मुक्त छतीसगढ बनाने तथा बाल सुलभ राज्य बनाने हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 यूनिट, एकीकृत बाल विकास परियोजना की संयुक्त टीम द्वारा जिले में संचालित शैक्षणिक संस्था, शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में बच्चों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, लैंगिक अपराधां से बालको का संरक्षण अधिनियम तथा बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण संबंधित विभिन्न विषयों पर निरंतर जानकारी प्रदान की जा रही है। जन जागरूकता की इसी कड़ी में जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय दर्री में अध्ययनरत् बच्चों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। आयोजित उपरोक्त जनजागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बाल संरक्षण अधिकारी दया दास महंत, आउटरीच वर्कर सूरज देवांगन, चाईल्ड लाइन टीम से गणेश जायसवाल, गोपाल यादव व स्कूल के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# उप पुलिस अधीक्षक अंजली गुप्ता ने विद्यार्थियों को किया साइबर क्राइम को लेकर जागरूक



पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

सायबर जागरुकता कार्यक्रम के तहत अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक सक्ती एवं रमा पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सक्ती के निर्देशन में अंजली गुप्ता, उप पुलिस अधीक्षक सक्ती / अनुविभागीय अधिकारी चन्द्रपुर द्वारा स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डभरा में प्राचार्य एवं शिक्षक/ शिक्षिकाओं की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को सायबर अपराधों से बचाव हेतु जानकारी दी गयी। सायबर ठगी, सोशल मीडिया मेसेंजर में आने वाले, अवांछित ऑडिया/वीडियो कॉल, डिजिटल अरेस्ट आदि की जानकारी देकर जागरुक किया गया। साथ ही गुड टच/बेड टच, बच्चों व महिला विरुद्ध अपराधों एवं यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी गयी, उल्लेखित हो की शक्ति जिला पुलिस द्वारा निरंतर स्कूल के विद्यार्थियों को भी ऐसे अपराधों से बचने तथा सजग रहने का आग्रह किया जा रहा है, समय-समय पर विभिन्न सेमिनार एवं स्कूल विजिट के माध्यम से बच्चों की क्लास ली जा रही है।

# पं. चक्रपाणी स्कूल में नशा से बचाव के लिए जागरूकता अभियान कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किए जा रहे है। इसी तारतम्य में बलौदाबाजार में स्थित पं. चक्रपाणी हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 वी से 12 वीं के लगभग 471 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुडाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है,शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब गांजा, भांग, अफिम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और घुमपान सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है। नशे से छुटकारें के लिए नशा मुक्ति केन्द्र भी संचालित किया जा रहा है जिसमें रहने की व्यवस्था, दवाईयों की व्यवस्था, उचित मनोचिकित्सकों की व्यवस्था भी की गई है एवं नशामुक्ति केन्द्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम कराया जाता है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जीवन जीने की कला जिसे अंग्रेजी में आर्ट ऑफ लिविंग कहा जाता है इसके संबध में भी जानकारी बच्चों को दी गई जिससे वह अपना जीवन सहजता एवं सरलता से यापन कर सके एवं जीवन की कठनाईयों का सामना कर सकें।

# सीईओ ने स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन कार्यक्रम, टी.बी., एन.सी.डी., एन.वी.बी.डी.सी.पी., अधत्व निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ट उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, महामारी नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम. के. सूर्यवंशी, एन.टी.ई.पी., एन.सी. डी. आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव ग्लैड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम. अखिलेश शर्मा एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखण्ड डाटा प्रबंधक एवं सेक्टर उपस्थित थे। बैठक में गर्भवती पंजीयन प्रथम तिमाही में किये जाने हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करने, सेक्टर बैठक में लक्ष्य दम्पत्तिवार समीक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम में प्रगति तथा उक्त कार्यक्रमों की समयावधि में मासिक रिपोर्ट की प्रविष्टि कराये जाने, उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं फॉलोअप सभी गर्भवती महिलाओं का 4 जाँच अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने एवं जाँच हेतु छुटे गर्भवती महिलाओं की पहचान कर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, एनीमिक गर्भवती महिलाओं का विशेष देखभाल एवं खान-पान में सुधार कराने, संस्थागत प्रसव में वृध्दि करने, पोषण पुनर्वास केन्द्र में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सिकल सेल एनीमिया का नवम्बर के प्रथम सप्ताह तक शतप्रतिशत जाँच, शेष हितग्राहियों का आयुष्मान भारत कार्ड का बनाये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में अनुपस्थित 10 सेक्टर चिकित्सकों तथा सेक्टर प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस दिये जाने, संस्थागत प्रसव हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 05 व 05 से कम तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रो में समुचित संसाधन उपरान्त शून्य प्रसव वाले संस्था प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने, फील्ड स्तर के स्टॉफके मुख्यालय में निवास का औचक निरीक्षण एवं आगामी समय में मैदानी स्तर के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक किये जाने के सख्त निर्देश दिये गये।

## थ्रीडी-इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी से रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन द्वारा उपचार


# 70 वर्षीय मरीज के दिल की अनियमित धड़कन का मेकाहारा में सफल इलाज

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) में 70 वर्षीय बुजुर्ग मरीज के दिल की अनियमित धड़कन का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में, थ्रीडी-इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी मैपिंग और रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन विधि से दिल के बाएं चैम्बर की ब्लॉकेज को दूर कर मरीज की धड़कन को नियंत्रित किया गया। इस प्रोसीजर में दिल की विद्युत गतिविधियों का त्रि-आयामी नक्शा तैयार किया गया, जिसे थ्रीडी-इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी मैपिंग कहा जाता है। इसके बाद, रेडियो फ्रीक्वेंसी तरंगों के माध्यम से ब्लॉकेज को जलाकर हृदय की अनियमित धड़कन को नियंत्रित किया गया। यह प्रक्रिया पल्मोनरी वेन आइसोलेशन कहलाती है, जिसमें हृदय की वेन को आइसोलेट करके रक्त प्रवाह को सामान्य किया गया। अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने इलाज करने वाली टीम को बधाई दी और कहा कि एसीआई लगातार हृदय रोगों के उपचार में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा, यह शासकीय अस्पताल चिकित्सा के क्षेत्र में किसी से कम नहीं है और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार, 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर चौथे व्यक्ति को अट्रियल फिब्रिलेशन की समस्या हो सकती है, जिसमें हृदय की धड़कन अनियमित हो जाती है। यह विकार हृदय में रक्त प्रवाह को बाधित कर थक्के बना सकता है, जिससे स्ट्रोक और लकवा होने का खतरा बढ़ जाता है। इस प्रक्रिया में दिल की विद्युत तरंगों को नियंत्रित कर धड़कन को सामान्य किया गया। इस जटिल प्रोसीजर को कार्डियोलॉजी और एनेस्थिसियोलॉजी विभागों के डॉक्टरों की टीम ने मिलकर अंजाम दिया। टीम में डॉ. स्मित श्रीवास्तव, डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. शिव कुमार शर्मा और एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ. जया लालवानी ने मुख्य भूमिका निभाई। अडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) ने इस सफ्ल प्रोसीजर से एक बार फिर साबित किया है कि जटिल हृदय रोगों के उपचार में वह किसी से कम नहीं है। इस तकनीक से हजारों मरीजों को नई उम्मीद मिल रही है, और यह शासकीय अस्पताल में हृदय संबंधी अत्याधुनिक उपचार का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# मानव श्रृखला बनाकर छात्रों ने मतदाता जागरूकता का दिया संदेश



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह और स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 के लिए वर्धमान द स्कूल के छात्रों ने एक विशेष मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत मतदान के नारे लगाए और विभिन्न श्लोगनों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर 13 नवंबर लिखकर यह संदेश दिया कि हर वोट महत्वपूर्ण है। छात्रों ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और मित्रों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि लोकतंत्र की मजबूती में योगदान कर सकें।

# सरेराह युवक को मौत के घाट उतारा, इलाके में खौफ

## आपसी विवाद पर भिड़े तो साथी ने चलाया चाकू

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सरेराह एक सनसनीखेज वारदात में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। घटना दोपहर करीब 2.30 बजे की है। महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने दो दोस्तों का आपसी विवाद इतना बढ़ा कि इनमें से एक ने चाकू निकालकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। दिनदहाड़े चाकूबाजी और मर्डर से इलाके के लोगों में खौफ है।

पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम शांतिनगर निवासी निकलेश कुमार पटेल (22) बताया जा रहा है। निकलेश पूरा दिन अपने दोस्त मनीष वर्मा उर्फ छोटू के साथ घूमता रहा। बताया जा रहा है कि दोनों ने जमकर शराब पी रखी थी। दोनों बाइक पर महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास पहुंचे तो किसी बात पर आपसी विवाद शुरु हो गया। गाड़ी खड़े कर दोनों एक दूसरे से गाली-गलौच करने लगे। लोग दूर से इन्हें देखते रहे। इस बीच तैश में आकर मनीष ने निकलेश पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। वह लगातार उसे चाकू घोपता रहा। गंभीर चोटों के चलते निकलेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसका पूरा शरीर लहूलुहान हो चुका था। वारदात के बाद मनीष तुरंत ही बाइक लेकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, आरोपी मनीष फरार है। पुलिस की टीम उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। किस बात पर दोनों का विवाद हत्या की घटना में तब्दील हो गया ये भी जांच का विषय है। पुलिस ने जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

### युवाओं का सड़क पर उतरना सरकार के लिए चिंतन का विषय

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ द्वारा शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है! बीते 21 सितंबर से रैली व आमरण अनशन के बाद 19 तारीख को चक्का जाम किया गया। रात भर हजारों अभ्यर्थी सड़क पर ही बैठे रहे। युवाओं को वहां से भगाने के लिए धरना स्थल की लाइट बंद करना तथा अभ्यर्थियों के लिए बन रहे खाने पर पानी डाल देना जैसे नाकाम कोशिशें प्रशासन द्वारा की गई। लेकिन युवा हटे नहीं और सुबह डटे रहे। छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड संघ के अध्यक्ष दाऊद खान का कहना है कि सरकार की गलत नीतियों का परिणाम हमारे चयनित डीएड एवं बीएड धारी सहायक शिक्षक के साथी भुगत रहे हैं। शिक्षित युवा साथियो पर गलत तरीके से एफआईआर दर्ज की गई है। उसके लिए प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर कैबिनेट से एफआईआर को शून्य करने का निवेदन भी करेंगे। संघ के प्रांतीय सचिव ललित कुमार साहू ने कहा है कि हमारा संघ हमारे संघ के प्रत्येक साथी के साथ खड़ा है जिस तरीके से सरकार और प्रशासन हमारे साथियों को शाररिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है इसकी हम कड़ी निंदा करते हैं।

# स्कूलों में होगा परख राष्ट्रीय उपलब्धि परीक्षण सर्वे



■ जिले के ब्लाकों के कोर ग्रुप की बैठक में निर्णय

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

परख राष्ट्रीय उपलब्धि परीक्षण सर्वे को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को डीईओ प्रवास सिंह बघेल व जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे की उपस्थिति में जिले के कोर ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चारों विकासखंड के चयनित शिक्षकों के द्वारा परख कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा एवं नमूना प्रश्न पत्र का निर्माण किया गया। उक्त बैठक में परख में क्या-क्या कार्य किस-किस कक्षा स्तर तक किए जाने हैं एवं उस कार्य के लिए बच्चों में क्या अपेक्षित दक्षता होनी चाहिए तथा किस प्रकार हिस्सा ले सकते हैं, इसकी जानकारी दी गई। जिले की स्थिति विकासखंड की स्थिति परख सर्वे में बेहतर किया जा सके, इन विषयों को लेकर कोर ग्रुप के साथ गहन चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि विकासखंड डोंगरगांव में बहुत से स्कूलों ने परख पर बहुत अच्छे-अच्छे प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं उसके साथ-साथ विकासखंड छुरिया में भी बहुत से स्कूलों के द्वारा परख सर्वे पर स्कूल स्तर पर कार्यक्रम बनाकर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम आगामी माह दिसंबर के प्रथम सप्ताह में सर्वे तय किया गया है। कक्षा तीसरी, छठवीं एवं नवमी के बच्चों के साथ यह सर्वे का कार्य संपादित किया जाना है। इसके लिए भाषा, पर्यावरण एवं गणित की दक्षताओं पर प्रश्न पुछे जायेंगे। इस आधार पर बच्चों की दक्षताओं का आकलन करते हुए रिपोर्ट शासन स्तर पर भेजी जाएगी। एपीसी एमआर अंसारी एवं मनोज मरकाम ने कोर ग्रुप से चर्चा करते हुए रणनीति के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। 23 अक्टूबर से विभिन्न विकासखंडों में अलग-अलग समय पर सभी संकुल समन्वयको को एवं प्राइवेट स्कूल के प्राचार्य के साथ बैठक आहुत कर परख कार्यक्रम को लेकर आवश्यक रणनीति बनाकर कार्यक्रम की जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

# जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज में चिकित्सकों का इस्तीफा

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल के डॉ. विक्रम बैद और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सर्जरी विभाग के जूनियर डॉक्टर नारायण दास साहू के इस्तीफे देने की जानकारी सामने आई है। यह इस्तीफा निजी नर्सिंग होम और क्लिनिक में शासकीय चिकित्सकों की प्रैक्टिस पर प्रतिबंध के नए नियम के बाद आया है। गौरतलब है कि पहले ही जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा स्टॉफ की कमी बनी हुई है। मेडिकल कालेज में बीते दो सालों में 20 से अधिक इस्तीफे हो चुके हैं। इनमें विशेषज्ञ डॉक्टरों के नाम भी शामिल रहे हैं। डॉक्टरों की कमी और संसाधनों के अभाव पर पूर्व मुख्यमंत्री व स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने संज्ञान लिया था। उन्होंने राजधानी में स्वास्थ्य मंत्री के साथ विभागीय व अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने संबंधी मामलों को लेकर बैठक की थी। इस बैठक में एक समिति भी बनाई गई थी। हालांकि समिति की अनुशंसाओं पर उसपर कार्रवाई की अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। दो और डॉक्टरों के इस्तीफे के बाद अस्पताल में चिकित्सकों की कमी का मामला एक बार फिर गंभीर हो गया है। शासन चिकित्सकों के मामले में कड़े निर्णय ले रही है लेकिन अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी की समस्या खत्म नहीं हो पा रही है।

# साय सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदने प्रतिबद्ध : मधुसूदन

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

धान खरीदी की मियाद को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेसी नेता भूपेश बघेल द्वारा की जा रही बयानबाजी को पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने लफ्फाजी करार दिया है। उन्होंने भूपेश बघेल को याद दिलाया है कि छत्तीसगढ़ निर्माण के समय कांग्रेस नीत जोगीराज में ही किसानों के प्रति अत्याचार चरम पर थे और किस प्रकार पानी में भिगो-भिगोकर किसानों का धान खरीदा जाता था। उसके बाद ठगेश शासनकाल में खेत की मेड़ का रकबा घटाकर कम धान खरीदा गया। वहीं अनावारी बढ़वाकर किसानों को मुआवजा से वंचित किया गया। प्रदेश के अन्नदाताओं को ठगा गया और उनका हक मारा गया।



पूर्व सांसद श्री यादव ने कांग्रेस नेता भूपेश बघेल पर आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ निर्माण के समय से सर्वाधिक किसानों के आत्महत्या की दुःखद घटनाएं आपके ही शासनकाल में घटी है। आपके मुख्यमंत्रित्वकाल में पारदर्शितापूर्ण धान खरीदी तो दूर शासन-प्रशासन के दबाव में उल्टे पटवारी एवं कृषि विभाग ने किसानों को फसल बीमा से भी वंचित करने का जघन्य कृत्य किया है।

जिससे प्रदेश के किसान भली-भांति परिचित हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि वर्तमान में भूपेश बघेल द्वारा धान कटाई को लेकर हवा-हवाई बयानबाजी कर कृषकों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि धान कटाई अभी प्रारंभिक स्थिति में है। जिसके विक्रय योग्य स्थिति में पहुंचने में निश्चित रूप से 14-15 नवंबर तक का समय लगेगा।

पूर्व सांसद श्री यादव ने प्रदेश के किसानों को संबोधित करते कहा कि कृषकगण धान खरीदी को लेकर निश्चिंत एवं आश्वस्त रहें, क्योंकि साय सरकार पंजीकृत कृषकों का एक-एक दाना खरीदने प्रतिबद्ध है।

पूर्व सांसद ने कांग्रेसी नेता भूपेश से प्रश्न किया है कि किसानों को भरमाने और तिथि कम करने के वक्तव्य के पीछे कहीं उनकी मंशा कोचियों और अपने पुराने धान तस्कर मित्रों को लाभ पहुंचाने तथा सीमावर्ती राज्यों के धान को छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से खपाने की सुनियोजित कूटरचित साजिश तो नहीं हैर्व सांसद ने कहा कि स्वयं मुख्यमंत्री रहते 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने वाले भूपेश बघेल एवं कांग्रेस पार्टी अब नींद से जागे हैं, किन्तु इस विषय में बात करने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं। इसका प्रमाण उन्हें देश के शीर्ष कृषि प्रधान राज्यों जैसे उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान, ओडिशा में पिछले विधानसभा निर्वाचन में मिली करारी हार से प्रत्यक्षदर्शित है।

### मां-बेटे को सांप ने काटा, मासूम की मौत, मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ा

**राजनांदगांव।** बजरंगपुर नवागांव बीड़ी श्रमिक कॉलोनी में मां-बेटे को जहरीले सांप ने काट लिया। मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात की घटना में 9 वर्षीय बालक की मौत हो गई है। महिला खतरे से बाहर है। बालक को मेडिकल कॉलेज लाया गया था। बुधवार की दोपहर 2 बजे उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। शहर के वार्ड नंबर 1 बजरंगपुर नवागांव बीड़ी श्रमिक कॉलोनी में संतोष पाटिल का परिवार रहता है। मंगलवार की रात पूरा परिवार सोने गया। देर रात तकरीबन 1 बजे संतोष की पत्नी लक्ष्मी को हाथ में चुभन हुई तो उसने पलंग में सांप को देखा। उनका बेटा मिलेश कुमार भी साथ में ही सो रहा था। महिला ने सांप के काटने पर हल्ला मचाया तो परिजन उसे लेकर भागे। इस दौरान किसी ने बालक की स्थिति नहीं देखी। कुछ देर बाद जब मिलेश कुमार के मुंह से झाग निकलने लगा और उसकी तबीयत बिगड़ी तब उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां उपचार के दौरान मिलेश ने दम तोड़ दिया। दूसरी ओर महिला की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

### जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत को मिली भोकर की जिम्मेदारी



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार महाराष्ट्र राज्य के प्रवास पर है, जहां नांदेड़ जिले के अंतर्गत आने वाले भोकर विधानसभा क्षेत्र में सिंह भाजपा मंडल स्तर व शक्ति केन्द्रों में पहुंचकर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। जानकारी अनुसार सिंह ने भोकर विधानसभा क्षेत्र के अर्धापुर, मुदखेड़, आमदुरा मुगट शक्ति केन्द्र बारड जिला पंचायत सर्कल सहित भोकर विधानसभा के शहर एवं ग्रामीण शक्ति केन्द्रों में बैठकें लेने पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विस्तार से चर्चा की। साथ ही कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर में भाजपा सरकार की योजनाओं को हर घर में बताने का आह्वान किया। साथ ही श्री सिंह ने पूर्व सीएम अशोक चौहान से मुलाकात कर चुनाव के संबंध में जानकारी साझा किया।

# डेयरी उत्पाद तैयार कर रहे रौनक इंटरप्राइसेस में छापेमार कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के बाहरी हिस्से ग्राम पनेका में संचालित मेसर्स रौनक इंटरप्राइसेस पर दबिश दी। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पादों के साथ स्किम्ड मिल्क से पनीर, बर्फी सहित अन्य खाद्य सामग्री का निर्माण किया जा रहा था। फर्म में बड़ी मात्रा में पनीर, बर्फी, स्किम्ड मिल्क पावडर, पॉमोलीन ऑइल भी भण्डारित पाया गया।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि विभाग द्वारा फर्म की लगातार निगरानी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान निर्माण किए जा रहे पनीर जिसे स्पांज के नाम से बाजार में विक्रय करने की तैयारी थी। जिसकी मिलावट की आशंका के आधार पर जप्त कर गुणवत्ता जांच हेतु सेंपल लिया गया है। साथ में तैयार किए जा रहे बर्फी एवं संभावित रूप से घटक के रूप में स्किम्ड मिल्क पाऊडर, पामोलीन ऑइल के उपयोग की आशंका के आधार पर अन्य सामग्री के भी नमूने गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया है। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 200 किलो पनीर, 650 किलो स्किम्ड मिल्क पाऊडर, 100 किलो होल मिल्क पाऊडर, 100 किलो बर्फी, 15 टीन पामोलीन ऑइल सहित कुल 3 लाख रूपए से अधिक की सामग्री जप्त कर सीज की गई है। जिसे नियमानुसार कार्रवाई कर फर्म संचालक अनुप कुमार नायक की अभिरक्षा में अभिगृहित किया गया है। निर्माण किए जा रहे सामग्री को संभावित रूप से दीपावली पर खपाने की तैयारी थी, जिसे जप्त कर लिया गया है।

# श्री प्रसाद इलायची दाना अमानक घोषित

**राजनांदगांव।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन के विभाग की टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम राका स्थित एवन स्वीट्स में दबिश दी गई थी। जहां से श्री प्रसाद इलायची दाना को गुणवत्ता परीक्षण हेतु लैब जांच हेतु जप्त किया गया था। उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि श्री प्रसाद इलायची दाना की लैब जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। लैब रिपोर्ट के अनुसार श्री प्रसाद इलायची दाना को एएसएच इनसोलुबल इन डेल्यूट एचसीएल टेस्ट में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के रूल एण्ड रेगुलेशन में निर्धारित मानकों से अधिक पाया गया है। जिस कारण खाद्य सामग्री इलायची दाना अमानक घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान ही इलायची दाना के पैकेट्स पर पैकेजिंग लेबलिंग रेग्युलेशन का उल्लंघन पाया गया था। समस्त दस्तावेजों की प्राप्ति एवं विवेचना के बाद संबधित पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# युवा कांग्रेस अध्यक्ष निष्कासित ब्लॉक अध्यक्ष से की थी मारपीट

■ डोंगरगढ़ में झांकी के दौरान मंच पर हुआ था विवाद

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप गहरवार को विगत दिनों पार्टी के एक ब्लॉक अध्यक्ष के साथ अभद्र व्यवहार करने के मामले में कांग्रेस पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी शेषनारायण ओझा ने संदीप सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें तीन दिन के अंदर लिखित रूप से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया था। इस विषय में उनकी ओर से कोई जानकारी या जवाब नहीं दिया गया। उक्त प्रकरण के चलते संगठन ने उन्हें 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। बताया जा रहा है कि डेढ़ माह पहले एक आयोजन के दौरान संदीप गहरवार ने डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार किया था। यह मामला काफी सुर्खियों में रहा। संगठन के भीतर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग उठ रही थी। इस मामले में अब संगठन ने उसे निष्कासित किया है।

## श्री श्याम भरोसे परिवार का भव्य आयोजन

# खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर चार दिवसीय भव्य महोत्सव

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर चार दिवसीय महोत्सव आगामी 10 नवंबर से 13 नवंबर तक बड़ी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा।

श्री श्याम भरोसे परिवार के राजेश शर्मा , शंकर सिंह कोठारी , अमित खंडेलवाल एवं संतोष बावरिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संस्कारधानी नगरी में खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अनेक वर्षो से भक्तिभाव पूर्वक मनाया जा रहा है। आगामी 12 नवंबर को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर चार दिवसीय आयोजन 10 नवंबर से 13 नवंबर तक संपन्न होंगे। श्री हनुमान श्याम मंदिर में 10 नवंबर को दोपहर 1:15 बजे से श्री श्याम नाम की मेहंदी लगाई जाएगी। रात्रि 08: 01 बजे से सुप्रसिद्ध हनुमंत भक्त गणेश मिश्रा के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जावेगा। 11 नवंबर को शाम 5:15 बजे रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी , जो नगर भ्रमण करते हुए जी ई रोड रायपुर नाका स्थित श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचेगी। इस निशान यात्रा का मुख्य आकर्षण कोलकाता के रसिया ग्रुप चंग धमाल का होगा , जो नगर में पहली बार प्रस्तुत हो रहा है।

श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा आगे बताया गया है कि मुख्य समारोह श्याम प्रभु के जन्मोत्सव 12 नवंबर को भव्य भजन संध्या रात्रि 8:15 बजे से आयोजित है। जिसमें प्रयागराज की सुप्रसिद्ध श्याम दीवानी जूली सिंग अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित करेगी । भजन के दौरान संगीत की प्रस्तुति दुर्ग के सुप्रसिद्ध निर्मल म्यूजिकल ग्रुप की शानदार प्रस्तुति होगी । महोत्सव के चतुर्थ दिवस 13 नवंबर दोपहर 12:15 बजे से श्री श्याम रसोई महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित है।

### एनएफडीपी पर पंजीयन कराना अनिवार्य

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के तहत मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों एवं मत्स्य समितियों को विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय मत्स्य पालन डिजिटल प्लेटफार्म (एनएफडीपी) पर पंजीयन अनिवार्य किया गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि एनएफडीपी का मुख्य उद्देश्य सभी मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों एवं मत्स्य समितियों के लिए कार्य आधारित पहचान का डेटाबेस निर्माण के माध्यम से मत्स्य पालन क्षेत्र को औपचारिक रूप देना है। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के तहत मत्स्य पालन अन्तर्गत संचालित सभी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा।

# दिव्यांग ने मैसेज कर कलेक्टर से लगाई गुहार अगली सुबह घर पहुंच गया राशन कार्ड!

पायनियर संवाददाता ∢ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा को मंगलवार की सुबह जनदर्शन के दौरान छुईखदान विकासखंड के बिरूटोला निवासी दिव्यांग जितेन्द्र नेताम ने मोबाइल पर व्हाट्सएप्प मैसेज भेजा, जिसमें उसने अपनी गंभीर स्थिति का जिक्र करते हुए कहा, ÷मैं बिस्तर से उठ नहीं पाता हूँ, मेरा राशन कार्ड बनवा दो साहब!÷ इस भावुक संदेश को पाकर कलेक्टर वर्मा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए दिव्यांग को तत्काल मदद करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर वर्मा ने मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक और जनपद पंचायत छुईखदान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि कुमार को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द दिव्यांग जितेन्द्र के घर जाकर उसकी वस्तुस्थिति का परीक्षणकर राशन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया पूरी करें। जिस पर अधिकारियों ने तत्काल कार्यालयीन कागजी कार्रवाई पूरी की और अगले ही दिन बुधवार की सुबह प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने निःशक्तजन जितेन्द्र नेताम के घर अपनी आमद दी। वही उन्हें राशन कार्ड की हार्ड कॉपी प्रदान किया गया।

# सुंदरा आयुर्वैदिक कॉलेज प्रबंधन ने इंटर्नस को धमकाया!

**राजनांदगांव।** सुंदरा स्थित आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज में प्रबंधन द्वारा इंटर्नशीप कर रहे दो छात्रों को धमकाने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में शिकायत पर स्पीकर कार्यालय द्वारा संज्ञान लिए जाने की बात भी सामने आई है। प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर की गई है। जिसके बाद अब छात्रों को सर्टिफिकेट दिए जाने की बात कही जा रही है। बता दें कि आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज में अध्यनरत छात्रों का इंटर्नशिप सर्टिफिकेट अब तक नहीं दिया गया है जिसके चलते छात्रों में काफी नाराजगी है। छात्र लगातार प्रबंधन से इंटर्नशिप सर्टिफिकेट की मांग कर रहे हैं। लेकिन उन्हें प्रबंधन के दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ रहा है। हालांकि अब तक इस मामले में कोई पुलिसिया कार्रवाई नहीं की गई है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिजली सखियों को वितरित किए बिजली किट

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने हो रही सार्थक पहल

पायनियर संवाददाता ✓ बगिया/जशपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में बगीचा विकास खंड की स्व-सहायता समूहों की 21 बिजली सखियों को बिजली किट प्रदान किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिलाओं को बेहतर ढंग से काम करने के लिए उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय भी उपस्थित थी। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देकर उनके आय में वृद्धि करने के लिए सार्थक पहल की जा रही है। बिजली सखी योजना पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला प्रशासन और जनपद पंचायत बगीचा के संयुक्त प्रयास से लागू किया जा रहा है। बिजली सखी अंतर्गत महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। बिजली विभाग के पास मीटर रीडर की कमी के कारण उपभोक्ताओं के बिजली मीटर की नियमित रीडिंग नहीं हो पाती है। इससे उपभोक्ताओं को एक साथ अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ता है। जिला प्रशासन द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मीटर रीडिंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें बिजली सखी बनाया गया है। बिजली सखी के द्वारा नियमित रूप से मीटर रीडिंग किया जाएगा। इस पहल से विद्युत उपभोक्ताओं को नियमित बिजली का बिल मिलेगा, जिससे वे कम बिल का भुगतान कर पाएंगे।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से भेलवां के ग्रामीणों को मिली बैंकिंग सुविधा



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कैम्प कार्यालय बगिया से फरसाबहार विकास खंड के जोरण्डाझरिया ग्राम पंचायत अन्तर्गत ग्राम भेलवां में यूको बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 40 स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों को 24 लाख का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा मिलने पर अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन की दृष्टि से यह कदम महत्वपूर्ण है। इससे फरसाबहार और उसके आसपास के ग्रामीणों को बड़ा लाभ मिलेगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में भी सहुलियत होगी। स्थानीय निवासियों को बैंक से जुड़े दैनिक कार्यों के लिए अब और अधिक सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री साय ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में फरसाबहार विकास खंड के जोरण्डाझरिया की 4 स्व सहायता समूह की महिलाओं को 6-6 लाख के मान से 40 महिला सदस्यों को रोजगार करने के लिए 24 लाख का चेक प्रदान कर शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

## इस चुनाव में दक्षिण में नया इतिहास रचेंगे : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अबकी बार हम दक्षिण में नया इतिहास रचेंगे। जनता के आर्शिवाद से यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा चुनाव जीतेंगे। दक्षिण विधानसभा का चुनाव में साय सरकार के 11 माह के कुशासन के खिलाफ जनता मतदान करने को तत्पर है। 11 माह में राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था भाजपा की वायदाखिलाफी, सरकार का कुशासन बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। केई सरकार 11 माह के अल्प समय में ही इतनी ज्यादा अलोकप्रिय साबित हो सकती है। इसका उदाहरण छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार है। जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है, अतः जनमानस भाजपा के खिलाफ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के राज में आम आदमी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है।

## धान खरीदी से पहले ही बलरामपुर जिले में धान तस्कर हुए सक्रिय

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



बलरामपुर रामानुजगंज जिले में धान खरीदी शुरू होने से पहले ही धान तस्कर पूर्ण रूप से सक्रिय हो चुके हैं सरहदी क्षेत्र से लगने वाले सीमाओं में झारखंड एवं उत्तर प्रदेश से छोटी वाहन एवं बड़ी वाहनों से धान लाया जा रहा है क्योंकि उन राज्यों की अपेक्षा छत्तीसगढ़ राज्य में धान खरीदी की कीमत अधिक बताई जा रही है मुनाफाखोर इसी का लाभ लेने के लिए उक्त तस्करी का धंधा खुलेआम कर रहे हैं सरहनी क्षेत्र में लगे हुए बैरियर वालों से इनकी सेटिंग होती है यही वजह है कि धड़ल्ले से कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है।

## बालको ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर किया मल्टी-स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन (आईडीओपी) दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार साहू, विशेष न्यायाधीश जयदीप गर्ग, सिविल जज डिंपल ने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की। हेल्पएज इंडिया के सहयोग से कंपनी ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए कई स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया। मानसिक स्वास्थ्य सत्र में मनोचिकित्सक ने वृद्धावस्था में डिमेंशिया तथा मेंटल हेल्थ से निपटने का तरीका बताया। वृद्धजनों को महत्वपूर्ण तकनीक जानकारी देने के लिए डिजिटल साक्षरता कार्यशाला तथा संतुलित एवं पोषण आहार की जानकारी दी गई। अतिथियों ने समाज में उनके समर्पण और सेवा की सराहना करते हुए महत्वपूर्ण योगदान के लिए दस वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों या युवाओं के बीच पारस्परिक समझ विकसित करना तथा वरिष्ठ समुदाय की शक्ति और अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला गया। शिविर में बुजुर्ग सदस्यों के लिए गतिशीलता और दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इलेक्ट्रोथेरेपी तकनीक का उपयोग करके 33 बुजुर्गों को फिजियोथेरेपी सेवाएँ प्रदान की गईं। इन उपायों से उनकी बीमारियों में कमी एवं स्वास्थ्य लाभ हुआ। कंपनी की द्वि-मासिक मोबाइल फिजियोथेरेपी सेवा समुदाय के बुजुर्ग आबादी को राहत पहुँचा रही है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने स्वास्थ्य अभियान के प्रभाव पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के आसपास के समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाना है और इसके साथ दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और समुदाय के कमजोर वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। आरोग्य परियोजना के मल्टी-स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग लाभान्वित हुए। अपने मोबाइल हेल्थ वैन के तहत कंपनी ने जामबहार और शांति नगर में दो हेल्थ कैंप आयोजित किये। कैंप की मदद से 5 गांव के 360 से अधिक सदस्यों ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। कंपनी के सामुदायिक स्वास्थ्य शिविरों में मधुमेह, रक्तचाप जैसी सेवाओं के साथ दंत, आर्थोपेडिक्स, स्त्री रोग, साइकेट्री, मनोवैज्ञानिक और स्किन केयर विभिन्न विशेषज्ञ मौजूद थे।

आरोग्य परियोजना बालको का व्यापक स्वास्थ्य पहल है जो ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तथा कुपोषण को कम करने के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। परियोजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024 में 45 से अधिक समुदायों के 49,963 लोग लाभान्वित हुए हैं। 'उपचार आपके दरवाजे' थीम पर संचालित चलित स्वास्थ्य इकाई की मदद से जरूरतमंदों को निःशुल्क परामर्श और चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं। वित्तवर्ष 2024 में एमएचवी से लगभग 15600 तथा 8 मल्टी-स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप से 1700 लोग लाभान्वित हुए।


















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403